आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

सीएमओ दफ्तर की नाक तले सालों से फल-फूलता रहा अवैध बाम्बे...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 19 सितंबर, 2025 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 333 www.janexpresslive.com/epaper



असम विदआउट भाजपा वाले वीडियो पर... 12

# चमोली में कुदरत का कहर : नंदानगर में बादल फटा, गांव तबाह, 12 लोग लापता

- 200 से अधिक ग्रामीण सुरक्षित निकाले गए, कई मकान व गौशालाएं मलबे में दबीं

**जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड**

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार रात प्रकृति ने कहर बरपाया। अचानक बादल फटने से भीषण तबाही मच गई। मूसलाधार बारिश और भारी भूस्खलन के चलते तीन गांवों के कई मकान, गौशालाएं और जानें मलबे में दब गईं। अब तक 12 लोगों के लापता होने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रभावित क्षेत्र में डर और मायूसी का माहौल है।





### सबसे ज्यादा नुकसान ग्राम कुंतरी में, 8 लोग लापता

बादल फटने की सबसे अधिक मार ग्राम कुंतरी लगा फाली ने झेली। यहां 8 लोग लापता हैं और 15 से 20 मकान एवं गौशालाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। देर रात करीब तीन बजे तेज बारिश के बीच अचानक मलबा घरों पर आ गिरा, जिससे लोग संभल भी नहीं पाए।

### मलबे से दो महिलाएं और बच्चा जिंदा निकाले गए

रेस्क्यू टीमें – एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी (गौचर 8वीं वाहिनी), डीडीआरएफ व राजस्व विभाग – ने राहत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया है। दो महिलाओं और एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। तीनों को नंदानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है।

### अन्य गांवों में भी तबाही : सरपाणी व धुर्मा में दो-दो लोग लापता

- ग्राम सरपाणी में 2 लोग लापता हैं और 2 भवन ध्वस्त हो चुके हैं। यहां से 100 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।
- ग्राम धुर्मा में मोक्ष नदी उफान पर आ गई, जिससे 10 मकानों को नुकसान हुआ है और 2 लोग लापता हैं।

### पैदल पहुंच रहीं टीमें, बंद सड़कों ने बढ़ाई मुश्किलें

भूस्खलन और मलबे के कारण सड़क मार्ग बाधित है, जिससे रेस्क्यू टीमों को घटनास्थल तक पहुंचने में भारी दिक्कत हो रही है। अधिकतर टीमें अब पैदल ही गांवों तक पहुंच रही हैं।

### मुख्यमंत्री धामी का निर्देश : लापता लोगों की खोज में कोई ढिलाई न हो

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन से स्थिति की जानकारी ली और कहा, राज्य सरकार प्रभावितों के साथ खड़ी है। राहत शिविरों में सभी ज़रूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है। आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन, डीआईजी राजकुमार नेगी और यूएसडीएमए के विशेषज्ञ स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं।

### मौसम विभाग का अलर्ट : अगले 5 दिन संवेदनशील, बारिश से राहत नहीं

मौसम विज्ञान केंद्र ने आज भी उत्तराखंड के कई पर्वतीय जिलों – नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ – में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 23 सितंबर तक हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदलते मिजाज को इस तरह की आपदाओं का कारण बताया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, नदियों व नालों से दूर रहने और आपात स्थिति में 100 या 1077 नंबर पर संपर्क करने की अपील की है।



### यूपी के शाकंभरी देवी मंदिर के पास नदी पर बना अस्थाई लोहे का पुल बहा



मिर्जापुर के सिद्धपीठ शाकंभरी देवी में सैलाब आ गया। श्रद्धालुओं के लिए यहां लोहे का अस्थाई पुल बनाया गया था, जो तेज बहाव में ढह गया। कई जगहों पर पानी के चलते स्कूली बच्चों को वापस घर लौटना पड़ा। श्रद्धालुओं को नदी पार करने की हिदायत दी गई है। विष्णुपुरी डैम से 1.80 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नांदेड शहर और आसपास के निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे पंचवटीनगर के वसारनी से आपदा प्रबंधन सेल और फायर ब्रिगेड ने दो वरिष्ठ नागरिक सहित छह व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला। प्रशासन ने नदी किनारे और निचले इलाकों के नागरिकों से सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आज 18, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अगले दो दिनों तक और असम और मेघालय में 22 सितंबर को भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

### हिमाचल में बारिश बाढ़ से 4596 करोड़ की संपत्ति का नुकसान

हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ से जुड़ी अलग अलग घटनाओं की वजह से सार्वजनिक संपत्ति को अब तक करीब 4596 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसमें सबसे ज़्यादा नुकसान लोक निर्माण विभाग को हुआ है। वहीं, 1500 से अधिक पक्के और 3800 से ज्यादा कच्चे मकान या तो आंशिक रूप से टूट गए या पूरी तरह ढह गए।

### वैष्णो देवी यात्रा फिर शुरू, खराब मौसम के चलते रुकी थी

माता वैष्णो देवी की यात्रा गुरुवार सुबह फिर से शुरू हो गई है, जिसे खराब मौसम के कारण कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले त्रिकुटा पहाड़ियों में भूस्खलन और भारी बारिश के चलते यात्रा 22 दिनों तक रुकी रही थी। यात्रा बुधवार को फिर शुरू हुई थी, लेकिन शाम को मौसम खराब होने के कारण इसे फिर से रोक दिया गया। अब मौसम में सुधार होने के बाद, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने यात्रा को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी।

### तेलंगाना के बालकमपेट में बाइक सवार बाढ़ में डूबा, मौत

हैदराबाद के एसआर नगर पुलिस स्टेशन इलाके में बालकमपेट फुटओवर ब्रिज पर आए बाढ़ के पानी में डूबने से एक 26 साल के बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शरीफुद्दीन अपनी बाइक से बेगमपेट से मुशीराबाद जा रहा था, लेकिन बुधवार रात 10.30 बजे वह ब्रिज पर बाढ़ के पानी में डूब गया।

# यूपी पुलिस को गैंगस्टर का चैलेंज, बदला लेंगे

- दिशा पाटनी के घर फायरिंग में शूटरों के ढेर होने पर बौखलाया

**जन एक्सप्रेस। बरेली**

यूपी के बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटरों के एनकाउंटर के बाद गैंग लीडर रोहित गोदारा ने धमकी दी है। गुरुवार को उसने फेसबुक पर लिखा- हमारे जो दो शूटर्स मारे गए हैं, हम इसका बदला लेंगे। ये एनकाउंटर हमारे जीवन की बहुत बड़ी क्षति है। ये ढेर नहीं, शहीद हुए हैं। हम वो काम कर सकते हैं, जिसकी ये कल्पना भी नहीं कर सकते। इसमें जिसका भी हाथ है, वो चाहे कितना भी पैसे वाला हो या पावर वाला हो, वक्त लग सकता है। माफी नहीं है। रोहित गोदारा की बदला लेने की इस धमकी को यूपी पुलिस को चैलेंज के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, 11 और 12 सितंबर को बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग हुई थी। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने हरियाणा और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर बुधवार शाम को गाजियाबाद में दो शूटरों को एनकाउंटर में मार गिराया। इनकी पहचान हरियाणा निवासी अरुण और रविंद्र के रूप में हुई थी। मारे गए रविंद्र और अरुण दोनों पेशेवर शूटर थे। रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के गैंग के सदस्य थे। इसके अलावा, 11 सितंबर को फायरिंग करने वाले शूटर बागपत निवासी नकुल और विजय अभी फरार हैं।





Rohit Godara
Just now

राम राम सभी भाइयो को मैं रोहित गोदारा भाईयो आज ये जो एनकाउंटर हुआ है! ये हमारे लिये जीवन की बहुत बड़ी छती है! मैं आपको बता दु! ये जो न्यूज़ चैनल वाले जो न्यूज़ चला रहे है! है ना की ढेर हुए है! ये ढेर नहीं शहिद हुए है! इन भाइयो ने धर्म के लिये अपना बलिदान दिया है! अरे कुछ तो शर्म करो! एक मुंह से तुम सनातन सनातन चीलाते हो! और जो सनातन के लिये लड़ाई लड़े! उसको मार दिया जाता है! ये इंसाफ़ नहीं है! ये जितने भी सनातन धर्म का नाम लेकर घूम रहें है! ये सिर्फ अपनी रोटी शेक रहें है! ये एनकाउंटर नहीं सनातन की हार हुई है! धर्म के लिये लड़ने वालो को इस हिंदुस्थान में मार दिया जाता है! अगर तुम इतने सचे हो! तो उठाओ मुद्दा! हमारे शहिद भाइयो को दिलाओ इंसाफ! बाकी मैं पूरे देश को बता देना चाहता हूँ! ये सनातन धर्म की आड़ में एक धंधा चला हुआ है! सभी देशवासी इनसे सावधान रहे! और हम अगर धर्म के लिए लिये लड़ सकते है! तो हमारे शहीद भाइयो के लिये! हम वो काम कर सकते है! जिसकी ये कल्पना भी नहीं कर सकते है! और इसमें जिसका भी हाथ है! वो चाहे

### रोहित गोदारा : राजस्थान पुलिस ने रखा है 1 लाख का इनाम

रोहित गोदारा बीकानेर में लूणकरणसर इलाके के कपूरीसर का रहने वाला है। वह साल 2010 से अपराध की दुनिया में है। उस समय उसकी उम्र महज 19 साल थी। बीकानेर शहर में रहते हुए मोबाइल रिपेयरिंग करता था, लेकिन धीरे- धीरे अपराध की दुनिया में आगे बढ़ता चला गया। राजस्थान में लॉरेंस बिश्नोई के खास गुर्गों में इन दिनों रोहित गोदारा का नाम सबसे ऊपर है। गैंगस्टर रोहित गोदारा के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस के लिए 15 फरवरी को इंटरपोल को लेटर लिखा गया था। साथ ही देश के सभी एयरपोर्ट पर लुक आउट नोटिस जारी है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पर 5 लाख और राजस्थान पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा है। गोदारा के खिलाफ राजस्थान में 32 केस दर्ज है। इनमें हत्या, वसूली जैसे मामले हैं। पुलिस के अनुसार रोहित 13 जून 2022 को दिल्ली से दुबई भाग गया था।उसने पवन कुमार के नाम से एक फर्जी पासपोर्ट बनवाया था। पासपोर्ट बनाने के 2 दिन बाद रोहित दिल्ली से निकला था। दुबई जाने के बाद रोहित को दुबई में खतरा लगा था। इसके बाद अजरबैजान चला गया था। अजरबैजान में उसे पुलिस ने पकड़ा, लेकिन उसके खिलाफ कोई सबूत नहीं होने पर उसे छोड़ दिया था। अजरबैजान पुलिस ने रोहित को दो बार पकड़ा था। वहां से रोहित फिर दुबई चला गया और अभी वहीं है। अपनी पूरी गैंग को चला रहा है।

### हमारे भाई ढेर नहीं, शहीद हुए

भाइयों, आज ये जो एनकाउंटर हुआ है, यह हमारे लिए जीवन की बहुत बड़ी क्षति है। मैं आपको बता दूं, यह जो न्यूज चैनल वाले चला रहे हैं कि ढेर हुए, ये ढेर नहीं शहीद हुए हैं। इन भाइयों ने धर्म के लिए अपना बलिदान दिया है। अरे कुछ तो शर्म करो। एक मुंह से तुम सनातन सनातन चिल्लाते हो और जो सनातन के लिए लड़ाई लड़े, उसे मार दिया जाता है। यह इंसाफ नहीं है।

### सनातन की हार हुई

ये जितने भी सनातन धर्म का नाम लेकर घूम रहे, ये सिर्फ अपनी रोटी सेंक रहे हैं। यह एनकाउंटर नहीं, सनातन की हार हुई है। धर्म के लिए लड़ने वालों को इस हिंदुस्तान में मार दिया जाता है। अगर तुम इतने सच्चे हो तो उठाओ मुद्दा। हमारे शहीद भाइयों को दिलाओ इंसाफ।

### सनातन धर्म की आड़ में धंधा चल रहा

मैं पूरे देश को बता देना चाहता हूं कि यह सनातन धर्म की आड़ में एक धंधा चला हुआ है। सभी देशवासी इनसे सावधान रहें और हम अगर धर्म के लिए लड़ सकते हैं तो हमारे शहीद भाइयों के लिए हम वह काम कर सकते हैं, जिसकी ये कल्पना भी नहीं कर सकते। इसमें जिसका भी हाथ है, वह चाहे कितना भी पैसे वाला हो या पावर वाला हो, वक्त लग सकता है। माफी नहीं है।

### कैसे हुआ बदमाशों का एनकाउंटर

यूपी एसटीएफ के मुताबिक, बुधवार शाम 7.22 बजे गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी एरिया में चेकिंग की जा रही थी। तभी दो लड़के बाइक पर दिखे। वे चेकिंग देखकर भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस जीप पर 4 बुलेट लगी। टीम ने खुद को बचाते हुए बदमाशों पर फायरिंग की। 15 मिनट तक दोनों तरफ से करीब 25 से 30 राउंड फायर हुए। पुलिस की गोली से अरुण और रविंद्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके से ग्लॉक, जिगाना पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। एक सफेद अपाचे भी मिली। माना जा रहा है कि यही वह बाइक है, जिस पर बदमाश बरेली आए और दिशा पाटनी के घर फायरिंग करके लौट गए थे। एसटीएफ के अनुसार, दोनों बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए थे। दिशा पाटनी के घर फायरिंग करते वक्त अरुण सफेद शर्ट और रविंद्र नीली टी-शर्ट पहने था।

### दिशा पाटनी के घर से 2 किमी दूर रुके थे शूटर्स

बरेली एसपी सिटी मानुष पारीक ने गुरुवार सुबह एनकाउंटर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वह मीडियाकर्मियों को उस होटल पर ले गए, जहां शूटर रविंद्र रुका था। इसके पहले इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की फुटेज भी दिखाई। कहा- एक्ट्रेस के घर फायरिंग के बाद बरेली पुलिस ने शहर के 1320 सीसीटीवी की जांच की। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए देखते गए कि बदमाश कहां से कहां जा रहे हैं। फिर कहां रुके हैं। ऐसे में एक बदमाश रविंद्र की सटीक लोकेशन मिल गई। 9 सितंबर को फायरिंग का मुख्य आरोपी रविंद्र बरेली के शिकलापुर में रोडवेज बस स्टैंड के पास प्रीत पैलेस होटल में रुका था। यहां रविंद्र सीढ़ी पर मोबाइल चलाते हुए चढ़ते दिख रहा है। यहां वह दो दिन रहा। 11 सितंबर को यहां से चेकआउट कर गया। फिर 12 सितंबर को उसने फायरिंग की। 9 सितंबर को अरुण शिकलापुर में रेलवे स्टेशन के पास हिंद गेस्ट हाउस में रुका था। यहां से दिशा पाटनी के घर की दूरी करीब 2 किमी है।

### अभी और बदमाश अंजाम तक पहुंचेंगे : दिशा पाटनी के पिता

दो शूटरों के एनकाउंटर के बाद अभिनेत्री के पिता और रिटायर्ड डीएसपी जगदीश सिंह पाटनी ने सीएम योगी से फोन पर बात की। कहा- मैंने सीएम सर को थैंक्यू बोला। गुरुवार दोपहर मीडिया ने सवाल किया- आपका परिवार क्या अभी भी किसी तरह का डर या दहशत महसूस कर रहा है? इस पर जगदीश पाटनी ने कहा- जब यूपी में योगी और डीजीपी सर मेरे साथ हैं। पूरे मामले का नेतृत्व कर रहे हैं, पूरा पुलिस प्रशासन मेरे साथ है तो डर किसी बात का नहीं है। निश्चित तौर पर अभी और बदमाश अंजाम तक पहुंचेंगे। अब कोई भी अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति या तो हमारे प्रदेश में जमींदोज हो चुका है या पलायन कर चुका है। अभिनेत्री के घर पर फायरिंग के बाद 15 सितंबर को सीएम ने जगदीश पाटनी से बात की थी। तब योगी ने जगदीश पाटनी को आश्वासन दिया था कि अपराधी चाहे पाताल में हों, यूपी पुलिस उन्हें खोजकर कार्रवाई करेगी।

# सभी धर्मों का सम्मान करता हूं : सीजेआई

- खजुराहो की खंडित मूर्ति बदलने की याचिका पर कहा था, भगवान से खुद करने को कहो

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

खजुराहो के वामन (जावरी) मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति बदलने को लेकर दी टिप्पणी पर चीफ जस्टिस बीआर गवई ने सफाई दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर को राकेश दलाल की याचिका खारिज कर दी थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा था- जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। बेंच में शामिल जस्टिस के विनोद चंद्रन ने सोशल मीडिया को एंटी-सोशल मीडिया कहा और बताया कि उन्हें भी



ऑनलाइन गलत तरह से दिखाया गया है। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील संजय नूली ने कहा कि सीजेआई के बारे में सोशल मीडिया पर फैलाए गए बयान झूठे हैं।

### सोशल मीडिया पर बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जाता है

गुरुवार को अदालत में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मैं सीजेआई को 10 साल से जानता हूं। वे सभी धर्मस्थलों पर जाते हैं। आजकल सोशल मीडिया पर बातें बढ़ा-चढ़ाकर दिखाई जाती हैं। मेहता ने कहा, न्यूटन का नियम है कि हर क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है, लेकिन अब सोशल मीडिया पर हर क्रिया की जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया हो जाती है। वहीं, सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने भी सहमति जताई और कहा कि सोशल मीडिया की वजह से वकीलों को रोज दिक्कत उठानी पड़ती है।

### सबका कर्तव्य है वाणी पर संयम रखना : वीएचपी नेता

वीएचपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक्स पर लिखा- न्यायालय न्याय का मंदिर है। भारतीय समाज की न्यायालयों पर श्रद्धा और विश्वास है। हम सबका कर्तव्य है कि यह विश्वास न सिर्फ बना रहे वरन और मजबूत हो। हम सब का यह भी कर्तव्य है कि अपनी वाणी में संयम रखें। विशेष तौर पर न्यायालय के अंदर। यह जिम्मेदारी मुकदमा लड़ने वालों की है, वकीलों की है और उतनी ही न्यायाधीशों की भी है।

### टीएमयू में नर्सिंग छात्रा ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, आईसीयू में भर्ती

**जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा ने कॉलेज की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना से कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल छात्रा को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर जानकारी जुटाई। संभल के असमोली थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव की रहने वाली दीक्षा पाल टीएमयू में छात्रा है। इन दिनों उसकी परीक्षाएं चल रही हैं।

### यूपी : ओबीसी वर्ग की बेटियों की शादी में मिलेगी 60 हजार की सरकारी सहायता, 11 लाख युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

योगी सरकार ने 52 प्रतिशत से अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आबादी के उत्थान के लिए मजबूत खाका तैयार किया है। इसी के तहत ओबीसी वर्ग की गरीब कन्याओं के लिए शादी अनुदान राशि 20 हजार से बढ़ाकर 60 हजार किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वर्ष 2024-25 में 3222499 ओबीसी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की गई। वहीं, पिछले आठ वर्षों में कुल 20753457 छात्रों को 13535.33 करोड़ रुपये का लाभ मिला। यह राशि पूर्ववर्ती सरकार के 4197 करोड़ रुपये के व्यय से चार गुना अधिक है, जो योगी सरकार की ओबीसी समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाती है। विभाग का लक्ष्य 2047 तक 7 करोड़ से अधिक ओबीसी छात्रों को 80000 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति देकर शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बराबरी सुनिश्चित करना है। इसी तरह से आठ वर्षों में 1221 करोड़ रुपये खर्च कर 610483 बेटियों की शादी कराई गई, जबकि पूर्ववर्ती सरकार में यह संख्या महज 275311 और व्यय 344 करोड़ रुपये था। अब अनुदान राशि को 20000 रुपये से बढ़ाकर 60000 रुपये करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

# हम सिर्फ़ डीएम से बात करेंगे : चित्रकूट नवोदय में छात्रों की बगावत, हॉस्टल में ताला जड़कर किया हंगामा

- खाने में कीड़े, पानी में जहर, टूटी टॉयलेट, गंदगी और बदहाली से तंग छात्र बोले, अब नहीं सहेंगे अन्याय, स्वास्थ्य हो गया बर्बाद

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

चित्रकूट के मानिकपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब छात्र अचानक संगठित होकर हॉस्टल में अंदर से ताला बंद कर विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। सुबह से नाश्ता नहीं किया, क्लास और परीक्षा का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया और प्रशासन से बातचीत तक करने से मना कर दिया। अब कोई समझाने नहीं आए डीएम साहब खुद आएं, हम उन्हीं से बात करेंगे! यह जिद छात्रों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों से दोहराई।




### सुबह से बंद हॉस्टल, परीक्षा ठप, गुस्से में उबलते छात्र

घटना की खबर फैलते ही विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। बच्चों ने एकजुटता दिखाते हुए क्लास में न जाने का ऐलान किया। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ़ ने समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र डटे रहे पिछले कई महीनों से हालात खराब हैं। अब कोई बहाना नहीं चलेगा। डीएम से सीधे बात करेंगे!

### कीड़े वाला खाना, सड़ा पानी छात्रों की चीखती हकीकत

छात्रों ने बताया कि हॉस्टल में खाना बिना स्टॉक के, अधपका और गंदगी से भरा परोसा जा रहा है। हरी सब्ज़ी के नाम पर कुछ नहीं होता। खाने में अक्सर कीड़े मिलते हैं। पानी इतना गंदा है कि पीने लायक नहीं। बीपी मैडम, प्रिंसिपल सबको बताया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ – उल्टा डांट दिया गया।



### बीमारियों की भरमार

डायरिया, पेट दर्द, स्किन एलर्जी – हॉस्टल अब बीमारियों की फैक्ट्री बन चुका है। विद्यालय प्रशासन ने स्थिति बिगड़ती देख जिला प्रशासन को सूचना दी। थाना अध्यक्ष मानिकपुर, एसडीएम मऊ, सीईओ मऊ, और एडीएम चित्रकूट मौके पर पहुंचे। छात्रों को मनाने की कोशिश की गई, लेकिन उनका जवाब साफ़ था। हमने बहुत सह लिया। अब सिर्फ़ डीएम ही हमारी सुनवाई करें। बाद में एडीएम के आग्रह पर कुछ छात्र बाहर आए और लिखित में शिकायतें सौंपीं।

### छात्रों की प्रमुख मांगें

- पोषणयुक्त और गुणवत्तापूर्ण भोजन की गारंटी
- स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था
- मरम्मतशुदा व साफ़ बाथरूम/शौचालय
- हॉस्टल-किचन की रोजाना सफ़ाई और निरीक्षण
- शिकायतों के लिए पारदर्शी और कार्यशील तंत्र
- डांट-फटकार या मानसिक दवाब के नाम पर दमन नहीं

स्वच्छ भारत सिर्फ बोर्ड पर है! छात्रों ने दिखाई असली तस्वीर छात्रों ने बताया कि बाथरूम और टॉयलेट की टाइल्स उखड़ी हुई हैं।नल टपकते रहते हैं।बदबू इतनी है कि रहना मुश्किल हो जाता है। हॉस्टल के कमरे भी गंदगी से अटे पड़े हैं। शिकायत करो तो लीपापोती होती है। कोई स्थायी समाधान नहीं होता।

### डीएम का एक्शन : स्टोर कीपर गिरफ्तार, जांच समिति गठित

छात्रों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी चित्रकूट ने तुरंत ऐक्शन लिया एडीएम (वित्त एवं राजस्व) उमेश चंद्र निगम, एसडीएम मऊ,और एसडीएम (न्यायिक) मानिकपुर को तत्काल विद्यालय भेजा गया। प्रारंभिक जांच में स्टोर कीपर देवेश उत्तम दोषी पाए गए, जिन्हें मौके से धारा 151 में गिरफ्तार कर तत्काल चालान कर दिया गया।

### डीएम ने दो सदस्यीय जांच समिति गठित की है

एडीएम (नमामि गंगे) स्वप्निल यादव एसडीएम (न्यायिक) पूजा गुप्ता इन्हें 48 घंटे में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।अब सवाल ये है – क्या छात्रों को मिलेगा इंसाफ़? इस पूरे घटनाक्रम ने चित्रकूट के शिक्षा तंत्र को कठघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल उठ रहे हैंक्या छात्रों की सच्ची पीड़ा को उचित मंच मिलेगा?क्या विद्यालय प्रशासन पर कार्रवाई होगी?और क्या वो सुविधाएं मिलेंगी, जो बच्चों का बुनियादी हक़ हैं?

### 'छात्रों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं'

घटना की जानकारी मिलते ही विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तेज प्रताप चतुर्वेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दो टूक कहा अगर बच्चों को अच्छा भोजन तक नहीं मिल पा रहा, तो ये व्यवस्था पर बदनुमा दाग है। यदि सुधार नहीं हुआ तो कल डीएम को ज्ञापन देंगे और उग्र आंदोलन होगा।

# केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने के साथ उठाईं विभिन्न मांगें

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



आगामी 22 सितंबर से शुरू होने वाले नवदुर्गा महोत्सव की तैयारियों को लेकर जहां केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने कमर कस ली है,वहीं समिति के लोगों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सभी व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करने की मांग बुलंद की है। पूजा महोत्सव समिति ने नवदुर्गा महोत्सव के दौरान सफाई व सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने और मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने समेत विभिन्न मांगों को प्रमुख से उठाया है।

गुरुवार को केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अमित सेठ भोलू की अगुवाई में समिति के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा और नवदुर्गा महोत्सव से लेकर विसर्जन तक की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग उठाई।

ज्ञापन में समिति के लोगों ने 22 सितंबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान शहर के सभी प्रमुख देवी मंदिरों व दुर्गा पंडालों में सफाई व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने, मंदिरों व पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, प्रमुख चौराहों, मंदिरों व पंडालों में महिला पुलिस की तैनाती करने, शहर के विभिन्न मार्गां पर लटकते विद्युत तारों को दुरुस्त कराने के साथ शहरी क्षेत्र को विद्युत कटौती से मुक्त रखने, सुबह-शाम नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने, अवारा जानवरों, के साथ भारी वाहनों का शहर के अंदर प्रवेश वर्जित करने, विसर्जनजुलूस के निर्धारित मार्ग को गड्ढा मुक्त व अतिक्रमण मुक्त करने, रोड लाइट ठीक कराने, देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाथठेला व नाव की व्यवस्था कराने,जुलूस के मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगवाने, बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए दो हाइड्रा मशीनों की व्यवस्था करने, विसर्जन घाट पर सुरक्षा की दृष्टि से जल पुलिस, महिला पुलिस, स्टीमर आदि का इंतजाम करने, नवदुर्गा पर्व के दौरान मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखने, प्रागी तालाब व अलीगंज रामलीला मैदान की साफ सफाई व सुरक्षा की व्यवस्था करने समेत विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया है।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख संरक्षक राजकुमार शिवहरे पूर्व विधायक समिति के महामंत्री भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, विहिप जिलाध्यक्ष प्रकाशचंद्र त्रिपाठी, बजरंग दल से प्रभाकर सिंह चंदेल, उत्तम सक्सेना, बीके सिंह बड़े भइया, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यप्रकाश सर्राफ, सुरेश कान्हा, समाजसेवी सुनील सक्सेना, रजत कुमार रावत, गुलाबचंद्र, नईम नेता, लव सिन्हा, अशोक गुप्ता, चंद्रमोहन बेदी,संतू गुप्ता, अभिषेक खंचू समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# छेछरिहा बुजुर्ग में स्मृतिशेष सूर्यांश सिंह की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम छेछरिहा बुजुर्ग में इतिहासकार, शिक्षक डॉ संग्राम सिंह के पुत्र स्मृतिशेष सूर्यांश सिंह के जन्मदिवस की स्मृति में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में छेछरिहा बुजुर्ग, छेछरिहा खुर्द, बालापुर, आनंदपुर, अमरपुर, भाभा, ब्यूर आदि गांवों के 265 मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपना पंजीकरण कराया और चिकित्सकों से दवाएं व परामर्श लिया। अधिकतर चिकित्सक प्रयागराज के विभिन्न अस्पतालों से आये थे।

उपनिबंधक राजेश कुमार ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन एक पुनीत व पावन कार्य है। मानव का स्वास्थ्य व शिक्षा से अटूट सम्बन्ध है। स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक रहना चाहिए। उपजिलाधिकारी सीबी सिंह ने कहा कि वहं स्वयं कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से जूझे है और डटकर मुकाबला करने बाद आज स्वस्थ होकर सभी के बीच हैं। उन्होने कहा कि तम्बाकू, धूम्रपान व नशे से बचने से इस पुनीत अवसर पर संकल्प लेना चाहिए। मिथलेश कुमार खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिए। हर बच्चे का विद्यालय में दाखिला होना चाहिए। बच्चे ही भावी पीढ़ी के संवाहक हैं। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सचमुच मानव सेवा का हिस्सा है। डॉ बद्री विशाल ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। सूर्यांश सिंह की स्मृति में आयोजित नि: शुल्क शिविर में लोगों की मदद से आत्मसंतुष्टि का भाव जागृत होता है। डॉ कमल सिंह ने प्रत्येक वर्ष ऐसा शिविर आयोजित करने की बात कही। धीरेन्द्र सिंह ने हर गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने पर बल दिया। कार्यक्रम में जन्मदिन की स्मृति में बच्चे और बच्चियों को कापी, पेन और पेंसिल वितरित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन इतिहासकार, शिक्षक व यूटा के जिलाध्यक्ष डॉ संग्राम सिंह ने किया।

इस मौके पर डॉ बद्री विशाल सिंह, डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ कमल सिंह, डॉ अमितेश सिंह, डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ मोहसिन, सुधीर सिंह, धीरेन्द्र सिंह, मोहित पटेल, संजय पटेल, हरीओम, जितेंन्द्र सिंह, अवनीश कुमार, दिनेश कुमार आर्टिस्ट, प्रद्युम्न कुमार, चुनकावन आदि मौजूद रहे।

# बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए खबर लहरिया करेगी मंथन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी में गुरुवार को खबर लहरिया ने मीडिया की भूमिका को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान संस्थान की सीईओ कविता बुंदेलखंडी ने जानकारी दी कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया से लेकर प्रमुख न्यूज संस्थानों में स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, जेंडर से जुड़ी अफवाहें, डर, कलंक और पक्षपात जैसे अनेकों मुद्दों को सामने लाने और सामूहिक हल तलाशने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के आम जनमानस के साथ अफवाह फैले सोशल में, सच निकले लोकल में जैसे मुख्य शीर्षक पर विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की जाएगी। साथ ही अहम मुद्दों को समाज में सामने लाने के लिए सुझाव भी लिए जाएंगे।

संस्थान की सहयोगी गार्गी एवं सुनीता प्रजापति ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में खबरों को जनता के सामने कैसे प्रस्तुत किया जाए, इसमें बड़े स्तर पर काम करने की जरूरत है। मुख्य रूप से ग्रामीण भारत के महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रित हैं। उन्होंने बताया कि खबर लहरिया एक नारीवादी समाचार नेटवर्क है, जो दलित और अन्य पिछड़ी जातियों की महिलाओं द्वारा संचालित है और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हाइपर-लोकल पत्रकारिता प्रदान करता है। संस्थान की एडमिन मैनेजर शिवानी ने बताया कि खबर लहरिया की खासियत यह है कि वे स्थानीय भाषाओं में खबरें प्रकाशित करते हैं, जो राष्ट्रीय मीडिया में आमतौर पर चर्चा में नहीं होतीं। खबर लहरिया ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण के लिए बनाई गई सरकारी योजनाओं और उनके दावों और हकीकत के बीच अंतर को उजागर करती है। खबर लहरिया अपनी नारीवादी पत्रकारिता के माध्यम से ग्रामीण भारत में बदलाव ला रहा है और अपनी प्रेस वार्ताओं और रिपोर्टिंग के माध्यम से समुदाय के मुद्दों को उजागर करता है। ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित, सक्षम बनाने एवं डिजिटल दुनियावी जोड़ने के मकसद से खबर लहरिया ने चंबल मीडिया के नाम से अपनी एक डिजिटल प्लेटफार्म कंपनी बनाई है। जिसमें ग्रामीण और शहरी मीडिया कार्यकर्ता शामिल हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान नाजनी रिजवी, नीता, मीरा देवी, कोमल, अदिति, सुमन, सुनीता आदि ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।

# भगवत प्रसाद को हरा 'हिरा मॉडल' ने जीता फाइनल मुकाबला




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 16सितम्बर को **स्पोर्ट्स फॉर स्कूल** कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमानबाहु उच्चतर माध्यमिक विध्यालय कुल्कुम्हारी में हिरा मॉडल स्कूल तथा भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल के मध्य (अंडर-14) कबड्डी मैच का फाइनल खेला गया।जिसमे हिरा मॉडल स्कूल ने भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल को 16/08 से पराजित किया। उक्त मैच में मैच रेफ़री रावेन्द्र और ललित रहे। पूरे कबड्डी मैच में बड़ा रोमांचक रहा। प्रत्येक अंक पर तालियों की गडगडाहट रही। उक्त कार्यक्रम में जिला क्रीडा सचिव सुरेश कुमार, आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षक रमेश चन्द्र, खानकाह इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षक व पूर्व हॉकी कोच शाहिद वाली खान व हिरा मॉडल स्कूल/हिरा इस्लामिया इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान कैम्प का हुआ आयोजन




**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर जिला अस्पताल में बुंदेलखंड रक्तदान समिति की तरफ से रक्तदान का आयोजन किया गया।

जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही समाज सेवा की एक बेहतरीन मिसाल पेश की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अपने विचारों से महिलाओं को ताकतवर बनाने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और उनके इस्तेमाल को बढ़ावा देने का पैगाम दिया। इस मौके पर खासतौर से अरुण पाठक सदस्य विधान परिषद, जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, सीएमओ गीतम सिंह सहित अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

## अजय मिश्रा बने उ.प्र. पॉवर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी संघ के जिला प्रभारी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उ.प्र. पॉवर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने कर्वी के पुरानी बाजार निवासी अजय कुमार मिश्रा को संघ का चित्रकूट जिला प्रभारी मनोनीत किया है। प्रांतीय संगठन मंत्री रणबहादुर सिंह यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन निविदा/संविदा संघ दक्षिणांचल आगरा की संस्तुति के बाद अजय कुमार मिश्रा को चित्रकूटधाम जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं की आवाज उठाने व संघ का विस्तार करते हुए मजबूती प्रदान करने की अपेक्षा की गई है। मनोनयन पर संघ के सदस्यों ने प्रसन्नता का इजहार करते हुए जनपद आगमन पर माल्यार्पण कर नवनियुक्त जिला प्रभारी का स्वागत किया।

## संस्कृत भाषा शिक्षण शिविर का किया गया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित गृहे-गृहे संस्कृत योजना के अंतर्गत ब्लाक संसाधन केन्द्र पहाड़ी के प्राथमिक विद्यालय छेछरिहा खुर्द में गुरुवार को 12 दिवसीय संस्कृत भाषा शिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। यह शिक्षण शिविर आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। शिविर का संचालन करते हुए प्रशिक्षिका सोनू देवी ने कहा कि योजना का उद्देश्य समाज में संस्कृत भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि संस्कृत आम जनमानस बोलचाल की भाषा है। इस शिविर में प्रशिक्षण लेने के बाद छात्रों में संस्कृत भाषा के प्रति उत्साह बढ़ेगा। बच्चे खेल-खेल के माध्यम से संस्कृत सीखेंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संस्कृत भाषा से संस्कृति की रक्षा संभव है। अतः संस्कृत भाषा जन सामान्य की भाषा होनी चाहिए। इस मौके पर सहायक अध्यापक आशीष सिंह, संदीप मिश्रा, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी द्वारा दिनांक 15/16सितम्बर की रात्रि को बुजुर्ग महिला की गई थी हत्या

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा बुजुर्ग महिला की डंडे से मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम सिंधनकला में दिनांक 15/16सितम्बर की रात्रि को एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई थी जिसके सम्बन्ध में मृतका के पुत्र तुलसीराम की तहरीर पर गांव के ही संजय कुशवाहा के विरुद्ध थाना पैलानी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 18 सितम्बर को थाना पैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त को ग्राम सिंधनकला से गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना के समय उसके पहने हुए खून से सने कपड़े बरामद हुए है। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त डंडे को पहले ही बरामद किया जा चुका है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसका मृतका के घर की ही एक लड़की से उसका प्रेम सम्बन्ध था जिसकी जानकारी मृतका को होने पर लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इसी कारण रंजिश में महिला की हत्या कर दी थी। **बरामदगी**-अभियुक्त के खून से सने कपड़े (घटना के समय पहने हुए) घटना में प्रयुक्त डंडा।

**गिरफ्तार अभियुक्त**-संजय कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी सिन्धनकला थाना पैलानी

**गिरफ्तार करने वाली टीम**-राजेश कुमार वर्मा प्र0नि0 थाना पैलानी मय टीम।

# कत्ल की कोशिश के दो गुनाहगारों को दस-दस साल की सजा के साथ ही हुआ ग्यारह हज़ार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जरिया के बौखर गाँव में तीन लोगों ने शराब के नशे में गाली गलौज करने के साथ ही अवैध असलहों से फायर कर गाँव के ही जय सिंह को उस वख्त गोली मारकर जख्मी कर दिया था।, जब वो करीब 8.30 बजे किराने की दुकान से सामान लेकर अपने घर वापस जा रहा था, तभी अपने घर के दरवाजे पर शराब के नशे में धुत बैठे राजेन्द्र सिंह पुत्र लच्छी,वीरेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह सहित लच्छी प्रसाद ने उसको गाली देना शुरू कर दिया था।

जबकि मना करने पर तीनों अभियुक्तों ने अवैध असलहों से फायर कर दिया था, जो चाचा जयसिंह के हाथ में लगा और वो जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया था, जिसे परिवार वालों ने स्वास्थ्य केन्द्र राठ में एडमिट करवाया था। जबकि घटना के बाद जख्मी जयसिंह के भतीजे दिलीप कुमार की तहरीर पर जरिया पुलिस ने 13 मई 2011 को राजेन्द्र सिंह पुत्र लच्छी, वीरेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह सहित लच्छी प्रसाद के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या-611/2011 धारा-307, 34, 504 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत डकैती अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त राजेन्द्र सिंह सहित वीरेन्द्र कुमार को गुनाहगार मानते हुये दस-दस साल की सजा के साथ ही पचपन-पचपन सौ रुपये का जुर्माना सुनाया गया है, जबकि मामले के तीसरे अभियुक्त लच्छी प्रसाद की अदालत में चली करीब चौदह साल की लम्बी सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी।

मामले की जांच एस आई वीरेन्द्र तिवारी ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि कत्ल की कोशिश के इस मामले में अदालत में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन की तरफ से एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला की दमदार पैरवी के बाद कत्ल की कोशिश के दोनों गुनाहगारों को दस--दस साल की सजा के साथ ही पचपन-पचपन सौ रुपये का जुर्माना मुमकिन हुआ।

# चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में सफाई मित्रों को बांटे गए मास्क और ग्लब्स




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों को निःशुल्क मास्क और ग्लब्स वितरित किए गए।

शिविर में चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि बीती 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की गई है। यह आगामी दो अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। अभियान के पहले दिन बीते बुधवार को चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को लेकर पहले ही स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी लोगों को अपने घरों और मोहल्ले में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

साथ ही स्वच्छ शौचालय एवं शौच के बाद सही तरीके से हाथ धोने की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बहुत सी बीमारियां ऐसी हैं, जो गंदगी के कारण लोगों को चपेट में ले लेती है। ऐसे में सभी लोगों को जीवन में स्वच्छता का पालन करना चाहिए। इस दौरान डॉ लवली ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों को मास्क और ग्लब्स भी वितरित किए गए।

## पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जरिया पुलिस ने गोहांड कस्बा निवासी 55 वर्षीय अभियुक्त महेश कुमार पुत्र भागीरथ राजपूत को 315 बोर के अवैध असलहे के साथ ही एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 186/25 धारा 3/25 शस्त्र के अधिनियम के तहत दर्ज करने के साथ ही अदालत में पेश किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई बीरेन्द्र प्रसाद, कांस्टेबल आशीष रजक सहित कांस्टेबल निर्भान सिंह शामिल रहे।

# प्रतियोगिताओं में बीबीवीएम के छात्रों ने लहराया परचम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कानपुर प्रांत विद्या भारती द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर बांदा में आयोजित गणित, विज्ञान एवं सांस्कृतिक मेला में जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आगामी प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय व जनपद का नाम रोशन किया है। कानपुर प्रांत विद्या भारती द्वारा संरस्वती विद्या मंदिर बांदा में आयोजित प्रतियोगिताओं में जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज के छात्र मयंक पांडेय व अनुज सिंह ने विज्ञान प्रदर्शन में और छात्र अनिकेत सिंह ने गणित प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार अंकित सिंह विज्ञान प्रदर्शन में, चंद्रकांत पांडेय विज्ञान पत्र वाचन में, आर्यन दीक्षित गणित प्रयोग में, अनुज पांडेय गणित पत्र वाचन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा कृष्ण कुमार गणित प्रयोग, दुर्विजय, अनुपम त्रिपाठी, शोभित सिंह गणित प्रश्न मंच में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में चयनित छात्रों की आगामी प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर को फतेहपुर में सम्पन्न होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय, विज्ञान प्रमुख आचार्य धीरेंद्र बाजपेई, गणित आचार्य सुशील ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सभी चयनित छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष कमलकांत उपाध्याय, प्रबंधक श्याम सुंदर मिश्रा, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि, मीडिया प्रमुख विश्वास पांडेय आदि मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन ने सीएम को संबोधित ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा

- पुलिस अधीक्षक पलास बंसल ने मदद करने का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

फोटोग्राफर एसोसिएशन के मंडल प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को ड्रोन कैमरों के उपयोग पर लगे प्रतिबंध से राहत प्रदान करने के संबंध में निवेदन किया है मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें निम्नलिखित तथ्यों का समावेश किया गया है। कि हम उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन की ज़िला इकाई हैं। हमारा मुख्य कार्य विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों में फोटोग्राफी करना है।वर्तमान में,ड्रोन कैमरा आधुनिक फोटोग्राफी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

हाल ही में ड्रोन के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध से हमारे व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।इस प्रतिबंध के कारण हजारों फोटोग्राफरों की आजीविका प्रभावित हुई है और ग्राहकों की भी मांग पूरी नहीं हो पा रही है।अनुरोध है कि विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन का उपयोग करने की



अनुमति दी जाए। ड्रोन के संचालन के लिए सरकार की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुमति की प्रक्रिया तय की जाए।इस प्रतिबंध से प्रभावित फोटोग्राफरों को आजीविका के संकट से राहत प्रदान की जाए।आपकी इस पहल से हजारों फोटोग्राफर परिवारों को मदद मिलेगी और आधुनिक फोटोग्राफी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रह सकेंगी। फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला इकाई से सुनील सक्सेना मंडल प्रभारी/जिला अध्यक्ष, राजेश निषाद महामंत्री, राजेश गुप्ता उपाध्यक्ष, राधेश्याम साहू कोषाध्यक्ष, धीरेंद्र कुमार गुप्ता मीडिया प्रभारी, अमृतलाल गुप्त, मोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता, मयंक तिवारी, रहमान खान सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।



### अभी से हवा में बढ़ने लगा 'जहर'...

पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि सर्दियां आते ही राजधानी दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण और धुंध से घिर जाता है। वायु प्रदूषण राजनीति के विषय से इतर सेहत के लिए गंभीर चिंता का कारण रहा है जिससे हर साल लोगों को दो-चार होना पड़ता है... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएमओ दफ़्तर की नाक तले सालों से फल-फूलता रहा अवैध बाम्बे हॉस्पिटल

■ शिकायत पर खुला राज - दो महीने पहले ही किया पंजीकरण के लिए आवेदन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




राजधानी लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला खुलासा हुआ है। दुबग्गा, कानपुर रोड स्थित बाम्बे हॉस्पिटल वर्षों से बिना पंजीकरण के संचालित होता रहा और सीएमओ कार्यालय की नाक तले यह खेल बेरोक-टोक चलता रहा। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल ने पंजीकरण के लिए आवेदन महज़ दो महीने पहले ही किया है।

### शिकायत ने खोली पोल

आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40015725081377 पर दर्ज शिकायत के बाद मामला खुलकर सामने आया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि बाम्बे हॉस्पिटल क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट की धज्जियां उड़ाते हुए बिना पंजीकरण इलाज कर रहा है। दबाव बढ़ा तो सीएमओ कार्यालय हरकत में आया और अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी को जांच सौंपी गई।

### अब सवाल उठता है की

- इतने सालों तक बाम्बे हॉस्पिटल किसके संरक्षण में चल रहा था?
- क्या सीएमओ कार्यालय की निगाहें जानबूझकर बंद थीं?
- या फिर मिलीभगत से यह 'अवैध कारोबार' परवान चढ़ता रहा?

### जिंदगी से खिलवाड़

स्वास्थ्य विशेषज्ञ साफ कहते हैं कि बिना पंजीकरण चलने वाले अस्पताल सीधे-सीधे मरीजों की जान से खिलवाड़ करते हैं। न नियमों का पालन, न चिकित्सकीय मानकों की गारंटी—ऐसे अस्पताल महज़ मौत के फंदे साबित हो सकते हैं। सवाल यह है कि स्वास्थ्य महकमा आंख मूंदे बैठा रहा, तो फिर जिम्मेदारी किसकी है?

### विभाग की साख पर सवाल

यह सिर्फ एक अस्पताल का मामला नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य प्रशासन की साख का प्रश्न है। राजधानी जैसे बड़े शहर में अगर वर्षों तक बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल चलता रहे, तो छोटे कस्बों और गांवों में हालात का अंदाजा खुद-ब-खुद लगाया जा सकता है।

### कार्रवाई होगी या फिर दब जाएगा मामला?

सीएमओ कार्यालय का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जनता के मन में सवाल है—क्या सचमुच कार्रवाई होगी या फाइलों में धूल झाड़कर इस मामले को भी रफा-दफा कर दिया जाएगा?

# विधायक ने बीकेटी ब्लॉक सभागार में जल जीवन मिशन के तहत बैठक में हुए शामिल

■ विधायक बोले, सभी शिकायतों का दो महीने के अंदर किया जाएं निस्तारण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने की। बता दें कि बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने गुरुवार को ब्लॉक सभागार बख्शी का तालाब में ÷जल जीवन मिशन÷के अंतरआयोजित बैठक की अध्यक्षता की। विधायक ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना ÷हर घर जल÷ की समीक्षा करना था, जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव व शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें मेरे द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है की दो महीने के अंदर इन शिकायतों का निस्तारण कर पुनः बैठक के माध्यम से सूचित किया जाए। वहीं इस मौके पर खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे, जल जीवन मिशन के अधिशासी अभियंता अरविन्द कुमार त्रिपाठी, सहायक अभियंता सुरेश प्रताप सिंह,अवर अभियंता मो0 ताबिश, प्रोजेक्ट मैनेजर हरीकृष्णा,बीकेटी प्रधान संघ अध्यक्ष आदर्श सिंह लवकुश,अमित गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि इंदारा, राहुल कृष्ण प्रधान प्रतिनिधि पलिया,सुनीत सिंह प्रधान प्रतिनिधि उसरना,आशित शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि अलदमपुर,संतोष रावत प्रधान पहाड़पुर, सचिन कुमार प्रधान प्रतिनिधि गुलालपुर, मोती सिंह प्रधान प्रतिनिधि भरीगहना,अनुज सिंह प्रधान दिलवासी, दीपक लोधी प्रधान भड़सर, योगेश शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि नगर चौगवा, अशोक गिरी जी प्रधान सोनवा,आजाद अंसारी प्रधान अटेसुवा, प्रधान विष्णु , गोविंद गुप्ता प्रधान रैथा, राम किशोर प्रधान कौड़ियामऊ, राकेश प्रधान मझेरिया, आशीष पाल प्रधान मण्डौली, कल्लू प्रधान बाराखेमपुर, रंजीत प्रधान गढ़ी, सूबेदार निषाद प्रधान दुग्गौर, देशराज प्रधान पश्चिम गांव, शंकरलाल हनुमंतपुर, लालमनी करौंदी, आशीष त्रिवेदी अंशु पूर्व प्रधान, रोहित सिंह ,रामू पाल अन्य मौजूद रहें।

# रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ बीकेटी में लीवर की बीमारी का हुआ सफल ऑपरेशन



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड पर स्थित रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय साढामऊ अस्पताल में लिवर की बीमारी का सफल ऑपरेशन किया गया। रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय नीत गुणवत्तापूर्ण एवं सफल चिकित्सकीय कार्यों की उपलब्धि प्राप्त कर रहा है,जहाँ विगत कुछ माह में कई बड़े शल्य क्रिया सफलतापूर्वक किये गए, उसी क्रम में पुनः एक जटिल शल्यक्रिया की गई। लक्ष्मी ,उम्र लगभग 35 वर्ष ,निवासी बाबरपुर,सन्दना,सीतापुर कुछ दिवस पूर्व पेट दर्द और मालिश की शिकायत लेकर उपचार हेतु चिकित्सालय में आई। वहीं सर्जन डॉ अजीत सिंह जांचोपरांत पाया गया कि उक्त मरीज़ के लिवर में तीन बड़ी बड़ी हाइडेटिड सिस्ट है। सर्जन डॉ अजीत सिंह हाइडैटिड सिस्ट या डॉग टेपवार्म इकनोकोकस ग्रैनुलोसस के कारण होता है। पालतू जानवरों से इंसानों में फैलता है।दूषित भोजन पानी और हाथों की खराब स्वच्छता के माध्यम से परजीवी के अंडे निगलने से होता हैं। भारत में प्रति 100,000 जनसंख्या पर 1-200 मेंहो सकता है, शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है, लेकिन सबसे आम लिवर (60 से 70त्न) है, उसके बाद फेफड़े (20 से 30त्न)में होता है द्य रोगी पेट दर्द और शरीर में गांठ होता है, सिस्ट का आकार छोटे सिस्ट से लेकर बड़े आकार तक हो सकता है। सिस्ट शरीर में फट सकता है जो जीवन के लिए घातक हो सकता है और एनाफिलेक्टिक शॉक का कारण बन सकता है। जिसके लिए शल्यक्रिया की नितांत आवश्यकता थी एवं उसकी सलाह मरीज़ और उनके घरवालों की दी गई ,उनके द्वारा किसी अन्य उच्च चिकित्सा संस्थान में जाने में असमर्थता व्यक्त करने पर रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत कुशल शल्यक (सर्जन) डॉ अजीत सिंह ने खुद शल्यक्रिया करने की हामी भरी एवं तत्काल चिकित्सालय में कार्यरत निश्चेतकों (एनेस्थेटिस्ट)डॉ यू एस लाल एवं डॉ सुमित कुमार महाराज ने जांच किया ,निश्चेतकों की सहमति से उन्होंने उक्त मरीज़ की जटिल शल्यक्रिया को सम्पादित करने का निर्णय लिया।उक्त जटिल शल्यक्रिया किसी भी जिला अस्पताल में कारित होना एक गौरव की बात है एवं प्रदेश सरकार की ग़रीब एवं समाज के आख़िरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुँचाने की ओर एक सार्थक कदम है।उक्त मरीज़ शल्यक्रिया पश्चात पूर्णतः स्वस्थ है।रामसागर मिश्रा संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ वी के शर्मा ने बताया कि चिकित्सालय में कार्यरत नौजवान सर्जन एवं एनेस्थेटिस्टों ने उक्त जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक सम्पादित कर अतिउत्तम कार्य किया है एवं भविष्य में भी जनहित में ऐसे कार्य किया जाते रहेंगे जिससे आम जनमानस को शासन की मंशानुरूप स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो, सर्जन डॉ अजीत सिंह ने बताया कि यह एक जटिल शल्यक्रिया थी जिसे उक्त मरीज के स्वास्थ्यलाभ हेतु पूरी टीम के सहयोग से सम्पादित किया खासकर निश्चेतकों डॉ उमाशंकर लाल एवं डॉ सुमित कुमार महाराज के कुशल निश्चेतना कार्य की सराहना की ,कि उनके सक्रिय सहयोग के बिना यह सम्पादित कर पाना संभव नहीं हो पाता।

# एक्सीडेंट में युवक की मौत के बाद परिजनों ग्रामीणो ने एन एच हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन, दो घंटे लगा रहा जाम

■ तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुची, बीकेटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर परिजनों को करवाया शांत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बीकेटी थाना क्षेत्र के लखनऊ सीतापुर हाईवे बीकेटी नन्दना कट के पास बीते बुधवार को तेज रफ्तार से और लापरवाही से लखनऊ की तरफ से गाडी संख्या यूपी 32 एच एफ 9759 आकर अचानक बिना इंडीकेएटर दिए गाडी को मोड दिया और सामने से मोटर साईकिल से आ रहे ललित पुत्र स्व0 विनोद को आकर टक्कर मार दिया। जिससे कि युवक की अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई। सुबह जब मृतक ललित का शव घर पहुंचा तो परिजनों व ग्रामीणों ने उग्र होकर लखनऊ सीतापुर हाईवे रोड जामकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बीकेटी पुलिस के साथ सैरपुर,इटौंजा, महिगवां पुलिस पहुंच कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था कायम की। जाम को छुड़वाने में एन एच हाईवे कर्मियों के पसीने छूट गए। बाबा पुरवा के ग्रामीण परिजनों को बीकेटी पुलिस ने शांत करवाया। बता दें कि परिजनों के अनुसार ललित रावत बीते बुधवार समय लगभग 7.30 बजे अपनी मोटरसाईकिल सं0यूपी32एचबी 5476 थी जो अपनी मोटर साईकिल से हेल्मेट पहनकर काम से वापस घर आ रहे थे, वही इन्दौराबाग से मुतकीपुर ससुरार जा रहे थे कि बीकेटी नन्दना कट के पास तेज रफ्तार से और लापरवाही से लखनऊ की तरफ से गाडी संख्या यूपी 32 एच एफ 9759 आकर अचानक बिना इंडीकेएटर दिए गाडी को मोड दिया और सामने से मोटर साईकिल से आ रहे ललित पुत्र स्व0 विनोद को आकर टक्कर मार दिया, जिसे मौके पर ही ललित बेहोश हो गए और टकर मारने के बाद गाडी सं0 यूपी 32एच एफ 9759 बिना रूके मौके से भाग गया, जिससे तत्तकाल मौके पर राहगीरो की मदद से नजदीकी अस्पताल रामसागर मिश्र शौ शैय्या पहुंचाया गया, जहां पर डाक्टरो द्वारा मेडिकल मोइना के बाद ललित को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं मृतक ललित की पत्नी ने बताया कि अगर वाहन चालक तुरन्त टक्कर लगने के बाद मेरे पति को अस्पताल पहुचा देता, तो शायद हमारे पति की जान बच जाती। पत्नी की लिखित तहरीर पर बीकेटी पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कार्यवाही कर रही है।

# महिलाओं की भागीदारी बिना राजनीति अधूरी: त्यागी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में विशाल खण्ड गोमती नगर में प्रदेश कार्यकारिणी बैठक व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला कार्यकर्ताओं न भागीदारी की और राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों, विचारधारा तथा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि ÷महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना राजनीति अधूरी है। रालोद ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने का काम किया है। आज समय की आवश्यकता है कि महिलाएँ पंचायत से लेकर संसद तक अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएँ। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ पूरे देश में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाएगा।÷ चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों, मजदूरों और महिलाओं के सम्मान की राजनीति की। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रालोद महिला प्रकोष्ठ समाज में बदलाव की धुरी बनेगा। विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज रालोद कार्यकर्ताओं का यह सम्मेलन इस बात का प्रमाण है कि पार्टी की जड़ें जनता के बीच गहरी हैं। महिलाओं की यह सक्रियता प्रदेश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कपिलावे इंदिरा जीराष्ट्रीय अध्यक्ष ,राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ ने कहा कि ÷उत्तर प्रदेश में महिला प्रकोष्ठ का यह आयोजन ऐतिहासिक है। महिलाओं की शक्ति जब संगठन से जुड़ती है तो पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। परिणीता सिंह प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश ने कहा कि महिलाएँ केवल समाज की धुरी ही नहीं बल्कि राजनीति की भी नींव हैं। राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ आने वाले समय में हर गाँव और कस्बे में महिलाओं को संगठित करेगा।

### बीकेटी में लखन आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर, फुंका पुतला, दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र में एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के विवादित बयान पर लाखन आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बख्शी का तालाब में पद यात्रा करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने बताया कि बड़ी बाजार बख्शी का तालाब पर देशद्रोही का पुतला फूंका गया और बख्शी का तालाब उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान लखन आर्मी के कार्यकर्ता, पुलिस व अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर जिलों में गुरुवार को अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने समाज सुधारक बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई और उनके विचारों को साझा किया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर नेता और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ कैंप कार्यालय पर समाज सुधारक बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति ने की। मुख्य वक्ता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केके पटेल ने विस्तार से बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता ने उनके द्वारा चलाए गए सामाजिक न्याय आंदोलनों को साझा किया। वह सिर्फ चौरसिया समाज के नेता नहीं थे बल्कि वह पूरे पिछड़े समाज की चिंता करते थे, इसलिए उन्हें सामाजिक न्याय का नायक और उन्हें पिछड़ों का पुरोधा कहा गया। कहा कि वह ऐसे समाज सुधारक थे जिन्होंने दलित, कमजोर और पिछड़े समाज के लोगों को न्याय मिले इसलिए उन्होंने लोक अदालत की व्यवस्था कराकर लोगों को न्याय दिलाया, इसलिए उन्हें लोक अदालत का जनक भी कहा जाता है। बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग,काका कालेलकर आयोग के सदस्य रहे। उन्होंने पिछड़ों के लिए आरक्षण की मांग की थी, ये बात अलग है कि उनकी मांग को उस समय ठंडे बस्ते में डाल दी गई। संगोष्ठी में पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता तेज़बली सिंह, विधि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रमोद पटेल, राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता राकेश वर्मा, विधि मंच के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेंद्र मौर्य, किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव अंजनी मौर्य सहित अन्य कई मौजूद थे।

# शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना विजय का फार्मूला है: धर्मपाल

■ विपक्ष के फैलाए जा रहे झूठ व भ्रम की सच्चाई बताने घर घर पहुंचेगी बीजेपी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना विजय का फार्मूला है। शक्ति केन्द्र ही मंडल और बूथ के बीच मजबूत सेतु है। शक्ति केन्द्र की जिम्मेदारी अनुशासित, परिश्रमी, ऊर्जावान और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सौंपी जाय। हर कार्यकर्ता को काम और काम की समीक्षा से जबाबदेही का कल्चर विकसित होगा। भाजपा का संगठन सबसे मजबूत और आदर्श हो उसके लिए कार्य करना होगा। तथ्य के साथ सत्य को लेकर हर घर तक पहुंचना है और विपक्ष के फैलाए जा रहे झूठ व भ्रम का सफाया करना है। धर्मपाल सिंह ने प्रयागराज महानगर, गंगापार, यमुनापार में जिलो के शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक को सम्बोधित किया। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों से संवाद किया। विभिन्न अभियान तथा कार्यक्रमों के संयोजको व सहसंयोजको के साथ जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्षो की बैठक को भी सम्बोधित किया। उन्होंने सेवा पखवाड़े के तहत सेवा कार्यों के सभी कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर प्रभावी रूप में आयोजित करने के लिए बैठक में चर्चा की। धर्मपाल सिंह बैठक से पूर्व प्रयागराज महानगर के भारद्वाज पार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान में सम्मिलित हुए तथा स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया।उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी परिश्रमी, अनुशासित तथा वैचारिक रूप से समृद्ध कार्यकर्ताओं का संगठन है। भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करते हैं। हमें ऐसे युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी सौंपने का काम करना है, जो ऊर्जावान है और अनुशासित है। संगठन में सतत नेतृत्व विकसित करने की नीति पर काम करते हुए युवाओं व महिलाओं को कार्यक्रमों व अभियानों में भागीदारी देकर उन्हें सक्रिय करना है। अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धान्त पर चल रही है। मोदी सरकार की नीति में अनुसूचित जाति वर्ग का आर्थिक व सामाजिक विकास तथा राजनैतिक भागीदारी निहित है और भाजपा सरकार की हर योजना में यह परिलक्षित भी होता है। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केन्द्र तथा बूथ के बीच मजबूत तंत्र विकसित करने से पार्टी के सभी अभियान व कार्यक्रमों के साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य सहजता से जो जाएगा। शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना के लिए स्वभाव से कर्मठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाए। शक्ति केन्द्र के प्रभावी होने से बूथ प्रभावी होगा और प्रभावी बूथ से मंडल सक्रिय होगा। मजबूत बूथ, शक्ति केन्द्र तथा मंडल से संगठन मजबूत होगा और मजबूत भाजपा से संकल्प सिद्ध होंगे और संकल्प की सिद्धि से आत्मनिर्भर वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण होगा। तीनो संरचनाओं की मजबूती से पार्टी के सभी अभियान एवं कार्यक्रमों के साथ ही मोदी सरकार व योगी सरकार की योजनाएं तथा पार्टी की विचारधारा प्रत्येक घर तक पहुंच सकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों में सदैव अनुसूचित वर्ग के संवैधानिक अधिकारो को मजबूती मिली है। मोदी ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाकर बाबा साहेब के प्रति सच्चे अर्थो में राष्ट्र की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की है। अखिलेश यादव के मंच से बाबा साहेब को भू-माफिया कहकर अपमानित किया गया सपा की सरकार के समय अनुसूचित वर्ग के मकान, खेत, खलिहानों पर सपा के गुण्डों ने कब्जे किए, उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर प्रताड़ित किया गया। मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति पर कांग्रेस व सपा की सरकारों में गुण्डों, अपराधियों, माफियाओं तथा भ्रष्टाचारियों को राजनैतिक संरक्षण दिया गया। सपा सरकार में बहन-बेटियों का शौहदों की डर से स्कूल जाना बंद हो गया था। आज योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के भयमुक्त वातावरण में खेत, खलिहान, दुकान, मकान तथा मां, बहन, बेटी का सम्मान सुरक्षित है। हमें तथ्य के साथ सत्य को लेकर जनता के बीच पहुंचना है और विपक्ष के झूठ और फरेब का सफाया करना है।

# मिशन 2027: अखिलेश अपना सकते हैं 2012 का फार्मूला

■ पहले ही तय कर देंगे उम्मीदवार, पंचायत चुनाव नही असेंबली इलेक्शन टारगेट

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सपा चीफ अखिलेश यादव अभी से असेंबली इलेक्शन की तैयारी में जुट गये हैं। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी का बिगुल अभी से बजा दिया है। इस दफा दीपावली पर उम्मीदवारों को तोहफा देने के मूड में हैं। सपा की मंशा है कि 2012 की तरह ही विधानसभा चुनाव से पहले उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाएं ताकि उन्हें जनता के बीच पहुंचने और विजन को अमल में लाने का समय मिले। पार्टी ने साफ कर दिया, टिकट उसी नेता को मिलेगा ,जिसे जनता का भरोसा हासिल हो। उसके नाम पर जिला और प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर तक सहमति की मुहर हो। गुटबंदी पार्टी को पसंद नहीं है। सपा की %जय अखिलेश, तय अखिलेश% के नारे के साथ मैदान में उतरने की तैयारी है।सपा के भीतर पंचायत चुनावों को लेकर बयानबाजी भले जारी हो लेकिन पार्टी का असली लक्ष्य 2027 विधानसभा चुनाव है। सपा का मानना है कि पंचायत चुनाव में एक ही पद के लिए पार्टी के कई दावेदार उतरते हैं, जिससे गुटबंदी बढ़ती है और नुकसान बड़े चुनावों में उठाना पड़ता है। सपा शायद ही पंचायत चुनाव में सीधे तौर पर उम्मीदवार उतारे। जिला पंचायत सदस्य चुनाव को लेकर पार्टी विचार कर सकती है। शिवपाल यादव के पंचायत चुनाव न लड़ने के बयान पर पार्टी में सहमति बन रही है।अखिलेश यादव खुद हर जिले से फीडबैक ले रहे हैं और समाज के हर वर्ग के लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। लखनऊ में बैठकों का दौर जारी है। सीटवार उम्मीदवारों को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। दीपावली पर ही कुछ सीटों पर उम्मीदवारों का नाम सामने आ सकता है, जबकि बाकी का ऐलान बिहार विधानसभा चुनाव के बाद किया जाएगा। सपा चाहती है कि उम्मीदवारों को ज्यादा समय मिले ताकि वे जनता के बीच जाकर समर्थन जुटा सकें और पार्टी के एजेंडे को मजबूती से रख सकें।सपा सुप्रीमो का मानना है कि 2012 की तरह समय रहते प्रत्याशियों की घोषणा करने से बगावत को काबू में किया जा सकेगा और उम्मीदवारों को जनता से जुड़ने का मौका मिलेगा। तब पार्टी ने चुनाव से करीब एक साल पहले ही कई टिकट बांट दिए थे और नतीजा सपा को पूर्ण बहुमत की सरकार रहा। 2027 में भी अखिलेश यादव उसी फॉर्मूले को अपनाना चाहते हैं।2024 लोकसभा चुनाव की तर्ज पर समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनाव में पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समीकरण को जनता की आवाज बनाकर प्रचारित करने की योजना बना रही है। सपा का फार्मूला भाजपा की राजनीति का सीधा जवाब होगा। जय अखिलेश, तय अखिलेश के नारे के साथ सपा दीपावली से ही चुनावी मोर्चा खोलने की तैयारी में है।

# ककवा रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

■ एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्रवाई,अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ककवा रोड पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध निर्माण और कब्जों को प्रशासनिक टीम ने हटवा दिया। प्रशासनिक टीम का नेतृत्व उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह ने किया।

मौके पर राजस्व निरीक्षक राजकुमार सिंह और पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे।टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उन सभी स्थानों को खाली कराया, जहां लोगों ने सड़क और सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा कर रखा था। अभियान की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। कई अतिक्रमणकारी खुद ही अपना सामान हटाते नजर आए। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से जहां आमजन को राहत मिली, वहीं यातायात व्यवस्था भी सुचारू हो गई। ककवा रोड पर लंबे समय से दुकानदारों और राहगीरों के बीच विवाद की स्थिति बनी रहती थी। अवैध कब्जों के कारण मार्ग संकरा हो गया था। और जाम की समस्या आम बात हो गई थी। अभियान के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई केवल ककवा रोड तक सीमित नहीं रहेगी। आगे भी जनपद में ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सड़क और सार्वजनिक जगहों को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी एवं लोगों से अपील की कि वे खुद ही अपने अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अभियान के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया तथा उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे कदम उठाए जाते रहेंगे, जिससे यातायात और आमजन की सुविधा बनी रहे।

## चौहान गुट ने जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट जहां एक ओर व्यापारियों के हित के लिए सदैव तत्पर रहता है तो वहीं गरीब, मजदूर, किसान के लिए भी संघर्ष करने में जिले का अग्रणी व्यापार मंडल है। आपको बता दें कि ये जिले में लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करने वाला इकलौता व्यापार मंडल है जो बिना किसी भेदभाव के लावारिस शवों के अंतिम संस्कार करवाता चला आ रहा है जो आगे भी निरंतर चलता रहेगा। इसी कड़ी में गुरुवार को ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के नेतृत्व में जिला अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने सैकड़ों पदाधिकारियों के साथ धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन दिया। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष मो0 उमर ने बताया कि बीते दिनांक 12 सितंबर 2025 को राजकुमार यादव और राम अभिलाख दरियापुर मेले में से घर वापस लौटते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी, सशक्त भारत अभियान' का आयोजन

जन एक्सप्रेस । अमेठी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जो आगामी दो अक्टूबर तक निरंतर चलेगा। इसी क्रम में विकास खंड भेंटुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी, सशक्त भारत अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया गया तथा लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सर्वेश के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. अभिमन्यु वर्मा, एएनएम हरिता श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। वहीं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रतिमा त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य है, कि शासन की हर योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण अभियान से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों को यह भी अवगत कराया गया कि दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जनकल्याण से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# ठेकेदार की लापरवाही से जल संकट व मुसीबत भरा आवागमन

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जिले के सिंहपुर क्षेत्र में ठेकेदार की लापरवाही ने लोगों के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर दी है।पशु चिकित्सालय के पास हनुमान मंदिर के सामने बी.एस.एन.एल.ठेकेदार द्वारा किए गए गहरे गड्ढों से जल निगम की मुख्य लाइन कट गई है। इस वजह से मंदिर परिसर समेत आसपास के कई घरों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। पानी की किल्लत से लोगों को दैनिक जरूरतें पूरी करने में भारी दिक्कत हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि पानी न आने से न केवल घरों के कामकाज ठप हो गए हैं,बल्कि पीने के पानी की भी समस्या खड़ी हो गई है। गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहनों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। खासकर शाम के समय गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि ठेकेदार की लापरवाही ने आमजन को दोहरी मुसीबत में डाल दिया है, एक ओर पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है, तो दूसरी ओर आवागमन असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है, कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तुरंत मरम्मत कर जल आपूर्ति बहाल की जाए। साथ ही सड़क पर खोदे गए गड्ढों को शीघ्र भरवाया जाए, ताकि राहगीरों को सुरक्षित आवागमन मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो क्षेत्र में जल संकट गहराने के साथ-साथ किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

## हिन्दू बनकर शिकायत करने वाले मुस्लिम युवक को जायस पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के थाना जायस पुलिस ने एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार किया है, जो स्वयं को हिन्दू बताकर उच्चाधिकारियों के पास शिकायतें दर्ज कराता था। आरोपी का उद्देश्य था, अपने आपराधिक कृत्यों को छुपाना और अधिकारियों को गुमराह करना। जायस का निवासी यह शातिर अपराधी पहले से ही दस से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के कारण पुलिस की निगरानी में था। जांच में पता चला कि आरोपी ने अनूप जैन, पंकज अग्रवाल और शुभम त्रिपाठी के नाम से उच्च अधिकारियों के पास शिकायतें कीं, जिससे उसका वास्तविक परिचय छिपा रहे। पुलिस के अनुसार आरोपी ने इस चाल का इस्तेमाल कर स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को गुमराह करने की कोशिश की।आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चोर और ड्रोन का खौफ : जनपद में ग्रामीण रातभर जागकर कर रहे रखवाली

■ दो संदिग्धों की पिटाई,मानसिक विक्षिप्त युवक पुलिस के हवाले प्रशासन के दावे बेअसर

जन एक्सप्रेस । अमेठी




जिले में चोरों और रहस्यमयी ड्रोन की दहशत इस कदर बढ़ गई है,कि ग्रामीण अब रातभर जागकर अपने घरों और खेतों की रखवाली करने को मजबूर हो गए हैं।

हालात यह हैं, कि गांव-गांव लोग लाठी-डंडे लेकर चौकसी कर रहे हैं। बीती रात अलग- अलग क्षेत्रों में ग्रामीणों ने संदिग्ध व्यक्तियों को चोर समझकर पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर दी। मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के बारकोट गांव में देर रात ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को चोर मान लिया।गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों को घेरकर पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अपने कब्जे में लिया। वहीं भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के नामदासपुर गांव में भी ग्रामीणों ने एक युवक को चोर समझ लिया। बाद में पता चला कि वह युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। उसे ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक महीने से इलाके में लगातार चोरियों की घटनाएं बढ़ी हैं। साथ ही कई बार रात में अज्ञात रोशनी और ड्रोन जैसी गतिविधियां भी देखी गई हैं, जिसके कारण लोगों में भय का माहौल है। गांवों में शाम ढलते ही **चोर-चोर** का शोर सुनाई देने लगता है। लोग टोलियां बनाकर रखवाली कर रहे हैं, ताकि अपने घरों, दुकानों और खेतों की सुरक्षा कर सकें। यह स्थिति केवल एक-दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि मोहनगंज, शिवरतनगंज, इन्हौना, कमरौली, शुक्लबाजार, जगदीशपुर और मुसाफिरखाना थाना क्षेत्रों में भी समान हालात बने हुए हैं। ग्रामीण दावा कर रहे हैं, कि उन्होंने कई बार आसमान में ड्रोन जैसी चीज देखी है।

प्रशासन लगातार यह कह रहा है, कि जिले में किसी भी तरह का ड्रोन संचालन नहीं हो रहा। इस बीच जनपद पुलिस ने गांव-गांव जाकर माइक से लोगों को जागरूक किया है। पुलिस ने अपील की है,कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने के बाद उसकी सूचना तुरंत थाने को दें। किसी को पीटना कानूनन अपराध है, और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस और प्रशासन ग्रामीणों की शंकाओं को निराधार बता रहे हैं, लेकिन लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। सुरक्षा की इस अनोखी चुनौती ने जिले के कई गांवों को रातभर जागने के लिए मजबूर कर दिया है।

# विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में बुधवार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में श्री विश्वकर्मा जयन्ती धूमधाम से मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 17 सितम्बर को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में भगवान **''श्री विश्वकर्मा जयन्ती''** मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय नें श्री विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण करके द्वीप प्रज्जवलित किया। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि श्री विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योहार मनाते है। भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिए अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। विश्वकर्मा जी ने लंका का भी निर्माण किया था। विश्वकर्मा जी ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियां से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था। जयंती अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृति कार्यक्रम में गीत-जग-जग में नाम हो विश्वकर्मा भगवान हो नामक गीत पर परिधि, ईशिका, आराध्या, इशित, प्रेरणा एवं दिव्यांस ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् कला प्रतियोगिता में लवन्या, मरियम, मानवी, दक्षेस, रिया, शशांक, मेधावी, अभिराज, जयस, हर्ष, तनय एवं एसके सौर्य बच्चों ने बहुत ही सुन्दर-सुन्दर श्री विश्वकर्मा भगवान का चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक सहित उप प्रधानाचार्या सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित होकर श्री विश्वकर्मा जयंती को मनाया।

## संपूर्ण निर्वाचन व्यवस्था के लिए एडीएम (प्रशासन) नोडल अधिकारी नामित : डीएम

**रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्विघ्न सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न समस्त तैयारियों ससमय पूर्ण कराने, निर्वाचन सम्बन्धी सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए समयानुसार पूर्ण कराने तथा राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 द्वारा जारी आदेशों/दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं जनपद स्तर पर निर्वाचन सम्बन्धी आयोजित होने वाली बैठकों/प्रशिक्षणों एवं निर्वाचन कार्यों का सुचारू रूप से पर्यवेक्षण किए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ को नोडल अधिकारी, सम्पूर्ण निर्वाचन व्यवस्था, पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 नामित किया है।

# जन एक्सप्रेस की खबर का असर : रानीगंज फ्लाईओवर पर शुरू हुआ सुधार कार्य

जन एक्सप्रेस । अमेठी



लगातार बारिश के दिनों में रानीगंज कस्बे के लोगों की नींद उस समय उचट गई, जब कस्बे के बीच बने फ्लाई ओवर की दीवार से मिट्टी और पानी रिसने लगा।

पुल की दीवारों से झरने की तरह बहते पानी और गिरती मिट्टी ने लोगों को डरा दिया। किसी ने मोबाइल निकाला और पूरी घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया और चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई। इसी बीच जन एक्सप्रेस ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर पढ़ने और वायरल वीडियो देखने के बाद लोगों की चिंता और बढ़ गई।

सभी को यह डर सताने लगा कि कहीं यह फ्लाई ओवर, जो हजारों राहगीरों की आवाजाही का साधन है, कमजोर न हो जाए। लगातार उठ रही आवाजों का असर हुआ और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम हरकत में आ गई। गुरुवार को टीम रानीगंज पहुंची। मौके पर पिलरों और दीवारों का निरीक्षण किया गया। और तुरंत सुधार कार्य शुरू कराया गया। तकनीकी कर्मचारियों ने रिसाव रोकने और संरचना को सुरक्षित बनाने के लिए काम प्रारंभ किया। जानकारी के मुताबिक यह समस्या फ्लाई ओवर के करीब 19 पिलरों से जुड़ी थी।बरसात में मिट्टी और पानी बाहर निकलने से पुल की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे थे। लेकिन अब कार्यवाही शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों ने कहा यदि मीडिया ने आवाज न उठाई होती तो शायद यह समस्या अनदेखी रह जाती। अब उम्मीद है कि जल्द ही के स्थायी समाधान हो जाएगा। रानीगंज फ्लाईओवर पर शुरू हुए इस सुधार कार्य ने एक बार फिर यह साबित किया है, कि जब मीडिया जनता की आवाज बनकर किसी मुद्दे को उठाता है, तो जिम्मेदार विभाग तुरंत हरकत में आते हैं।

# चार दिवसीय सितार वादन कार्यक्रम का 23 से 26 सितंबर तक होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में 23 से 26 सितम्बर तक स्पिक मैके द्वारा सितार वादन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार सांस्कृतिक व साहित्यिक संस्था स्पिक मैके एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 26 सितम्बर तक बलरामपुर जिले में सितार वादन की सुरमयी संगीत की बहार बहेगी।

युवाओं में शास्त्रीय संगीत के प्रति जागृति पैदा करने के उद्देश्य से जिले में कुल 04 दिनों में 08 शैक्षिक संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार पंडित शुभेन्दु राव का सितार वादन कार्यक्रम आयोजित होगा। यह जानकारी स्पिक मैके देवीपाटन व बस्ती मंडल के ग्रुप कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने 18 सितंबर को दी । उन्होंने बताया कि युवाओं को शास्त्रीय संगीत एवं सभ्यता से जोड़ने के लिए कृत संकल्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था स्पिक मैके एवं भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा पूरे प्रदेश में एक अनूठी पहल शुरु की गई है। स्पिक मैके उत्तर प्रदेश के प्रदेश नेतृत्व की अगुवाई में इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में 500 शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सभी विद्यालयों में शास्त्रीय संगीत के विभिन्न विधा के प्रतिष्ठित कलाकार जाकर अपने व्याख्यान व प्रस्तुतिकरण के माध्यम से शास्त्रीय संगीत की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। साथ ही युवाओं को इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित भी करेंगे। लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने बताया कि इसी श्रंखला में प्रथम चरण में बलरामपुर जिले के कुल 08 विद्यालयों में भी सितार वादन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कलाकार पंडित शुभेन्दु राव जी सितार की सुरमयी छटा बिखेरँगे। 23 सितम्बर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल व डी ए वी इंटर कॉलेज ,24 सितम्बर को कैम्ब्रिज स्कूल तुलसीपुर व स्टार वर्ड्स पब्लिक स्कूल तुलसीपुर,25 सितम्बर को सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बलरामपुर व पायनियर पब्लिक स्कूल एन्ड कॉलेज तथा 26 सितम्बर को कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरदौरी, श्रीदत्तगंज बलरामपुर व कुबेरमती पाण्डेय मेमोरियल इंटर कॉलेज श्रीदत्तगंज बलरामपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि अगले चरण में गोण्डा,श्रावस्ती व बहराइच जिले के भी 08 विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाये। लेफ्टिनेंट डॉ चौहान ने बालको के सांस्कृतिक व नैतिक विकास के लिए शैक्षिक संस्थानों से इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्पिक मैके बलरामपुर के सीनियर वालेंटियर व जॉइंट सेक्रेटरी शिवम चौहान, मोईन खान को इसकी जिम्मेदारी दी है।

## आरेडिका में स्वच्छता अभियान 5.0 की शुरुआत

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए स्वच्छता अभियान 5.0 के अंतर्गत आज महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। महाप्रबंधक सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता अभियान का पहला चरण 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता सेल्फी, सोशल मीडिया प्रचार और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से भी स्वच्छता संदेश को व्यापक रूप से फैलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने हेतु सिविल विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, कॉम्पलेक्स, केन्द्रीय विद्यालय, प्रशासनिक भवन और वर्कशॉप के विभिन्न शॉपों में नियमित स्वच्छता कार्य में संचालित किए जा रहे हैं, जो आगामी 2 अक्टूबर तक जारी रहेंगे।

# आपदाओ में बचाव को लेकर आज आयोजित होगा मॉक ड्रिल

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जिलों की तीनों तहसीलों में आज आपात स्थिति जैसे भूकंप, आग लगने की घटना, औद्योगिक रसायन के खतरे आदि के बचाव को लेकर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन के सम्बंध में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक रसायन खतरे से बचाव सम्बन्धी मॉकड्रिल नगर की बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में होगी। इसी प्रकार तहसील तुलसीपुर में तहसील की बिल्डिंग में आग लगने की घटना पर बचाव एवं सीएचसी तुलसीपुर में भूकम्प से उत्पन्न हुई मेडिकल इमरजेन्सी की मॉकड्रिल होगी। तहसील उतरौला में मो0 यूसुफ उस्मानी इंटर कालेज में भूकम्प से स्कूली बच्चों के बचाव की मॉकड्रिल के साथ उन्हें बचाव के तरीकों क्या करें-क्या न करें आदि के बारे में बताया जाएगा। जिलाधिकारी ने मॉक अभ्यास के सफल आयोजन के लिए अपर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सरोज को जिला इमरजेन्सी ऑपरेशन का इंचार्ज, एसडीएम सदर हेमन्त गुप्ता को बलरामपुर चीनी मिल की मॉकड्रिल का नोडल एवं एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयन्त को तहसील तुलसीपुर में आयोजित होने वाले एवं एसडीएम उतरौला को उतरौला में होने वाली मॉकड्रिल का नोडल नामित करते हुए जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुश्री ज्योति राय को ओवर ऑल नोडल अधिकारी एवं जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह को ओवर ऑल समन्वय का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

बताते चलें कि जनपद बलरामपुर भूकम्प की संवेदनशीलता के दृष्टिगत जोन-4 में आता है। भूकंप, औद्योगिक रसायन और आग की सुरक्षा पर मॉक ड्रिल आयोजन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने और आम नागरिकों व कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए किया जाता है। जिसमें विभिन्न एजेंसियां शामिल होती हैं। इस अभ्यास में अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ जनसामान्य को आपदाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही प्रशिक्षित किया जाता है। ताकि वास्तविक संकट के समय वे शांत और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें। यह ड्रिल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करती है कि वे भूकंप, आग और रासायनिक रिसाव जैसी आपात स्थितियों में खुद को और दूसरों को कैसे बचाएं, और कैसे एक सुरक्षित स्थान पर इकट्ठा हों।

इस मॉकड्रिल में अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, परिवहन, शिक्षा, नगर निकाय, आपूर्ति विभाग, एनसीसी, सेना, पीडब्लूडी, विद्युत विभाग एवं आपदा मित्र सहित अन्य सम्बन्धित विभागों की सहभागिता रहेगी। इसी की तैयारी के संबंध में एसडीएम ने केमिकल डिविजन का निरीक्षण किया। ड्रिल स्थल केमिकल डिविजन के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर हेमन्त गुप्ता, जिला आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह, तहसीलदार सदर विश्व दीपक त्रिपाठी, अग्नि शमन अधिकारी अंकित कुमार, सुरक्षा अधिकारी बलरामपुर चीनी मिल्स संजीव मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र के छात्र का अपहरण कर कानपुर में छोड़कर भागे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



पबजी की लत और रईसी के दिखावा करना महाराष्ट्र के छात्र को महंगा पड़ गया। अपराधियों ने उसका अपहरण कर लिया। पिता के किसान होने का पता चलने पर छात्र को कानपुर में छोड़कर भाग गए। कानपुर सेंट्रल स्टेशन में शक के आधार पर आरपीएफ ने पकड़ लिया और पूछताछ के बाद परिजनों को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। महाराष्ट्र के थाने में परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक एसएन पाटीदार ने बताया कि बुधवार को कैंट साइड के मेन हाल में करीब 17 साल का किशोर लोगों से मोबाइल मांग रहा था। इस पर उसे पकड़ थाने ले आए। यहां उसने बताया कि महाराष्ट्र के बीड़ अंतर्गत ग्राम गेवराई का निवासी है। वह इंटर में पढ़ने के साथ ही नीट की तैयार भी कर रहा है। बीड़ में किराये पर रहता है। उसे पबजी खेलने का शौक है और दोस्तों के सामने रईस होने का दिखावा करता है। उस पर एक लाख का कर्ज भी हो गया है। पिता ने पांच हजार रुपये भेजे थे। हाईस्कूल का फार्म भरने के लिए सनद लगानी थी, इसलिए 15 सितंबर को वह सनद लेने के लिए घर से निकला। बीड़ बस स्टैंड पर काली स्कार्पियो से आए चार लोग गाड़ी में खींचकर भाग निकले। गाड़ी में करीब 16 साल का एक और किशोर था। स्कार्पियो सवारों ने उसका मुंह व हाथ-पैर बांध दिए थे। रास्ते में दो-तीन जगह सिर्फ खाने और नित्य क्रिया के लिए ही हाथ-पैर खोले। उसके परिवार के बारे में पूछा तो बताया कि किसानी करते हैं। यह सुनने के बाद वह लोग आपस में बात करने लगे कि कुछ नहीं मिलेगा, इसे छोड़कर भाग चलते हैं। इसके बाद उन लोगों ने जेब में रखे पांच हजार रुपये निकाल लिए और बीती रात कानपुर में छोड़ दिया। छात्र के पिता को कॉल की तो उन्होंने बताया कि बेटे का 15 सितंबर को अपहरण हुआ था। गुरुवार सुबह परिवार वाले महाराष्ट्र के शिवाजीनगर पुलिस के साथ थाने पहुंचे। वहां के उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर धोतरे ने बताया कि छात्र के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज है। जरूरी कार्रवाई के बाद छात्र को उनके सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद वह लोग उसे साथ लेकर चले गए।

## ब्रांड एंबेसडर सम्मान से नवाजी गईं रंजना पटेल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, योग एवं छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने में उत्कृष्ट योगदान तथा समाज सेवा के क्षेत्र में प्रभावी कार्यों के लिए भारत उन्नयन समिति ने रंजना पटेल को ब्रांड एंबेसडर सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्नाव स्थित पार्क व्यू पैलेस में 14 सितंबर 2025 को आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए रंजना पटेल ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल गौरव ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा और संस्कारों से सशक्त बनाने, स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा समाज सेवा में और अधिक ऊर्जा एवं समर्पण के साथ निरंतर कार्य करने की प्रेरणा भी है।

उन्होंने आगे कहा कि सम्मान प्राप्त करना गर्व की बात है, किंतु वास्तविक संतोष तभी होगा जब इस प्रमाणपत्र और अंगवस्त्र की गरिमा को बनाए रखा जा सके।

# स्वास्थ्य सेवाओं का हरगांव मॉडल जहाँ फर्श पर जननी और कुर्सी पर रानी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

एक बार फिर उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र की बेबसी और बदहाली की तस्वीर सीतापुर के हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आई है। सवाल यह नहीं है कि एक और वीडियो क्यों वायरल हुआ, सवाल यह है कि क्या इस व्यवस्था के कान, आँख और दिल तक ये तस्वीरें पहुंचती भी हैं या नहीं?

कुछ महीने पहले, इसी हरगांव के स्वास्थ्य केंद्र से एक दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया था। एक मां अपने नवजात बच्चे को लेकर ठंडी, गंदी फर्श पर लेटी हुई थी। तब इस मामले ने सुर्खियां बटोरी थीं, उप मुख्यमंत्री जी ने बड़ी-बड़ी बातें की थीं, और त्वरित कार्रवाई के आदेश भी दिए गए थे। हमें लगा था, चलो देर आए, दुरुस्त आए। लेकिन हमारी यह सोच कितनी भोली थी! ताजा वीडियो फिर से वही कहानी दोहराता है। इस बार भी, एक मां अपने मासूम बच्चे को लेकर फर्श पर बैठी है। क्या इन माताओं को कुर्सी या बिस्तर का सुख पाने का हक नहीं है? या हरगांव के स्वास्थ्य केंद्र में



प्रसव का नया नियम यही है कि मां और बच्चा ज़मीन से रिश्ता बनाए रखें? इस बार कहानी में एक नया किरदार है एक स्टाफ नर्स, जिनका नाम नेहा बताया जा रहा है। ये मैडम अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं, लेकिन मरीजों के लिए बेड खाली होने के बावजूद भी उन्हें फर्श पर ही रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जब इस पर सवाल उठाया जाता है, तो नर्स मैडम बड़े ही आत्मविश्वास के साथ कहती हैं कि उन पर उनके अधिकारी का हाथ है।

क्या यह हाथ केवल सुरक्षा देने वाला हाथ है? या यह हाथ इतना लंबा है कि हर छोटे-बड़े नियम को अपनी मुट्ठी में बंद कर लेता है? क्या यह हाथ इतना मजबूत है कि उप मुख्यमंत्री की कार्रवाई को भी बेअसर कर देता है? हमारा स्वास्थ्य तंत्र सिर्फ इमारतों और मशीनों से नहीं चलता, यह इंसानों से चलता है। और जब इंसान ही अहंकार और मनमानी की चादर ओढ़ लें, तो इमारतें सिर्फ बेबसी के स्मारक बन जाती हैं। सवाल यह है कि ये वीडियो और तस्वीरें उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री तक पहुंचती क्यों नहीं? या फिर पहुंचती तो हैं, लेकिन देखकर भी अनसुनी कर दी जाती हैं? क्या हर कार्रवाई सिर्फ कैमरों के सामने होती है, और जब कैमरे हट जाते हैं तो सब कुछ पहले जैसा हो जाता है? जनता यह जानना चाहती है कि इस बार स्टाफ नर्स नेहा पर क्या कार्रवाई होती है। या फिर कोई अधिकारी अपना हाथ उनके सिर पर रखकर उन्हें बचा लेगा? यह सिर्फ एक वीडियो नहीं है, यह उस पूरे तंत्र पर एक तमाचा है, जो अपनी ही लापरवाही और बेबसी को छुपाने में लगा हुआ है। देखना यह है कि क्या इस बार भी कोई आदेश आएगा, कोई जाँच बैठेगी, या फिर हरगांव का स्वास्थ्य केंद्र इसी तरह बेबसी का प्रतीक बना रहेगा। इस सम्बन्ध में जब उनका पक्ष जानने के लिए नेहा मिश्रा को फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## बिल्हौर नगरपालिका में हाउस टैक्स के बाद अब वाटर टैंक्स भी देना होगा, सभासद ने ईओ को सौंपा ज्ञापन सौंपा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगर पालिका मे हाउस टैक्स बढाने की तैयारी के बीच गुरुवार को भाजपा सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने अधिशाषी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में ही जीआईएस सर्वे के तहत टैक्स बढ़ाया जा चुका है, ऐसे में जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना अनुचित होगा।जनता को पहले मिले बुनियादी सुविधाएं सभासद तिवारी ने कहा कि जब तक नगर पालिका परिषद जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराती, तब तक टैक्स बढ़ाना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने जलापूर्ति, सीवर लाइन, आवारा पशुओं की समस्या और वरासत से जुड़े कार्यों को प्रमुख मुद्दा बताया। प्रत्येक वार्ड में हर घर तक स्वच्छ पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो। पानी की किल्लत बनी रहती है। उन्होंने ऐसे



लोग जो नगरपालिका से पानी का कनेक्शन नहीं लिए हैं। जिनके कनेक्शन सुविधा शुल्क देकर कटवा दिया है उनपर वाटर टैक्स थोपे जाने का भी विरोध किया। सीवर लाइन की सुविधा अनिवार्य की मांग करते हुए सभासद ने कहा कि बिल्हौर नगर में हर घर तक सीवर लाइन पहुंचना बेहद जरूरी है। गंदगी और जलभराव से जनता परेशान है। जबकि नगर पालिका का मूल दायित्व यही है।

आवारा जानवरोंसे मिले छुटकारा

नगर परिषद परिसर और गलियों में आवारा जानवरों की समस्या से जनता त्रस्त है। इससे आए दिन दुर्घटनाएँ होती हैं। सभासद ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। जनता की राय के बाद ही बढ़े टैक्स ज्ञापन में साफ कहा गया कि हाउस टैक्स बढ़ाने का निर्णय बोर्ड की बैठक से पहले आम जनता की राय और प्रस्ताव के आधार पर ही लिया जाए।

जनता पर बोझ न बने टैक्स सभासद तिवारी ने स्पष्ट किया कि टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग तभी सही है जब नगर पालिका जनता को सुचारू सुविधाएँ मुहैया कराए। जनता को बोझ देकर विकास के नाम पर वादे अधूरे रखना अस्वीकार्य है। कार्यालय के अनुसार शासन अनुसार लागू किया जाएगा।

## दीवान निवादा में बुजुर्ग किसान से धोखाधड़ी, पड़ोसी ने हड़पी जमीन

### जमानत के बहाने बैनामा कराया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग किसान ने अपने पड़ोसी पर धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि पड़ोसी ने जमानत कराने के बहाने उसे धोखे से ले जाकर उसकी कृषि भूमि का बैनामा अपने नाम करवा लिए पीड़ित किसान दीवान निवादा निवासी है। उसने बताया कि 8 अगस्त 2025 को एक पारिवारिक सदस्य की जमानत के लिए खतौनी निकलवाने पर उसे पता चला उसकी कृषि भूमि वर्ष 2022 में कमलेश पुत्र कैलाश के नाम दर्ज हो चुकी है। किसान ने कभी कोई जमीन नहीं बेची थी और न ही उसे पैसों की आवश्यकता थीं। क्योंकि उसके बेटे बाहर रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। तहसील जाकर अधिवक्ता से जानकारी लेने पर सामने आया कि 6 अगस्त 2022 को गाटा संख्या 1 129, 1130, 1 13 मि0 व 1346 मि की भूमि का बैनामा कूटरचना करके दाखिल- खारिज करा लिया गया था। इस लेनदेन में किसान को किसी प्रकार का विक्रय धन भी नहीं दिया गया। आरोपी ने खेत पर कभी कब्जा नहीं किया। जिससे पीड़ित को



धोखाधड़ी की भनक तक नहीं लगी। पीड़ित ने यह भी बताया कि इसी क्रम में 2 अगस्त 2025 को कमलेश ने ग्राम उटठा की गाटा संख्या 179 भूमि का बैनामा भी धोखे से अपने नाम करा लिया। जब किसान ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे धक्का देकर गिरा दिया।पीड़ित ने 16 अगस्त को ककवन थाने इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, थानाध्यक्ष ने ऊपर से आदेश न होने का हवाला देकर प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर दिया और रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद र से पीड़ित न्याय की तलाश में अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था। न्याय के लिए परेशान किसान ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ एसीपी अमरनाथ यादव से शिकायत की। एसीपी के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी कमलेश को पकड़ लिया है। मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## औरौताहरपुर में श्रीशांतेश्वर महादेव मंदिर मेंश्रीमद्भागवत कथा जारी: आचार्य श्रीकांत दास महाराज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के औरोताहरपुर गांव स्थित श्री शांतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आज का दिन भक्तिरस से सराबोर रहा। सुप्रसिद्ध आचार्य पं. श्रीकांत दास जी महाराज, चित्रकूट के मुखारविंद से भक्तों ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह, माखन-चोरी लीला तथा गोवर्धन पूजा प्रसंग का श्रवण कर अमृत रस का अनुभव किया। आयोजन में उमड़ा भक्तिरस का सागर कथा का आयोजन आदरणीय पं कृष्ण मुरारी शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, कानपुर ग्रामीण द्वारा कराया जा रहा है। कथा श्रवण



हेतु प्रांगण में जिले व क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। धर्म, भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम दिखाई दिया। मुख्य अतिथियों की गरिमामई उपस्थिति कथा स्थल पर उपस्थित प्रमुख जनों में हरि किशोर जी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, सागर शुक्ल, सुबोध कटियार, सुरेश तिवारी, अशोक तिवारी, नंदन सिंह, अमित प्रताप सिंह, रामकिशोर सैनी, संदीप सिंह, अशोक सिंह, श्याम सिंह, ओम जी तिवारी, सचिन शुक्ला, रोहित पांडेय, अविनाश मिश्रा, अविरल शुक्ला आदि अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु आचार्य महाराज के मधुर वचनों और संगीतमय कथा से पूरा वातावरण ÷हरि-नाममय÷ हो उठा। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के वर्णन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। समापन की ओर कथा महोत्सव आयोजक मंडल ने बताया कि आने वाले दिनों में श्रीरास पंचाध्यायी एवं सुदामा चरित जैसे प्रसंगोंका रसपान कराया जाएगा। कथा के समापन पर भक्तों ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

### मरम्मत कार्य के लिए 10 ट्रेनें निरस्त, दो के मार्ग बदले, ये रही पूरी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** पूर्वी रेलवे के दुर्गापुर स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य होना है। इसको लेकर रेलवे ने 10 ट्रेनों को निरस्त की हैं। वहीं दो ट्रेनों का मार्ग बदलकर चलाया जाएगा। इनमें कई ट्रेनें कानपुर से होकर आती-जाती हैं। उत्तर-मध्य रेलवे प्रयागराज के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि अपने प्रारंभिक स्टेशन से ट्रेन नंबर-12175 हावड़ा-ग्वालियर एक्सप्रेस 23 सितंबर, 12176 ग्वालियर-हावड़ा 22, 12177 हावड़ा-मथुरा 21, 20976 आगरा कैंट-हावड़ा एक्सप्रेस 20, 12329 सियालदह-आनंद विहार टर्मिनल 18, 12330 आनंद विहार-सियालदह 19, 13167 कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस 20, 13168 आगरा कैंट-कोलकाता एक्सप्रेस 22, 22915 हावड़ा-इंदौर एक्सप्रेस 20 व 22 सितंबर, 22911 इंदौर-हावड़ा एक्सप्रेस 18 व 20 सितंबर को कैंसिल रहेगी। वहीं ट्रेन नंबर 22197 कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी एक्सप्रेस 23 सितंबर को खाना-रामरुरहाट-दुमका-जसीडीह मार्ग से होकर चलेगी। यह खाना-आसनसोल-जसीडीह से होकर नहीं जाएगी। जबकि 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कोलकाता एक्सप्रेस 21 सितंबर को जसीडीह-दुमका-रामपुरहाट-खाना होते हुए जाएगी।

### सीएम डैशबोड पर चिन्हित योजना में किसी की कीमत पर न बरती जाये शिथिलता-डीएम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद के विकास कार्यों का अनुश्रवण करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आज विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित सभी विकास कार्यों की प्रगति समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढंग से सुनिश्चित की जाए। जिन विभागों के कार्यों की प्रगति अपेक्षित नहीं है, उन्हें शीघ्र गति प्रदान की जाए। विशेषकर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर चिन्हित शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, राजस्व, ग्रामीण विकास तथा कृषि से सम्बन्धित योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों की स्थिति का दैनिक आधार पर फीडबैक सुनिश्चित करते हुए पोर्टल पर अपडेट किया जाए। साथ ही जनसामान्य से जुड़ी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति पर बल दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर दर्ज प्रत्येक कार्य की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि सीतापुर-मिश्रिख व नैमिषारण्य वाले मार्गों को गढ्ढामुक्त किये जाने हेतु पत्राचार किया जाये। उन्होंने सी0एम0 डैशबोर्ड में बी0, सी0 एवं डी0 ग्रेड पाने वाले विभागों को सुधार लाये जाने हेतु निर्देशित किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उपवन में किया गया पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि सीतापुर वन प्रभाग के सीतापुर रेंज अन्तर्गत सेवा पर्व के अवसर पर खैराबाद ग्राम भगवतीपुर में नगर उप वन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं भा0ज0पा0 जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला रहे तथा इनके द्वारा शोभाकार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वारा आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।सीतापुर वन प्रभाग के सीतापुर रेंज अन्तर्गत खैराबाद ग्राम भगवतीपुर में नगर उप वन बनाया जा रहा है।

### बाढ़ पीड़ितों को राहत किट किया गया वितरण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। रामपुर मथुरा।** घाघरा नदी के जलस्तर से रामपुर मथुरा विकासखंड की ग्रामपंचायत शुकुलपुरवा के कुछ मजरो का अस्तित्व समाप्त हो गया है और कुछ समाप्त होने के कगार पर हैं क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी लगातार बाढ़ पीड़ितों पर नजर बनाए हुए हैं तथा शासन प्रशासन को अवगत करा कर लगातार बाढ़ पीड़ितो के लिए आवासीय पट्टे उपलब्ध कराये जा रहे हैं तथा शासन स्तर से 600 राहत किट उपलब्ध कराई गई है जिनका वितरण तहसील प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है जिसके क्रम में बृहस्पतिवार को शुकुलपुरवा ग्राम पंचायत के लोगों को कानूनगो वीरेंद्र सिंह तथा क्षेत्रीय लेखपाल रविंद्र वर्मा के द्वारा राहत किट का वितरण किया गया जिसमें चावल दाल आटा नमक सामग्री के साथ आलू तिरपाल बाल्टी मघ्घा रिफाइंड तेल आलू आदि का वितरण किया गया जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र कुमार, विमलेश शुक्ला, गौरव, दान बहादुर, प्रदीप शाह, गुफरान तथा ग्राम प्रधान श्री राम के द्वारा सहभागिता की गई।

### स्वर्णिम वर्ष मनाएगा पूजा समिति आँख अस्पताल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति आँख अस्पताल की बैठक शहर के प्रेमनगर स्थित जैन मंदिर सभागार में की गयी। इस वर्ष समिति 50वी वर्षगांठ मना रहा है। पंडाल बिलकुल केदारनाथ की तरह तैयार किया जा रहा है, जिसमे भव्यता व कलात्मकता झलकेगी पंडाल पश्चिम बंगाल से आए शिल्पीकार कौशिक मुखर्जी एव उनके सहयोगी के द्वारा तैयार किया जा रहा है। बैठक के दौरान सामूहिक रूप से तय हुआ कि 27 सितंबर महापंचमी की शाय 5 बजे स्वर्णिम वर्ष पर बंगाली परिधान पहने महिला ढाकियो के साथ माँ दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा आँख अस्पताल से लेकर घंटाघर तक निकाली जाएगी। भव्य शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाएगा, जो बंगाल की संस्कृति को दर्शाएगी। इस शोभा यात्रा में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक में यह भी निर्णय हुआ की महाअष्ठमी की शाम आरती के उपरांत समाज को सन्देश देने वाली नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान एन एन चटर्जी, रंजीत दास, विश्वजीत पोले, आकाश राय, संजीव दास, दीपक विश्वास, अरिंदम दास, रत्नेश द्विवेदी, विकाश हिन्दू, विश्वीर गुप्ता, आकाश अग्रवाल, अनूप खेतान, सरिता जैन, सचिन त्रिपाठी, डॉ वीरेन्द्र आर्या, आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

### आगामी त्योहारों पर गड़बड़ी फैलाने वालों पर होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** नैमिषारण्य स्थित अतिविशिष्ट अतिथि गृह के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारों के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी आयोजन स्थलों पर विद्युत सुरक्षा एवं अग्निशमन हेतु पर्याप्त प्रबंध रखे जायें, इसके लिये विद्युत विभाग के अधिकारी सघन अभियान चलाकर निरीक्षण करें। कोई भी तार खुला न रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। ढीले एवं जर्जर तारों को ठीक कराया जाये तथा विद्युत खम्भों को कवर कराया जाये। नालों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा उन्हें ढकवाया जाये। पेयजल की सभी स्थलों पर समुचित व्यवस्था की जाये। सार्वजनिक शौचालयों को क्रियाशील रखा जाये तथा उनकी सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में भेजनें हेतु अभियान चलाया जाये। सड़कों को गढ्ढामुक्त कराये जाने हेतु समुचित कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुये गतिविधियों की सघन निगरानी की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि परम्परागत आयोजन ही कराये जायें तथा किसी नई परम्परा की शुरूआत न की जाये।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी तथा गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## डीएम व कप्तान ने नैमिषारण्य का निरीक्षण का देखी व्यवस्थाएं

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

आगामी नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने नैमिषारण्य स्थित मां ललिता देवी मंदिर एवं चक्रतीर्थ का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने नैमिषारण्य स्थित अतिविशिष्ट अतिथि गृह में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। मां ललिता देवी मंदिर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। उन्होंने कहा कि सम्बंधित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराते हुए कंट्रोल रूम के माध्यम से अनवरत निगरानी की जाये। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में समुचित व्यवस्था की जाये और सादी वर्दी में भी पुलिस बल तैनात किया जाये। आवागमन हेतु समुचित मार्ग उपलब्ध रहे, जिससे आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध करायी जा सके। मंदिर के निकट स्थित जलाशय की भी सफाई सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि समुचित संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती करते हुए अनवरत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मंदिर परिसर, परिसर के निकट एवं पार्किंग स्थलों के निकट चिकित्सा कैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि संबंधित मार्गों पर टेण्ट, स्वागत द्वार एवं सजावट की व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही बस, हल्के वाहन एवं दो पहिया वाहनों हेतु अलग-अलग स्थल चिन्हित करते हुये पार्किंग व्यवस्था करायी जाये। पार्किंग स्थलों पर भी प्रकाश, पेयजल, टायलेट आदि का प्रबंध सुनिश्चित किया जाये तथा पार्किंग स्थलों की सूचना से संबंधित संकेतक भी प्रदर्शित किये जायें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ललिता देवी मंदिर परिसर में प्रवेश एवं निकास के लिए समुचित बेरिकेटिंग का प्रबंध किया जाये। मंदिर प्रबंधन से भी जिलाधिकारी ने समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने की अपेक्षा करते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।चक्रतीर्थ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चक्रतीर्थ की साफ-सफाई कराये जाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति में पम्प के माध्यम से जल निकासी करायी जाये तथा सी0सी0टी0वी0 कैमरे क्रियाशील रहें, यह भी सुनिश्चित किया जाये। प्रकाश का समुचित प्रबंध कराये जाने के साथ व्यवस्थाओं का अनवरत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये।निरीक्षण के दौरान विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका मिश्रिख-नैमिषारण्य सीमा भार्गव, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमी संग भागी बेटी, मां-बहन ने गढ़ी बाघ के हमले की कहानी

- लोक-लाज बचाने के लिए पुलिस और वन विभाग को किया गुमराह, जांच में खुला राज

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मछरेहटा। एक 18 वर्षीय युवती के अपने प्रेमी के साथ फरार होने के बाद उसकी मां और छोटी बहन ने लोक-लाज बचाने के लिए बाघ द्वारा खींच ले जाने की मनगढ़ंत कहानी गढ़ दी। इस मामले में पुलिस और वन विभाग ने घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बाद में कड़ाई से पूछताछ करने पर सच्चाई सामने आ गई।यह घटना बृहस्पतिवार सुबह करीब 5रू30 बजे मछरेहटा कस्बे के राठौरपुर गांव में हुई। रामशरण की 18 वर्षीय पुत्री कामिनी बुधवार रात को अपने प्रेमी के साथ घर से चली गई थी। परिवार को जब इस बात का पता चला, तो मां प्रेमा देवी और छोटी बहन दामनी ने मिलकर एक योजना बनाई। वे घर से लगभग 300 मीटर दूर शौच के बहाने गईं, वहां एक जोड़ी चप्पलें छोड़कर जोर-जोर से चिल्लाने लगीं कि कामिनी को बाघ खींच ले गया है।चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां चप्पलें पड़ी देखीं और गन्ने के खेत की ओर इशारा करते हुए मां प्रेमा देवी ने बताया कि उनकी बेटी को बाघ ले गया है। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग और मछरेहटा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मछरेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।कुछ देर बाद वन विभाग के एसडीओ ब्रजेश पांडे भी महोली में तैनात स्पेशल टाइगर टीम और थर्मल ड्रोन टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ड्रोन के माध्यम से लगभग एक घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मछरेहटा पुलिस और मिश्रिख सीओ आलोक प्रसाद का शक परिवार की ओर गया।पुलिस ने मां प्रेमा देवी और छोटी बहन दामनी से कड़ाई से पूछताछ की। तब छोटी बहन दामनी ने बताया कि दीदी रात में बिना किसी को बताए घर से चली गई थीं। पिताजी घर पर नहीं थे, तो मां ने मुझसे कहा कि मैं यह कहूं कि दीदी को बाघ खींच ले गया। मां ने सुबह मेरे हाथों में चप्पलें पकड़ाईं और मुझे रोने व चिल्लाने को कहा।मछरेहटा पुलिस ने कामिनी का मोबाइल अपने कब्जे में लेकर सीडीआर कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकलवाने के लिए भेज दिया है।

मिश्रिख सीओ आलोक प्रसाद ने बताया कि घरवालों से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि युवती लोक-लाज के कारण घर से कहीं चली गई है और यह कहानी परिवार द्वारा बनाई गई थी।

## चोरों की अफवाह फैलाने वाले सात लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चकेरी क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में लगातार चोरों की अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गुरुवार को पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। चकेरी थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि चोरों की अफवाह को फैलाने वालों और निर्दोषों को चोर बातकर पीटने वालों पर कार्रवाई हो रही है। जिसकी कड़ी में बुधवार देर रात अहिरवां, कृष्णा नगर और चकेरी चौकी क्षेत्र के अलग अलग इलाकों से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये आरोपित अहिरवां के सैनिक नगर निवासी शिव कुमार अग्रहरि, रामनाथ, अखिलेश गुप्ता, अहिरवां निवासी पुष्कर वर्मा, ओमपुरवा निवासी सनोज गुप्ता, लाल बंगला निवासी अमित सिंह और शिवकटरा निवासी अमित सिंह हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी शिवकुमार ने अहिरवां में कमल गौतम नाम के युवक को चोर समझकर पीटा था। जिसका मुकदमा भी दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

### पिकअप में घुसा ऑटो रिक्शा आधा दर्जन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर। सिधौली।** कोतवाली क्षेत्र में करीब चार बजे प्रातः एन एच 30 पर मनवां चैकी के निकट आटोरिक्शा घुसा पिंक आप में आधा दर्जन लोग घायल आटोरिक्शा पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ पिंक आप को चालक वाहन लेकर फरार हुआ घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया है। पिंक आप में पीछे घुसे आटोरिक्शा में सवार गोलू 30 वर्ष निवासी बजेहरा थाना मानपुर, संदीप 35 वर्ष निवासी नेता पुर थाना सदरपुर व ब्रजेश कमलापुर, अतूल 17 वर्ष कमलापुर, शिवपाल 52 वर्ष, राजेश 30 वर्ष गंभीर रुप से घायल हुए।

पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# प्रचार तो बहुत हुआ मगर मोदी ने देश के लिए आखिर अब तक क्या किया?

**केदारनाथ धाम और अयोध्या में राम मंदिर का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जीवन है। यह उस भारत की पहचान है, जो अपनी परंपराओं से जुड़कर ही आधुनिकता की ओर अग्रसर होता है। विश्व मंच पर भारत की सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान आज पहले से कहीं अधिक बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा से लेकर 'मिलेट्स वर्ष' के आयोजन तक, मोदी ने भारतीय संस्कृति को वैश्विक संवाद का केंद्र बनाया। आज योग, आयुर्वेद, भारतीय भोजन और जीवनशैली विश्वभर में आदर प्राप्त कर रहे हैं।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक व्यक्ति के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह अवसर है यह देखने का कि कैसे एक गरीब मां के बेटे ने भारत के राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र को नई दिशा दी। मोदी ने अपने जीवन और कार्यशैली से यह स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता का अर्थ केवल पद की शोभा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा का संकल्प है। देखा जाये तो भारतीय राजनीति लंबे समय तक भ्रष्टाचार, अवसरवाद और सत्ता-लोलुपता के आरोपों से घिरी रही। ऐसे माहौल में नरेंद्र मोदी ने ईमानदारी को अपनी सबसे बड़ी पूँजी बनाया। व्यक्तिगत जीवन में सादगी और प्रशासन में पारदर्शिता ने उनकी छवि को एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया, जिन पर जनता भरोसा कर सके। यह भरोसा ही उन्हें लगातार जनसमर्थन दिलाता रहा है। मोदी ने ÷प्रधान सेवक÷ की अवधारणा को जीकर दिखाया। उनकी नीतियों का केंद्र गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़ा नागरिक रहा है। जनधन योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएँ केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा की राजनीति का प्रतीक हैं। उन्होंने दिखाया कि लोकतंत्र का असली अर्थ जनकल्याण है। उनका अनुशासन और कर्मनिष्ठा भारतीय राजनीति की कार्यसंस्कृति को नया स्वरूप देती है। जिस तरह वह समय का प्रबंधन करते हैं और लगातार सक्रिय रहते हैं, वह एक कार्यशील नेतृत्व का प्रमाण है। सबसे महत्वपूर्ण यह बात है कि उनकी दृष्टि में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की साख बढ़ाना हो, सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना हो या आत्मनिर्भर भारत का खाका खींचना हो, हर कदम पर राष्ट्रीय हित को केंद्र में रखा गया है। आज, जब राजनीति में अक्सर मूल्यों की कमी पर प्रश्न उठते हैं, तब नरेंद्र मोदी का जीवन और नेतृत्व यह सिखाता है कि ईमानदारी, सेवा, अनुशासन और राष्ट्रहित केवल आदर्श नहीं, बल्कि व्यवहारिक राजनीति की मज़बूत नींव भी बन सकते हैं। यही उनकी सबसे बड़ी विरासत है। इसके अलावा, पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारतीय राजनीति के इतिहास में एक निर्णायक दौर के रूप में दर्ज हो चुका है। 2014 में उन्होंने जिस यात्रा की शुरुआत की, उसका मूल मंत्र था- विकास, राष्ट्रीय एकता और भारत के सांस्कृतिक आत्मगौरव का पुनर्जागरण। आज हम न केवल उस यात्रा के परिणाम देख रहे हैं, बल्कि भारत की वैश्विक पहचान में भी उसका प्रतिबिंब अनुभव कर रहे हैं। मोदी सरकार ने ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के संकल्प के साथ बुनियादी ढाँचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक विकास की नई धारा प्रवाहित की। राजमार्गों, रेलमार्गों, बिजली और आवास योजनाओं ने गाँव से लेकर शहर तक नए अवसर पैदा किए। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया। यह विकास केवल आँकड़ों का खेल नहीं, बल्कि आम नागरिक की जीवनशैली में आए परिवर्तन का जीवंत उदाहरण है। मोदी ने भारतीय राजनीति में राष्ट्रीय एकता की भावना को केंद्रीय स्थान दिया। अनुच्छेद 370 को खत्म करना केवल एक संवैधानिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह संदेश भी था कि भारत की अखंडता किसी समझौते की मोहताज नहीं। साथ ही, पूर्वोत्तर राज्यों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बुनियादी ढाँचे और निवेश पर विशेष ध्यान देकर यह साबित किया गया कि भारत की विविधता ही उसकी शक्ति है। भारतीय सभ्यता के गौरव को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना मोदी के नेतृत्व की विशेषता रही है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आज नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान जैसे देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते भारत की कूटनीति को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, शांति और विकास जैसे मुद्दों पर उनकी स्पष्ट और निर्णायक आवाज़ आज पूरी दुनिया सुनती है। उनका 75वां जन्मोत्सव केवल एक व्यक्ति के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि उस युगांतरकारी यात्रा का प्रतीक है जिसने भारत को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर किया है।**

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव



ललित गर्ग

**भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आस्था के प्रति गहरे सम्मान को प्रकट करता है।**

नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्त्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है। मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया। काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान् बना देते हैं। नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य (वर्तमान गुजरात) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के



आज नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान जैसे देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते भारत की कूटनीति को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं।

पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरुआत होगी। मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं। मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताज़ा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-÷अब आप दिल्ली चलो।÷ गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं। मोदीजी के व्यक्तित्व का एक बड़ा पक्ष मानवीय संवेदनाओं से भरा हुआ है। चाहे गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना हो, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हो, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ आम जन तक पहुँचाना हो, मोदी का हर कदम जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है। वे न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाते हैं। उनका नेतृत्व केवल आधुनिकता और विकास तक सीमित नहीं है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 23:39 तक |
| नक्षत्रः | आश्लेषा 07:02 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सिद्ध, 20:36 तक |
| सूर्योदयः | 06:08 |
| सूर्यास्तः | 18:14 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 10:40-12:11 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | अश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:47-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

### बदले-बदले सुर !

*चर्चा में फिर ट्रंप ।*
*बदले-बदले सुर ।।*
*देखते पर आगे ।*
*कम होगा गुरुर ?*
*उनका हर बयान ।*
*ना लगता गंभीर ।।*
*भले करें वो कोशिश ।*
*छोड़ने को तीर ।।*
*दिन को कहते कुछ हैं ।*
*और रात कुछ और ।।*
*कुछ दिनों से केवल ।*
*किया गया ये गौर ।।*
*देखते धरातल पर ।*
*क्या उतरता काम ।।*
*सफल हुआ बड़बोलापन ?*
*या रहे नाकाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वर्टिगो की समस्या से राहत के लिए घर पर बनाएं हर्बल चाय



**कई** लोगों को बार-बार चक्कर आने और सिर चकराने जैसी परेशानियां होती हैं। इस समस्या को वर्टिगो कहा जाता है। यह एक सामान्य समस्या है। जिसमें लोगों को बार-बार चक्कर आने, भ्रमित होने और सब कुछ घूमता हुआ महसूस होता है। इसके कारण लोगों को काम करने में परेशानी होने जैसी कई समस्याएं होती हैं। इस समस्या से राहत के लिए औषधीय गुणों से भरपूर हर्बल टी का सेवन किया जा सकता है।

**वर्टिगो की समस्या के लिए हर्बल टीः** डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, वर्टिगो की समस्या से राहत के लिए नींबू बाम, पुदीना और अदरक से बनी चाय का सेवन किया जा सकता है। यह मिश्रण रोस्मारिनिक एसिड, मेन्थॉल और जिंजेरोल से भरपूर होता है। इससे तंत्रिका तंत्र को शांत करने, सर्कुलेशन को बढ़ावा देने और मलती की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**लेमन बामः** लेमन बाम, जिसको मेलिसा ऑफिसिनेलिस भी कहा जाता है। यह आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों में से एक है, इसमें रोस्मारिनिक एसिड होता है। इसका इस्तेमाल करने से स्ट्रेस और चिंता को कम करने, तंत्रिका तंत्र और नसों को शांत करने और चक्कर आने की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**ड्राई पुदीनाः** ड्राई पुदीना यानी मेंथा पिपेरिटा में भरपूर मात्रा में मेन्थॉल होता है। इसका इस्तेमाल करने से शरीर को हाइड्रेट करने, तंत्रिका तंत्र को शांत करने, चक्कर आने, सिर दर्द होने की समस्या से राहत देने, स्ट्रेस को कम करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलती है।

**अदरक की जड़ः** अदरक में अच्छी मात्रा में जिंजेरोल होता है, साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-नोशिया के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से सर्कुलेशन को बेहतर करने, चक्कर आने और वर्टिगो की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है।

**निष्कर्षः** वर्टिगो की समस्या से राहत के लिए लेमन बाम, पुदीने के सूखे पत्ते और अदरक से बनी चाय का सेवन करने से वर्टिगो की समस्या से राहत देने में मदद मिलती है। डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव करने से पहले, खासकर प्रेग्नेंसी के दौरान या ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाएं पहले डॉक्टर से सलाह लें।

## एक्सप्रेस विशेष

# राष्ट्रों के सामरिक विवादों से भविष्य में आर्थिक परेशानियां



संजीव ठाकुर

**भारत की स्वतंत्रता के बाद से ही चीन से परंपरागत दुश्मनी चली आ रही है दूसरी तरफ भारत रूस का अभिन्न मित्र भी है भारत परंपरागत रूप से रूस का समर्थन करते आया है या अलग बात है कि अमेरिका से उसके संबंध पिछले 10 सालों से काफी मधुर हो गए हैं।**

**आज** पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है। युद्धों की परिणति से विश्व में आर्थिक विषमताएं तथा असमानताएं बढ़ती जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं इतिहास गवाह है कि युद्ध से कभी किसी का विकास नहीं हुआ और यह भविष्य की आर्थिक परेशानियों का बड़ा सबब रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है हजारों सैनिकों की आहुति चढ़ चुकी है।ताजा ताजा यूक्रेन ने 60 ड्रोन से रूस पर सबसे बड़ा हमला कर दिया और रूस के पास अब गोला बारूद की कमी होने लगी है। दूसरी तरफ इसराइल हमास युद्ध में ताजा खबरों के अनुसार लेबनान ने इसराइल पर बडा हमला करके अमेरिका के युद्ध विराम के प्रयासों पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। युद्ध विराम के तमाम प्रयासों के बावजूद रूस यूक्रेन तथा इसराइल हमास युद्ध रोकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैंद्य परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते

**ऐसे में वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन को अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने के लिए और चुनाव जीतने के लिए एक बहुत बड़े मुद्दे की तलाश जरूर होगी और इसके चलते वह अपनी राजनीतिक साख को बचाने के लिए किसी भी देश से अपनी बादशाहत बचाने के लिए युद्ध कर सकते हैं और जाहिर है कि उनके किसी भी युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस ,आस्ट्रेलिया, इजरायल आंख मूंदकर साथ देने को तैयार होंगे।**

परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगेद्य इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है। अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध में नागासाकी तथा हिरोशिमा में युद्ध की सनक में परमाणु बम से हमला कर लाखों लोगों को मौत के मुंह में भेज दिया था इसके अलावा परमाणु हथियारों के उपयोग से पैदा हुए विकरण से आज भी जापान में बच्चों पर अप्राकृतिक प्रभाव दिखाई देतें हैद्य इधर हम यदि उत्तर कोरिया के सनकी शासक किम योंग की बात करें तो वर्ष 2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से अधिक हथियारों के परीक्षण किए हैं विशेष तौर पर कुछ अमेरिकी मुख्य भूमि और उनके खास सामरिक सहयोगी दक्षिण कोरिया और जापान पर हमला करने के लिए डिजाइन की हुई परमाणु मिसाइल भी शामिल हैं। उत्तर कोरिया अमेरिका को लक्ष्य बनाकर क्रूज मिसाइल का प्रक्षेपण भी करता आ रहा है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भारी तबाही का मंजर तो सामने आ ही गया है इसके अलावा यूक्रेन की अमेरिकी तथा नाटो देशों की मदद से नाराज होकर रूस स्पष्ट तौर पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सार्वजनिक धमकी कई बार दे चुका है,उल्लेखनीय है कि रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को जितना जान माल का नुकसान हुआ है उसके बराबर भी रूस में सामरिक हथियारों और सैनिकों की जाने गई हैं।रूस को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था की यूक्रेन इतने दिन तक युद्ध को खींच सकता है। इन परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप और वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक के चलते परमाणु बमों से हमला भी कर सकता है। चीन और ताइवान विवाद में भी चीन के तानाशाह सी जिनपिंग अपनी विस्तारवादी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए और अमेरिका के परोक्ष रूप से ताइवान की मदद के कारण नाराजगी के चलते ताइवान पर कभी भी हमला कर सकता है। स्पष्ट है कि रूस चीन और उत्तर कोरिया तीनों परमाणु संपन्न देश अमेरिका के सबसे बड़े और कट्टर दुश्मन नई परिस्थितियों में बन चुके हैं। और यह भी खुला और सर्व विदित तथ्य है अमेरिका का राष्ट्रपति वहां की जनता तथा राजनीतिक पार्टियों के दबाव में विश्व का सुप्रीमो बने रहने के चलते युद्ध मेनिया पर सवार रहता है, विश्व में अमेरिका को सर्वशक्तिमान बनाए रखने के चलते अमेरिका को चीन रूस और उत्तर कोरिया फूटी आंखों नहीं अच्छे लगते हैं। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया की सेना अपने वार्षिक सैन्य अभ्यास की ओर अग्रसर होकर लगातार समुद्र तथा उत्तर कोरिया की सीमा पर चक्कर लगा रही है। उत्तर कोरिया इसे अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के हमले के पूर्वाभ्यास की तरह आंकलन कर रहा है । उधर अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया अपने त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु एवं मिसाइलों का मुकाबला करने हेतु संयुक्त रुप से बैलेस्टिक मिसाइल निर्माण तथा प्रयोग के सहयोग के लिए सहमति दे चुके हैं। इन तीनों देशों की संयुक्त तैयारी को देखते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग ने रणनीतिक क्रूज मिसाइल के प्रायोगिक परीक्षण का निरीक्षण भी किया है। अमेरिका तथा पश्चिमी देश हर उस देश का साथ देने को तैयार है जो मूल रूप से चीन, उत्तर कोरिया और रूस का विरोध करते हैं। अमेरिका में चूंकि वर्ष 24 में राष्ट्रपति के चुनाव होने हैं।

# अमरिया पुलिस ने किया गैंगस्टर फुरकान शम्सी समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार

## लूटकांड का खुलासा, अवैध असलहा, नकदी और जेवर बरामद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



अमरिया पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय अपराधी और गैंगस्टर लिस्टेड फुरकान शम्सी को उसके दो साथियों नदीम और रवि के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, सोने की चेन, मोबाइल, घड़ी और नकदी बरामद की है। तीनों के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उनकी गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

गिरफ्तारी का संबंध 29 जून 2025 को दर्ज लूटकांड से है। थाना जहानाबाद निवासी वेदपाल ने तहरीर दी थी कि अज्ञात बदमाशों ने उनसे सोने की चैन, घड़ी और अन्य सामान लूट लिया। अमरिया पुलिस ने लगातार छानबीन कर आरोपी तक पहुँचने का प्रयास किया और गुरुवार को फुलैइया पुलिया मार्ग से फुरकान शम्सी, नदीम और रवि को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि फुरकान शम्सी के पास से सोने की चेन, मोबाइल और नकदी मिली। नदीम के पास से मोबाइल, नकदी और घड़ी बरामद हुई, जबकि रवि के पास से एक अवैध तमंचा (315 बोर) और दो जिंदा कारतूस मिले। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में शस्त्र अधिनियम समेत अन्य धाराओं की बढ़ोतरी की गई।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि वे मोटरसाइकिल से राहगीरों को रोककर तमंचे के बल पर लूट करते थे।

मुख्य आरोपी फुरकान शम्सी का लंबा आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ लूट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। नदीम और रवि पर भी पूर्व में कई मामले दर्ज हैं। आज पत्रकारों के समक्ष सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने पुलिस लाइन में पूरी घटना का खुलासा किया। इस कार्रवाई में अमरिया थाना अध्यक्ष अमित सिंह, निरीक्षक संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मुनीर अहमद, उपनिरीक्षक राजेश कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों पर कार्रवाई का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बहन लवी मिश्रा ने अखिल भारतीय स्तर पर किया विद्यालय का नाम रोशन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज यूपी बोर्ड की कक्षा दशम की छात्रा लवी मिश्रा झारखंड में स्थित जिला धनबाद में आयोजित 36 वी अखिल भारतीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से 16 बहनों ने प्रतिभाग किया जिसमें बहन लवी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने जिले का नाम रोशन किया इस अवसर पर आज वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र प्रताप सिंह एवं वरिष्ठ समाज सेवी राजेश दीक्षित ने बहन को मेडल पहना कर सम्मानित किया एवं बहन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# थाना खीरी की पुलिसिया कार्यवाही से निष्पक्ष खबर छापने वाले पत्रकारों में रोष

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

ओयल पत्रकार को खबर चलाने पर दी हमलावरों ने जान से मारने की धमकी आपको बताते चलें कि कस्बा ओयल थाना खीरी ओयल बस स्टॉप के पीछे मटन खरीदने गया। रुखसार पुत्र मोहर्रम अली को लेकर हुआ विवाद, जिसमें मटन जबरन लेने के लिये हमलावरों ने बनाया दबाव।

बीमार संक्रमित बकरी का मटन न लेने से मना करने पर चांद मियां पुत्र रसीद, समीद, पुत्र छोटन्ने पप्पू, पुत्र छोटन्ने आदि ने रुखसार अहमद पुत्र स्वश मुहर्रम अली पर हमला कर दिया। और बहुत बेरहमी से रुखसार को लात घूंसों से तीनों दबंग सर्कस हैकड किस्म के व्यक्तियों ने मारा पीटा पीड़ित रुखसार जो मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रुखसार के पिता जी का कई साल पहले निधन हो गया था। जिससे पूरे परिवार की जिम्मेदारी रुखसार पर है। कास रुखसार अगर मटन लेने न गया। होता तो शायद ये घटना नहीं घटती। तीनों दबंग व्यक्तियों ने पहले बहुत बेरहमी से लात घूंसो से मारा पीटा। फिर इन दबंग और सर्कस लोगों मे से समीद कुरैशी ने पीड़ित रुखसार अहमद के दाहिने हाथ में मटन काटने मे इस्तेमाल करने वाली लोहे की छूरी से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित रुखसार अहमद बुरी तरह जख्मी हो गया। और काफी खून बह गया।किसी तरह पीड़ित रुखसार अपनी जान बचा कर भागा। पत्रकार पप्पू कुरैशी की दुकान पर आप बीती बताने लगा। वहां पर कई लोग मौजूद थे। फिर न्याय के लिये पीड़ित रुखसार रोने लगा। तब पप्पू कुरैशी ने रुखसार अहमद से बाइट ली। फिर पत्रकार पप्पू कुरैशी ने हमलावरों की खबर चलाई। जिससे गुस्साए हमला वरो एक समाचार पत्र के पत्रकार पप्पू कुरैशी का नाम प्रार्थना पत्र में लिखवा दिया। और कुछ तथा कथित पत्रकार द्वारा पप्पू कुरैशी के विरोध में खबर चलाई गई। जिससे पप्पू कुरैशी की छवि धूमिल हो।जबकि जिस समय ये घटना हुई थी। उस समय पप्पू पत्रकार अपनी दुकान में था। जिसके कई सबूत पप्पू कुरैशी पत्रकार के पास मौजूद हैं। क्या दबंग हमलावरों की खबर चलाना जुर्म होता है। अगर दबंग हमलावरों की खबर चलाने पर जुर्म है। तो हम सच्चाई दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे न हम डरेंगे और न ही डरे हैं। और कुछ तथा कथित पत्रकारों ने हमलावरों से साठ गांठ करके पत्रकार को ही सच्ची खबर चलाने पर बना दिया आरोपी और गरीब को न्याय न मिल पाए इस लिए पत्रकार को किया जा रहा परेशान। देश के चौथे स्तंभ को कर रहे हैं। कुछ दलाल किस्म के तथा कथित बदनाम पत्रकार ईमानदार पत्रकार को भी कर रहे हैं बदनाम, चलाई झूठी खबर जिससे कि आम, जन मानस, को पत्रकारों पर से उठ जाए भरोसा। आखिर सच दिखाने पर पत्रकार को ही दोषी बना दिया गया।

# पीलीभीत में अहिल्या उद्धार और जनकपुरी अवलोकन की मनमोहक रामलीला मंचन

- भक्तों ने की प्रभु राम की जय-जयकार स्थानीय परमठ मंदिर पर सजीव मंचन
- राम लक्ष्मण ने मुनि विश्वामित्र के साथ किया जनकपुरी भ्रमण, अहिल्या उद्धार लीला ने किया भक्तों का हृदय भावविभोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



स्थानीय परमठ मंदिर पर श्री रामलीला महोत्सव संचालन समिति द्वारा आयोजित अहिल्या उद्धार, जनकपुरी अवलोकन एवं मीना बाजार की रामलीला का मनमोहक मंचन किया गया। इस आयोजन में भक्तों ने प्रभु राम की जय-जयकार करते हुए भगवान के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु विश्वामित्र आश्रम में राम और लक्ष्मण को प्राचीन कथाओं का श्रवण कराते हुए हुई। इसी बीच, जनकपुरी से आए दूत ने मुनि विश्वामित्र को सीता स्वयंवर के निमंत्रण की सूचना दी। अगले दिन मुनि विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण जनकपुरी प्रस्थान करते हैं।मंचन के दौरान, एक निर्जन स्थान पर पहुंचकर मुनि विश्वामित्र ने रघुकुल नंदन राम को अहिल्या के शाप के विषय में बताया। प्रभु राम के चरणों के स्पर्श से अहिल्या शापवश पत्थर बनी मूर्ति अपने वास्तविक रूप में लौट आई और उन्होंने कहा, हे करूणानिधान आप सदैव मुझ पर कृपा बनाए रखें। यह दृश्य देखकर सभी भक्तगण भावविभोर हो गए। जनकपुरी पहुँचकर विदेहराज ने कुलगुरु शतानंद के साथ मुनि विश्वामित्र का स्वागत और सम्मान किया। राम लक्ष्मण ने नगर की सुंदरता का अवलोकन किया और स्वयंवर हेतु रखे शिवधनुष को आदरपूर्वक प्रणाम किया। मुनि विश्वामित्र ने दोनों भाइयों को इस व्रतांत के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी, जिसे देखकर भक्तगण हर्षित हुए।

इस अवसर पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, केशव सक्सेना, रमाकांत पांडेय, अमरीश शर्मा अंबू, पं. अंशुमान मिश्र, अंकुर गुप्ता, राकेश लोधी, भीम सिंह चौहान, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव शर्मा, प्रतीक अग्रवाल टिन्नी, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, अवनीश शर्मा, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, विनीत शर्मा, पुनीत शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे। लीला का संचालन संजय पांडेय और सोमनाथ सप्रे ने किया, वहीं रामचरितमानस चौपाइयों का गायन रामायणी ओमकार सिंह यादव, निशांत तिवारी और अंकुर मिश्रा ने किया।समारोह के मीडिया प्रभारी नरेश शुक्ला और आयुष सक्सेना ने बताया कि इस प्रकार की रामलीला न केवल धार्मिक आस्था को जीवंत रखती है, बल्कि स्थानीय संस्कृति एवं परंपराओं के संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# गौरीगोपाल आश्रम में हुआ आध्यात्मिक मिलन

### साध्वी माताओं से मुलाकात और कुशलक्षेम जानना

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने आश्रम में निवास कर रही साध्वी माताओं से उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी तपस्या व सेवाओं की सराहना की। इस दौरान आश्रम की व्यवस्थाओं और भक्ति-परंपराओं का भी अवलोकन किया गया।? भेंट के बाद आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजन वितरण किया गया। इस दौरान भक्तजनों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव से सेवा में भाग लिया। आश्रम का यह वातावरण भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा से पूर्ण रहा।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण में विशेष योगदान देने वाले प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज से बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने वृंदावन स्थित गौरीगोपाल आश्रम में स्नेहिल भेंट की। इस दौरान धर्म, संस्कृति और समाज सेवा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। अनिरुद्धाचार्य जी ने स्वामी प्रवक्तानंद महाराज को महामंडलेश्वर बनने की बधाई दी और उनके आगामी धर्म एवं समाज सेवा के कार्यों के लिए आशीर्वाद प्रदान किए। इस अवसर पर दोनों के बीच सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और युवाओं को संस्कारों से जोड़ने के उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

### सनातन संस्कृति और जीवन मूल्यों पर चर्चा

अनिरुद्धाचार्य जी ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के साथ हुई चर्चा में युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने, समाज में नैतिकता और एकता बनाए रखने के उपायों पर भी जोर दिया गया। पीलीभीत के लिए यह भेंट विशेष महत्व रखती है। धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों के मिलन से न केवल समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने में भी मदद मिलती है। गौरीगोपाल आश्रम में हुई यह बैठक श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित हुई।

## घर-घर जाकर शोकाकुल परिवारों से मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार परिजनों को दी सात्वंना

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार कल बुद्धवार की शाम शहर के शोकाकुल परिवारों से उनके घरो पर जाकर मिले और परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। राज्यमंत्री श्री गंगवार मोहल्ला तखान निवासी सयुक्तवार के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सक्सेना ऊर्फ दिक्खू के आवास पर पहुचे जहा उनकी भाभी श्रीमती मीना कुमारी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा की दु:ख की इस घड़ी में वह और उनकी पार्टी उनके साथ है। राज्यमंत्री शोकाकुल परिवारों से मिलने के लिए अपने पार्टी सहयोगियों के साथ बाईक चलाकर घर घर पहुचे। राज्यमंत्री श्री गंगवार निरंजनकुंज कालोनी निवासी अशोक शर्मा के यहा सरला देवी के हुए निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके अलावा अवध नगर कालोनी निवासी पंकज गुप्ता के यहा उनके पिता जी निधन वर, एकता नगर निवासी कुशाग्र के पिता जी निधन पर, नईवस्ती निवासी रोहित के पिता जी निधन पर, मोहल्ला पूरनमल निवासी विकास मिश्रा के पिता जी के निधन पर, मोहल्ला तखान निवासी अंश यादव के पिता जी के निधन पर एंव मोहल्ला शेखचांद निवासी संदीप अग्रवाल की माता जी के निधन पर घर-घर जाकर परिजनो से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चुनाव की चर्चा करने पर दलित मां बेटे और भतीजी की पिटाई

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। गांव मूडा गालिब पंचायत चुनाव की चर्चा करते समय दलित मां, बेटा और भतीजी को जाति सूचक गालियां देते हुए लात घूसां और डंडों से पिटाई कर जख्मी कर दिया पीड़िता ने नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।पीड़िता अनीता देवी ने पुलिस को बताया वह अपने मकान के सहन के सामने पुत्र और भतीजी के साथ चर्चा कर रही थी। तभी गांव के मुकेश ,नरेश और कल्लू डंडा लेकर पहुंच कर कहा तुम लोग मेरी बुराई कर रहे हो जिस पर मना करते ही जाति सूचक गालियां देते हुए लात घुसा और डंडों से पिटाई करने लगे चीख पुकार मचाने पर जान से मार डालने की धमकी देकर भाग निकले पीड़िता ने घटना की शिकायत डायल 112 पर देने पर लाइन व्यस्त बताता रहा कोतवाली पहुंचकर शिकायत देने पर पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना सीओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी गई है।

### बाढ़ पीड़ितों को राहत किट वितरण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सदर तहसील क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से राहत सामग्री वितरित की गई। नकहा ब्लॉक, फूलबेहड़ ब्लॉक और शारदा नगर क्षेत्र के कुल लगभग 355 बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ किट प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, परियोजना निदेशक, सदर विधायक योगेश वर्मा, श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी, सदर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार~ तहसील प्रशासन की पूरी टीम तथा लेखपाल मौजूद रहे।

### बसपा कार्यकर्ताओं ने अभद्र टिप्पणी करने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बसपा के राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि और जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने राष्ट्रीय संयोजक दलित पैंथर पार्टी पर बहुजन समाज के लोगों को दल्ले कहकर संबोधित करते हुए जूते से स्वागत करने का आरोप लगाया है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी खीरी से नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने की शिकायत दर्ज कराई गई है। राज्यसभा सांसद कार्डिनेटर पवन गौतम और जिला कार्यकारिणी के जयवीर गौतम समेत प्रमुख कार्यकर्ताओं ने दलित पैंथर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक पर बसपा कार्यकर्ताओं को दल्ले कहकर संबोधित करते हुए उन्हें जूता का हार पहनने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बसपा कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया उनके प्रतिनिधि मंडल ने एसपी खीरी कार्यालय पहुंचकर नामित आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।एसपी खीरी ने मामले को संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

### रोड़ और नाले की दुर्दशा पर पूर्व प्रधान ने चिंता जाहिर की

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने एक प्रेस के जारी बयान में बताया कि शहर लखीमपुर का मात्र एक ही शमशान घाट घोसियाना में है। जिसकी सडक नाली जर्जर है शव यात्री व आम जनता को आने जाने के लिए काफी कठिनाई होती है जबकि यह मार्ग शहर का मिनी बाईपास है। मोहल्ला हिदायत नगर चौरहे के पास चर्च है चर्च धार्मिक स्थल के ठीक सामने नगर पालिका के द्वारा कुडाघर बनाया है वहां पर निकलने वाले लोग नांक बंद करके निकलते है दोनों कार्य नगर पालिका के अन्तर्गत है जिला प्रशासन भी आंख बंद किये हुए है जबकि शहर का आधे हिस्से का पानी घोसियाना शमशान घाट नाला से जाता है इसी बात का समझौता हुआ था। नगर पालिका से ग्राम सभा लखीमपुर देहात विकास खण्ड लखीमपुर के प्रधान से इसकी साफ सफाई व मरम्मत नगर पालिका करेगी तभी नाला बनने दिया गया था। आज पूरा नाला गिर गया है सडक भी टूट गयी है जिले के समस्त आला अधिकारियों व नगर पालिका व खण्ड विकास अधिकारी लखीमपुर को मरम्मत सफाई के लिए कई बार लिखित व मौखिक व कई अखबारों ने भी छापा फिर भी तानाशाह अधिकारियों ने ध्यान नही दिया वर्तमान प्रधान भी शमशान घाट नाली सडक पूरे कार्यकाल में एक बार भी मरम्मत नही करायी है और न कभी सफाई करायी गयी है। दो दिन बाद एक ज्ञापन के माध्यम से एक बार फिर अवगत कराया जायेगा फिर भी अगर ध्यान नही दिया गया तो हम लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगों। जिसकी जिम्मेदार प्रशासन, नगर पालिका व ब्लाक के अधिकारी होगी। असार महमूद ने ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात की दुर्दशा पर चिंता जाहिर की है।

### कृषक गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बोने पर दिया गया जोर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम बहारगंज के पंचायत भवन में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 142 किसानों ने भाग लिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बताया कि सर्वे/सट्टा सुधार हेतु समिति गोला परिसर में 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक मेले का आयोजन किया गया है जो कि सुधार का अन्तिम अवसर होगा इस मेले में नए सदस्य व उपज बढ़ोत्तरी की रसीद भी काटी जाएगी। साथ ही समिति व परिषद द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं जैसे फॉर्म मशीनरी बैंक,पंचामृत खेती व ड्रिप इरिगेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों एवं किसानों का स्वागत व अभिनन्दन किया साथ ही उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर अधिक से अधिक रकबे में शरदकालीन गन्ने की बुआई के साथ सहफसल जैसे आलू,लाही,मटर,चना इत्यादि लगाकर दोहरा लाभ कमाए।साथ हो उन्होंने शरद कालीन गन्ने के अधिक उत्पादन हेतु वैज्ञानिक तकनीकी एवं उन्नतिशील प्रजातियों जैसे को0-0118,15023, कोलख0-14201,16202, कोशा0-13235,17231में से किसी भी किस्म का चयन कर बुआई करने की सलाह दी। इसी क्रम में मंच संचालन कर रहे प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने खेत की गहरी जुताई कर लेजर लेवलर द्वारा खेत का समतलीकरण कराकर गन्ने में खाद एवं सन्तुलित उर्वरको में एक तिहाई नत्रजन,फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय प्रयोग करने की सलाह दी, उन्होंने कृषकों से अपील की कि अस्वीकृत व अनामित प्रजातियों की बुआई कदापि न करें। अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक व ग्राम प्रधान यशवेन्द्र वर्मा ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी का समापन किया,गोष्ठी में दुर्गा प्रसाद मिश्र, मोहम्मद असलम,कोमल प्रसाद,रामशरण, सन्तोष कुमार,राजेन्द्र प्रसाद आदि सैकडों कृषक व सहायक अधिकारी गन्ना राहुल यादव,ट्रेनी सचिन वर्मा,कामदार रामनरेश वर्मा,पंकज वर्मा सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल निकासी की वृहद कार्य योजना हो तैयार: संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने प्रत्येक वर्ष शहर में होने वाली जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर एक वृहद कार्य योजना तैयार करने की आवश्कता बताई है। उन्होनें कहा है कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा जल निकासी हेतु बनाये गये नालो से जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह जल पकड़िया नौंगवा नगर पंचायत क्षेत्र के तालाबों में प्रवाहित होता है जिससे नगर पंचायत क्षेत्र के लोगो को भी जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने यह भी कहा है कि बरसात के समय नालो से जल निकासी नही होने के कारण शहर की अशोक कालोनी, बल्लभ नगर कालोनी, मण्डी परिषद सहित शहर का अधिकांश क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। देश नगर, विलंगवा व माधोटाण्डा रोड के दोनो ओर के क्षेत्र में विकसित कालोनियों में जल निकासी हेतु नालिया बनाई गयी है परन्तु उन नालियों के पानी के निस्तारण की उचित व्यवस्था नही है जिससे जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा है कि सम्पूर्ण विनिमित क्षेत्र के अन्तर्गत ड्रेनेज सिस्टम की ऐसी व्यवस्था किसी विशेषक संस्था द्वारा करायी जानी चाहिए जो एक वृहद कार्य योजना तैयार कर जल निकासी का उचित प्रबन्ध करने की दिशा में कार्य कर सके।

# बीसलपुर में सहकारी गन्ना समिति का सात दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेला शुरू



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आज सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर में समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विधायक बीसलपुर एवं अध्यक्ष समिति ने मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विभागीय काउंटरों का निरीक्षण किया गया और उपस्थित गन्ना किसानों से अनुरोध किया गया कि वे समिति पर आकर अपने गन्ना सट्टा से संबंधित कमियों को समय रहते दूर कर लें।विधायक ने बताया कि इस बार जारी की गई सट्टा नीति में छोटे किसानों को प्राथमिकता दी गई है। उनका कहना था कि समय से सभी चीनी मिलों को गन्ना उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है, ताकि किसानों का पेड़ी गन्ना पहले पेराई हो और उन्हें गेहूं बोने का पर्याप्त समय मिल सके।

इस अवसर पर राजेश सिंह (अध्यक्ष गन्ना समिति बीसलपुर), मनोज साहू (ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक), मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर चीनी मिल, और सभी गन्ना पर्यवेक्षक व समिति स्टॉफ उपस्थित रहे। इसके अलावा निगोही, बरखेड़ा, बीसलपुर, मकसूदापुर और फरीदपुर चीनी मिल के स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में गन्ना किसान भी मेले में शामिल हुए। सट्टा प्रदर्शन मेला आगामी सात दिनों तक चलेगा और किसानों के लिए इसे लाभकारी और जानकारीपूर्ण बताया गया है।

### इस वर्ष की नई सट्टा नीति- खुशीराम भार्गव

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि इस वर्ष की सट्टा नीति में छोटे किसानों का बेसिक कोटा 72 क्विंटल से बढ़ाकर 82 क्विंटल किया गया है। साथ ही नए सदस्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। जिन्होंने पहली बार समिति की सदस्यता ली है और उनके पास पेड़ी गन्ना है, उनका सट्टा तीसरे पक्ष से चला दिया जाएगा।

# शिक्षा और आरक्षण में योगदान के लिए प्रसिद्ध थें शिवदयाल चौरसिया: नफीस अहमद अंसारी

- शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि सपा कार्यालय में मनाई गई, समाजवादी विचारों के प्रेरक और पूर्व राज्यसभा सांसद को किया याद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित के.जी.एन.2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव सपा कार्यालय में समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में शिवदयाल चौरसिया जी के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि शिवदयाल चौरसिया का जन्म 13 मार्च 1903 को लखनऊ के गांव खरिका (अब तेलीबाग) में हुआ था। उनके पिता का नाम परागराम चौरसिया और माता का नाम राम प्यारी था, जिनका बचपन में ही देहांत हो गया।

शवदयाल चौरसिया ने प्रारंभ में लखनऊ की निचली अदालतों में वकालत शुरू की, बाद में उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी कार्य किया।

उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए पिछड़े वर्गों, दलितों और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी।

विशेषकर शिक्षा, आरक्षण और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, सपा प्रदेश कुलवंत सिंह, सपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, धनपति वर्मा एडवोकेट, सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, जिला सचिव गोविन्द पाण्डे एडवोकेट, 129 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पीलीभीत नगराध्यक्ष संदीप सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल, सुरेश चंद्र, राजीव कश्यप, महेश कुमार, यामीन अंसारी, मो.आदिल सहित तमाम सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शिवदयाल चौरसिया के योगदान और उनके आदर्शों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# रामनगर भाजपा मंडल टीम ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चलाया सफाई अभियान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के रुप मे मनाया जा रहा है इसी क्रम मे रामनगर भाजपा मंडल टीम के द्वारा सफाई अभियान चलाते हुए सफाई कार्य किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रुप में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में रामनगर शिव मंदिर सहित पूरे परिसर की साफ-सफाई किया गया और गांव के अन्य स्थानों की भी साफ सफाई किया गया है।इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा मंडल महामंत्री सत्य प्रकाश सिंह मंडल महामंत्री रोहित मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष रामप्रवेश कनौजिया मंडल उपाध्यक्ष बृज बिहारी मंडल उपाध्यक्ष राजीव जायसवाल सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सेवा पर्व/पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत संपूर्णानगर वन रेंज के अधिकारियों एवं सशस्त्र सीमा बल के द्वारा संयुक्त रूप से वृहद वृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम के तहत नेपाल सीमावर्ती वन क्षेत्र के बसही में उत्तर खीरी वन प्रभाग बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी ललित कुमार व 49वीं वाहिनी एसएसबी पीलीभीत की बीओपी चौकी बसही के उच्चाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से बसही वन रेंज क्षेत्र में सैकड़ों पौधों का वृक्षारोपण किया गया है साथ ही उत्तर खीरी वन प्रभाग बफरजोन संपूर्णानगर वन रेंज के अधिकारियों एवं बसही एसएसबी अधिकारियों व जवानों के द्वारा संयुक्त रूप से भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है तो वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी भी किया गया है।इस मौके पर संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी ललित कुमार वन दरोगा पुष्कर सिंह वन रक्षक शमशेर सिंह अजय कुमार वन कर्मी रामकुमार शेरा सहित अन्य वनाधिकारी व कर्मचारी एवं एसएसबी के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के सत्यापन कार्य को गति प्रदान कर शीघ्र कराए पूर्ण: डीएम

जन एक्सप्रेस। महोबा



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिले की समस्त स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। जनपद की स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने के स्पष्ट निर्देश दिये। साथ ही प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान चलाया जाए तथा नगर में स्वच्छन्द विचरण कर रहे गौवंशों को अभियान चलाकर कान्हा गौशाला में संरक्षित कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बीस बिन्दुओं पर आधारित समीक्षा बैठक में जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि अवस्थापना निधि, राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां वित्त आयोग, अन्त्येष्टि स्थलों, पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर योजना, वंदन योजना, नगर सृजन योजना, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजनाओं के अन्तर्गत निकायों में चल रहे निर्माण कार्यो को समयबद्ध पूर्ण कराया जाये। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एम0आर0एफ0 सेन्टरों, वेट वेस्ट प्रोसेसिंग फैसेलिटी, एस0टी0पी0 एवं डब्ल्यू0टी0पी0 आदि कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही विशेष स्वच्छता अभियान जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक समूचे जनपद में चलाया जायेगा।

अभियान के दौरान एण्टी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग एवं साफ-सफाई व्यवस्था चक्रानुसार कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार का लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करते हुए शीघ्र पूर्ण कराये तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय मो. मोइनुल इस्लाम, अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार, ईओ चरखारी अमरजीत, ईओ कुलपहाड़ प्रवेन्द्र कुमार एवं ईओ कबरई सूर्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केयरटेकर का भुगतान न होने से नाराज डीएम ने 52 सचिवों का वेतन रोकने के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस। महोबा

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में ई रिक्शा के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कराएं साथ ही निर्मित आरआरसी सेंटर में एकत्रित कूड़े को पृथक्करण का कार्य कराएं एवं एकत्रित प्लास्टिक को विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत कमालपुरा में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भेजें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में निर्मित सामुदायिक शौचालय जो अभी तक हैंडओवर नहीं हुए हैं, उनको एक सप्ताह के भीतर हैंडओवर कराएं, इसके अतिरिक्त जिन ग्राम पंचायतों में केयरटेकर का भुगतान 3 माह से नहीं हुआ है उनसे संबंधित 52 सचिवों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा, जिला पंचायत राज् अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा, समस्त खंड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 6 अंतर्जनपदीय शातिर चोर किए गिरफ्तार

### लूट व चोरी के माल सहित तमंचा कारतूस बरामद, एसपी ने किया खुलासा

जन एक्सप्रेस। उरई



कुठौंद थाना पुलिस ने लूट व चोरी की योजना बनाते आधा दर्जन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।जिनके पास से चोरी व लूटे गए जेवरातों के अलावा तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद की।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि कुठौंद थाना प्रभारी कस्बे में चेकिंग अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लुटेरे पारेन अंडरपास एक्सप्रेसवे के किनारे लूट की योजना बना रहे हैं। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी तत्काल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी करते सभी को दबोच लिया। जबकि मौके से जेवरात व एक लाख 38 हजार नगद, दो तमंचे, चार कारतूस, चाकू सहित एक बाइक बरामद कर ली। पुलिस के पुंछे जाने पर उन्होंने अपना नाम अनिरुद्ध उर्फ मामा उर्फ राजा पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम ऐकों थाना कुठौंद, धर्मेंद्र उर्फ लल्ला पुत्र गनेशीलाल निवासी महेरा थाना विवार जिला हमीरपुर, सुरेंद्र पुत्र मंगल सिंह राजपूत निवासी बरखेड़ा थाना जलालपुर जिला हमीरपुर, प्रदीप उर्फ नन्ना पुत्र सुरेंद्र पाल राजपूत निवासी ऐर थाना डकोर, शिवम पुत्र मलखान चौहान निवासी कुकरगांव उरई, सत्येंद्र पुत्र राकेश राजपूत निवासी पुरैनी थाना जलालपुर जिला हमीरपुर बताया। उन्होंने बताया कि वह मध्य प्रदेश के जनपद भिंड, निवाड़ी, छतरपुर व राजस्थान के बालाजी में लूट व चोरी की घटनाएं कर चुके हैं। इससे जो भी लाभ अर्जित होता है उससे वह अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। फिलहाल एसपी ने थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है।

# लापरवाही और शिथिलता पर कनिष्ठ सहायक निलंबित

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला प्रोबेशन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, जिसमें पत्रावलियों के रखरखाव में गंभीर अनियमितताएँ और लापरवाही सामने आई। पत्रावलियों को दबाकर रखने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट कर निरीक्षण के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी कि कार्यालयों में ढिलाई, प्रार्थना पत्रों को दबाकर रखने तथा जनसुनवाई से जुड़े मामलों का समय पर निस्तारण न करने जैसी लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और निर्देशों का पालन हर हाल में समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पाण्डेय आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# पेंशनरों की समस्याओं की जानकारी कर शाखा प्रबंधक ने निदान के लिए दिया पूर्ण आश्वासन

जन एक्सप्रेस। महोबा



बैंक में पेंशनरों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जायेगा। वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को सार्वजनिक कर नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी द्य यह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक महोबा के प्रबन्धक दीपक सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर्स भवन में उपस्थित होकर पेंशनरों की समस्याओं की जानकारी कर उसके निदान के लिए पूर्ण आश्वासन दिया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने पेंशनरों को पेंशन भुगतान हेतु अलग से काउंटर सहित एक ही काउंटर से भुगतान कराने की व्यवस्था सहित सी0एस0आर0 योजना से फिजियोथैरेपी उपकरण उपलब्ध कराने के साथ पेंशनरों के खातों में नॉमनी फार्म पूर्ण कराकर जमा कराने का अनुरोध किया गया। संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पेंशनरों को पेंशन में नई करेंसी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। लघुचन्द्र नारायण अरजरिया ने केवाईसी कराने में होने वाली असुविधा को दूर कराने की मांग रखी। महेन्द्र कुमार गुप्ता, ओपी सिंह, रामसजीवन गुप्ता, शिवकुमार त्रिपाठी, बसंतलाल गुप्ता ने भी विभिन्न समस्याओं से शाखा प्रबन्धक को अवगत कराया द्य तदोपरांत शाखा प्रबन्धक दीपक सिंह को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। शाखा प्रबंधक नें पेंशनरों के खातों में नॉमनी फार्म जमा कराने का कार्य युद्ध स्तर पर चलाकर पूर्ण कराया जायेगा।

# प्रेमिका के परिजनों ने बनाया शादी का दबाव, तो फांसी पर झूला प्रेमी

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली क्षेत्र के राहिया में प्रेम प्रसंग के जाल में उलझे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप प्रियंका के परिवार वालों द्वारा शादी के दबाव बनाने पर युवक ने यह कदम उठाया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राहिया निवासी 22 वर्षीय विजय पाल पुत्र सुरेश पाल शहर के उर्मिला हास्पिटल में डी-फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था। उसका सजातीय युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेम प्रसंग के चलते युवती के स्वजनों को इसकी जानकारी हो गई थी, तो वह युवक पर लगातार शादी करने का दबाव बना रहे थे। शादी न करने पर उसे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दे रहे थे। जिस कारण युवक डिप्रेशन में था। बुधवार की रात युवक घर पहुंचा और अपने कमरे में चला गया। वहीं पर उसने युवती को लाइव वीडियो दिखाने के लिए बेड पर हेलमेट रखा और उसी से मोबाइल को चेहरे की तरफकैमरा खोलकर रख दिया। इसके बाद युवती को काल की और फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर युवती ने युवक के स्वजन व उसके दोस्तों को फोन करके कहा कि उसे विजय से बात करनी है, रात होने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से नहीं आया तो उसका भाई अजय पाल कमरे पर पहुंचा और आवाज न आने पर दरवाजा तोड़कर वह अंदर पहुंचा। जहां भाई का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, इसके बाद भाई ने पुलिस को सूचना दी।

# दिव्यांग दंपत्ति की पीड़ा सुनकर डीएम पहुंचे घर, बच्चों की पढ़ाई और रोजगार की व्यवस्था का भरोसा

### बोले जिलाधिकारी-चिंता मत कीजिए, सरकार आपके साथ खड़ी है

जन एक्सप्रेस। उरई



जनसुनवाई के दौरान सामने आई एक मार्मिक गुहार पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत कार्यवाही की और दिव्यांग परिवार को राहत पहुंचाई। दो दिन पूर्व उमरारखेरा, उरई निवासी अरुण (36 वर्ष) और उनकी पत्नी गोल्डी (35 वर्ष) जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। दोनों ने बताया कि वे दृष्टिबाधित हैं, आँखों से देख नहीं सकते। उनके वृद्ध माता-पिता (72 वर्ष) भी सहारे पर हैं और घर में कोई आय का साधन नहीं है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई कठिन हो रही है और स्कूल की फीस भर पाना असंभव है।

जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि आरटीई के तहत बच्चों की शिक्षा कराई जाए और उन्हें उत्तर प्रदेश शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित किया कि परिवार को नियमित खाद्यान्न की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी आज स्वयं दंपत्ति के घर पहुंचे और उनका हाल चाल जाना उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।साथ ही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका उरई को निर्देशित किया कि परिवार को रोजगार से जोड़ने की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर सम्मानजनक जीवन जी सकें। जिलाधिकारी की इस पहल से दिव्यांग दंपत्ति भावुक हो उठे और उनकी आंखों से खुशी के आँसू छलक पड़े।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने ग्राम कुसमी के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। कोंच कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी आरिफ अली 28 वर्ष पुत्र रहमत अली राजमिस्त्री था। जो बुधवार देर शाम वह अपनी पत्नी की बहन को उरई छोड़कर कोंच लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम कुसमी के समीप पहुंचते ही उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गिरकर घायल हो गया और उसने मौके पर ही दमतोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि वह एक गरीब मजदूर के साथ अपने परिवार का इकलौता सहारा था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर हवन-पूजन के साथ गोष्ठी का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। महोबा



भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण कुलपहाड़ में समाज के लोगों द्वारा हवन पूजन एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खुशबू अरजरिया ने समाज के सभी बंधुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों के सम्मान में ऐसे कार्य करते रहना चाहिए जिससे कि हमारी भावी पीढ़ी अपने पूर्वजों के बारे में जानकर उनके पदचिन्हों पर चलकर अच्छा काम कर देश का नाम रोशन करें। केशवदास विश्वकर्मा गायत्री शक्तिपीठ नौगांव मध्य प्रदेश ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन कार्यक्रम संपन्न कराने के उपरांत समाज को संदेश देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा के उपकारों का एहसान मानते हुए उनके प्रति तथा विश्वकर्मा भगवान के पद चिन्हों पर चलने वाले लोगों का सम्मान और उत्साह वर्धन बढ़ते हुए तन मन धन से सहयोग करने की अपील की साथ ही समाज से जुआ शराब मांसाहार आदि व्यसनों को त्यागने तथा समाज हित में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में शिवचरण कीर्तनकार कुलपहाड़ और पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

धर्मजीत विश्वकर्मा भरवारा द्वारा हास्य प्रस्तुति देकर सभी को हसा हंसाकर लोटपोट कर दिया गया। कार्यक्रम में इंजीनियर करन सिंह राजपूत सपा नेता, मुन्नीलाल विश्वकर्मा कबरई, धर्मपाल जैतपुर, रामकिशोर विश्वकर्मा राठ, जगदीश नौगांव, डॉक्टर सुरेश कुमार जरौली, बिहारी लाल पनवाड़ी, राजेंद्र बेदों, पूरनलाल, अलखराम, हर प्रसाद, अंबिका टोला पातर, ओम प्रकाश, भारत, प्रेमदास महोबकंठ, रामप्रसाद, डॉ सुरेश चंद्र, मूलचंद, आशीष महुआ बांध,ज गत राज, गोविंददास, अरविंद मुढारी, बिहारी पांचाल मौहारी, बृजेंद्र चुरारी, ब्रजकिशोर विश्वकर्मा मूर्तिकार गोरहरी, हरि विश्वकर्मा सिरमौर, अशोक विश्वकर्मा बम्होरी खुर्द, अभिषेक विश्वकर्मा कुलपहाड़, अमित विश्वकर्मा असथोन, मुकेश विश्वकर्मा बरा द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अरविंद पांचाल शिक्षक तथा सभी का आभार विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष डॉक्टर हरिचरण विश्वकर्मा ने किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा डॉक्टर कमलेश सक्सेना ने कहा कि सृष्टि की रचना में भगवान विश्वकर्मा संपूर्ण विश्व में रीड की हड्डी है द्य विश्वकर्मा समाज के लोगों से कहा कि खुद को हीन भावना से न देखकर समाज में शान से जिए आज विश्व में जो भी कल कारखाने चल रहे हैं उसमे भी आशीर्वाद है द्य कार्यक्रम आयोजन के लिए विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष डॉक्टर हरिचरण विश्वकर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद तथा समाज के उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

## अपहरण की झूठी शिकायत करने वाले सास ससुर पर कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** चुर्खी थाना पुलिस ने अपहरण के मामले से पर्दा उठा दिया। जिसमें अपहरण की झूठी शिकायत करने वाले सास ससुर पर कार्रवाई की गई। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम सतराजू के मजरा डेरा निवासी माला देवी पत्नी रंजीत सिंह ने चार दिन पहले पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। बताया था कि उसके दामाद ग्राम सरसेला निवासी चिराग ने उसकी पुत्री मनीषा और 8 वर्षीय पुत्र विकी का अपहरण कर लिया है, जो करीब तीन दिन से लापता है। थाना प्रभारी शंकर सिंह ने मामले गंभीरता से लेकर जांच करना शुरू कर दिया था। जांच के बाद पुलिस को शिकायतकर्ता की पुत्री मनीषा भी अपने पति चिराग के घर में ही मिली और शिकायतकर्ता के पुत्र 8 वर्षी विक्की को उरई से बरामद किया गया। पूछताछ के बाद 8 वर्षीय विक्की ने पुलिस को बताया था कि मेरी मां माला देवी व पिता रंजीत ने ही मेरे जीजा चिराग को गलत फंसाने के लिए ही मुझे चाचा के पास भेज दिया था। पुलिस ने मामले का राजफाश करते हुए झूठी शिकायत करने वाले सास ससुर पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी शिव शंकर सिंह ने बताया अप्रैल की झूठी शिकायत करने वाले रंजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# आगामी त्यौहार को लेकर पुलिस लाइन में शस्त्र हैंडलिंग के साथ की गई साफ-सफाई



जन एक्सप्रेस। महोबा

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आर.आई. शिवकुमार के निकट पर्यवेक्षण में शस्त्रों की साफ़-सफ़ाई एवं रख-रखाव का विशेष अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा सक्रिय भागीदारी करते हुए शस्त्रों की तकनीकी जाँच, सफ़ाई तथा रख-रखाव सुनिश्चित किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य त्यौहारों के दौरान सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाना एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस पूर्णतः सजग एवं सतर्क रहते हुए जनपदवासियों की सुरक्षा के प्रति कृतसंकल्पित है तथा हर परिस्थिति में कानून-व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है।

# महोबा-हमीरपुर तिंदवारी सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत संसद में उठाएंगे भ्रष्टाचार की आवाज

- सांसद ने जिले के प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप,
- जनहित में सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए खोले गए जन औषधि केंद्र,
- जनपद के जन औषधि केंद्र से बेंची जा रही महँगी दवाएं- अजेन्द्र सिंह लोधी,
- दिव्यांग मरीज के विरोध करने पर केंद्र के कर्मचारियों ने दिव्यांग को पीटा- सांसद
- आगामी नवम्बर माह में लोकसभा सत्र में उठाएंगे जन औषधि केन्द्र में महंगी दवाओं का मुद्दा- सांसद
- पुरुष एवं महिला अस्पतालों के सीएमएस और जिले के सीएमओ ने मानी थी जनऔषधि से बाहर की दवाईयों की बिक्री की बात
- जिले के सीएमओं ने भी कई बार जनऔषधि मे निरीक्षण के दौरान बाहर कि दवा पकड़कर शासन को लिख चुके हैं पत्र
- जनऔषधि मे हो रहे घोर गड़बढ़झाले कि जांच ना करना यह मामला इंस्पेक्टर की कार्यशैली पर कर रहा सवाल खड़े

जन एक्सप्रेस। महोबा

पुरुष जिला अस्पताल एवं महिला जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र लगातार सुर्खियों में है क्योंकि बरसों से चोरी छुपे जन औषधि केंद्र में बाहर की दवाइयां बेची जा रही थी जिससे गरीब व्यक्तियों को जन औषधि केंद्र की सस्ती दवाइयां का लाभ पूरी तरीके से नहीं मिल पा रहा था जिसकी शिकायत जिला पुरुष अस्पताल के सीएमएस से लोगों ने की थी उसी को ध्यान में रखते हुए पुरुष जिला अस्पताल के सीएमएस ने जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया तो पाया कि जन औषधि केंद्र में बाहर की दवाइयां बेची जा रही हैं जिसको लेकर सोशल मीडिया में लगातार खबरें प्रकाश पर रही। खबरों से रूबरू होने के बाद हमीरपुर तिंदवारी महोबा के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने किसानों के बीमा को हड़पने वाली कंपनी वं फर्जी रॉयल्टी एवं जन औषधि केंद्र का मामला संसद में उठाने की बात कही है।




गौरतलब हो कि पुरुष जिला अस्पताल एवं महिला जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र खुला हुआ है जिससे गरीब एवं आय से कमजोर व्यक्ति प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से दवाइयां खरीद कर लाभ उठा सके पर जन औषधि केंद्र में बाजार की महंगी दवाइयां रखकर बेची जा रही थी जिसकी शिकायत लोगों ने पुरुष जिला अस्पताल एवं महिला जिला अस्पताल के सीएमएस से की और दोनों सीएमएस ने जन औषधि केंद्र की जांच की तो पाया कि बाहर की दवाइयां बेची जा रही है जिसमें सीएमएस ने फटकार लगाते हुए जन औषधि में काम कर रहे व्यक्तियों को समझाया और कहा कि जन औषधि केंद्र में बाहर की दवाइयां ना बेची जाए है जिसका वीडियो सोशल मीडिया में पूर्व के दिनों सुर्खियां में रहा इस दौरान जन औषधि केंद्र कबरई में भी जन औषधि केंद्र में महंगी दवाइयां का विरोध करना एक विकलांग को भारी पड़ गया उसको भी जन औषधि केंद्र में काम कर रहे लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर मारा और जमकर पीटा गया था जिसकी शिकायत महोबा हमीरपुर तिंदवारी सांसद से लोगों ने की जिस पर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही इन मुद्दों की आवाज संसद में उठाऊंगा।

वही हम आपको बता दें कि कुछ चाटुकार किस्म के तथाकथित पत्रकार भी इन घोटालेबाजों को बचाने में अपनी भूमिका निभाने में पीछे नहीं है और दिनभर पुरुष जिला अस्पताल एवं महिला जिला अस्पताल में यह तथाकथित पत्रकार इन घोटालेबाजों को बचाने के लिए सुबह से लेकर रात ढाई बजे तक जिला अस्पताल की इमरजेंसी में बैठे हुए देखे जा सकते हैं।

***अब देखने वाली बात यह होगी क्या आने वाले समय में जिला प्रशासन की कार्यवाही घोटालेबाजों सहित तथाकथित पत्रकारों पर होती है या नहीं।***

# त्यौहारों को लेकर डीएम-एसपी ने ली पीस कमेटी की बैठक

- डीजे की आवाज निर्धारित मानक के अनुसार रखी जाए और झंडों में धातु का प्रयोग न करे- डीएम
- प्रतिमा स्थलों के आस-पास मांस-मछली की दुकानों को न होने देने का दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



आगामी त्यौहार शारदीय नवरात्र व दशहरा को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए विशेष तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न समुदायों के प्रबुद्धजनों के साथ जिलास्तरीय पीस कमेटी की बैठक की। बैठक का संचालन शमशुल हुदा ने किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी दशा में गैर परंपरागत आयोजनों को अनुमति नहीं दी जाएगी और आयोजकों को प्रशासन से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य होगा। जुलूस या कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की पहचान पूर्व में सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति की पूरी जिम्मेदारी आयोजकों पर होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि डीजे की आवाज मानक के अनुसार रखें और झंडा लगाने के लिए धातु का उपयोग न करें। जिलाधिकारी ने धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों को संस्कृति और परंपरा की पहचान बताते हुए कहा कि इन्हें उसी रूप में मनाना चाहिए। किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे और कानून-व्यवस्था को संकट में न डालें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम और सीओ अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैठक कर जनता को आवश्यक निर्देश दें। सड़कों पर लगे अनावश्यक झंडे, पोस्टर और बैनर हटवाएं। विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर खंभों और तारों का सर्वे कर उनकी मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करने और प्रतिमा स्थलों के आस-पास मांस-मछली की दुकानों को न होने देने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक मीना ने दोनों समुदायों को संबोधित करते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व का आनंद तभी संभव है जब नियम और अनुशासन का पालन किया जाए। उन्होंने नवीन परंपराओं की शुरुआत न करने, जुलूस से अराजक तत्वों को दूर रखने और किसी भी आशंका पर तत्काल पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्षों को प्रतिमा लगाने वालों से बैठक करने और संवेदनशील स्थलों पर कड़ी नजर रखने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार अधिकारियों के समक्ष रखे और आश्वासन दिया कि आगामी त्यौहार सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे। इस दौरान बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. नवनीत गोयल, सभी एसडीएम और सीओ सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने इस बैठक से स्पष्ट कर दिया कि आगामी पर्वों में सुरक्षा, अनुशासन और सांस्कृतिक परंपरा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# पीएम मोदी के जीवन यात्रा पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

- ऑपरेशन सिंदूर, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान, कृषि विकास, और देश की अन्य उपलब्धियों को तस्वीरों के माध्यम से दर्शाया

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर महराजगंज में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी ने फीता काटकर किया। यह प्रदर्शनी आगामी 2 अक्टूबर 2025 तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

अपने उद्बोधन में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी आमजन के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार से निकलकर व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम से देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है, इसका सजीव उदाहरण हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदर्शनी में न केवल प्रधानमंत्री के जीवन संघर्ष और उपलब्धियां दर्शाई गई हैं, बल्कि उनके नेतृत्व में देश द्वारा पिछले 11 वर्षों में प्राप्त की गई ऐतिहासिक उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया गया है।

प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान, कृषि विकास, अवसंरचना निर्माण और देश की अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों को तस्वीरों के माध्यम से दर्शाया गया है। उपस्थित जनसमूह ने प्रदर्शनी को सराहा और इसे प्रेरणादायी बताया।

इस मौके पर पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कनौजिया, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया है।

इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, नगर पालिका ईओ आलोक कुमार, डॉ. ए.बी. त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा की बंदना तिवारी, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और प्रेस प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में डेरा डाल रहे तस्कर, पशुओं को रातों रात पहुंचा रहे बिहार

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

तस्करों को मुठभेड़ में घायल कर वाहवाही लूट लेने वाली कुशीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली में कई कमियां हैं। पूर्व के आंकड़े इसकी तस्दीक कर रहे हैं। ताजा मामला तो गोरखपुर के पिपराइच क्षेत्र का है, जहां पशु तस्करों ने एक छात्र की जान ले ली।

सूत्रों के मुताबिक इसमें गोपालगंज के शब्बीर गैंग के साथ कुशीनगर के तस्कर भी शामिल थे। यह पहली बार नहीं है जब कुशीनगर के तस्करों के बुलंद हौसलों से न केवल गोरखपुर में पुलिस परेशान रही है, बल्कि पशु तस्करों ने कुशीनगर में भी पुलिस को और बाधा बने लोगों को मारने की नियत से भी प्रयास किया है।

कुशीनगर और बिहार के तस्करों के आतंक से एक दो-दफा नहीं बल्कि पहले भी सीएम सिटी का सुकून छीनता रहा है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार गोरखपुर में उत्पात मचाने वाले पशु तस्करों में अधिकतर या तो कुशीनगर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के होते हैं या बिहार के अलग अलग इलाकों के। बिहार के कुख्यात सरगनाओं की शह पर वहां से आकर सांठगांठ कर कुशीनगर के तस्कर रातों रात गोरखपुर में पहले रेकी करते हैं और फिर पशुओं को चोरी कर पिकअप में लादकर बिहार पहुंचा देते हैं। गोरखपुर की घटना के बाद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश मंगलवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने डीआईजी, एडीजी जोन के साथ पुलिस कप्तानों के साथ बैठक की।

इसमें कुशीनगर के पुलिस कप्तान संतोष मिश्रा को भी बुलाया गया था।जानकारी के मुताबिक पशु तस्करी पर कुशीनगर की ओर से लगाम के लिए एसपी को कड़े निर्देश दिए गए हैं। एक दो मुठभेड़ में पशु तस्करों को पकड़कर पीठ थपथपा लेने वाली कुशीनगर पुलिस पर भी गहरे प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ऐसा इसलिए कि पिपराइच इलाके में जिन तस्करों ने उत्पात मचाया था उनमें गोपालगंज के अलावा कुशीनगर का भी तस्कर शामिल था। सूत्र बताते हैं कि बिहार के तस्कर रातों-रात कुशीनगर की सीमा में बिना रोकटोक का फायदा उठाते हुए पहले कुशीनगर के स्थानीय तस्करों से संपर्क साधते हैं और फिर सीधे गोरखपुर के इलाकों में प्रवेश कर रेकी के आधार पर पशुओं को ग्रामीण क्षेत्रों से चुराते हैं। गोरखपुर से जिले में प्रवेश करने के लिए पहला रूट कप्तानगंज के रास्ते होते हुए नेबुआ नौरंगिया, पडरौना, बांसी के रास्ते पश्चिमी चंपारण तो दूसरा रूट सहजनवा, कुशीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग का भी फायदा उठाते हुए तस्कर पशुओं को बिहार ले जाते हैं। दिसंबर 2024 में गोरखपुर में जगह जगह बवाल करने वाले पशु तस्करों को पुलिस ने पकड़ा तो खुलासा हुआ कि तस्कर जिले के पडरौना क्षेत्र के रहने वाले थे।

## कूड़ामुक्त और होगा शहर, बनेंगे तीन कूड़ा ट्रांसफर सेंटर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** शहर में अब जगह-जगह फैले कूड़े के ढेर से निजात मिलेगी। नगर पालिका परिषद इसके लिए 75 लाख रुपये की लागत से तीन कूड़ा ट्रांसफर केंद्र बनाने जा रही है। इन केंद्रों पर कूड़े रखे जाएंगे। बाद में इस बंद गाड़ियों में प्रोसेसिंग के लिए भेजा जाएगा। इससे शहर में प्रदूषण में कमी आएगी। 39 लाख रुपये की लागत आईटीआई के पास शहर का सबसे बड़ा कूड़ा ट्रांसफर केंद्र बनकर तैयार है, मगर चालू नहीं हो पाया है। दूसरा केंद्र गोरखपुर रोड ओवरब्रिज के नीचे बनाने की तैयारी है। इसके लिए नगर पालिका ने एनएचआई से एनओसी भी ले ली है। निर्माण पर 18 लाख रुपये खर्च होंगे। तीसरा कूड़ा ट्रांसफर सेंटर परशुराम चौक के पास नगर पालिका अपनी जमीन पर बनवाएगी। यह केंद्र शेडयुक्त और पूरी तरह बंद होंगे। यह इतने बड़े होंगे कि इसमें कूड़ा गाड़ी, ट्रक और जेसीबी तक अंदर चली जाएगी। इन केंद्रों के चलते कूड़े हवा के साथ नहीं बिखरेंगे। साथ ही, छुट्टा पशु भी इस कूड़े तक नहीं पहुंचेंगे।

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

- जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत घुघली को हटाने का दिया निर्देश, 50 पंचायत सहायकों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी
- एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के अंतर्गत 25 सितंबर को चलाएं वृहद स्वच्छता अभियान- डीएम

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कई अनियमितताओं पर नाराजगी जताई। एडीओ (पंचायत) घुघली का प्रदर्शन बेहद खराब पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया। साथ ही सर्वाधिक खराब उपस्थिति दर्ज कराने वाले 50 पंचायत सहायकों पर गाज गिराते हुए उनकी सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने साफ कहा कि लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यक्तिगत शौचालयों के 2722 लंबित आवेदनों में अब तक केवल 446 का निस्तारण होने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और एक सप्ताह में सभी आवेदनों का निस्तारण करने के आदेश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 90 दिन से अधिक लंबित मामलों का निस्तारण नहीं हुआ तो संबंधित एडीओ की वेतन वृद्धि रोक दी जाएगी। रेट्रोफिटिंग और मॉडल शौचालय सत्यापन की प्रगति पर जिलाधिकारी ने संतोष जताया, लेकिन 15वें वित्त आयोग के खर्च में निचलौल और धानी ब्लॉक को **सी** ग्रेड मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अक्रियाशील पंचायत भवनों को जनसेवा केंद्र के रूप में सक्रिय कराने, अंत्येष्टि स्थलों की गुणवत्ता की जांच, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के प्रस्ताव भेजने और विरासत वृक्ष अभियान को गति देने का भी आदेश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता ही सेवा है को व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत में चार-चार सीटीयू चयनित कर सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही 25 सितम्बर को एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत जिलेभर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाने की निर्देश दी गई। अंत में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दो-टूक संदेश देते हुए कहा ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना ही हमारा लक्ष्य है।

# 180 लाभार्थियों को टूलकिट व चेक वितरित

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को टूलकिट एवं चेक वितरित किए गए। जिले में ओडीओपी स्वरोजगार योजना के तहत 440 लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें से 180 लाभार्थियों को आज प्रतीकात्मक रूप से लाभ प्रदान किया गया।

इस दौरान पांच महिला लाभार्थियों को टूलकिट दी गई, वहीं चार चयनित लाभार्थियों को डेमो चेक सौंपे गए। इसमें लाइब्रेरी हेतु कुमारी सविता श्रीवास्तव को 10 लाख रुपये, मेन्स सैलून हेतु सोनू शर्मा को 1 लाख रुपये, लकड़ी फर्नीचर हेतु सुभाष को 5 लाख रुपये तथा सिलाई-कढ़ाई के लिए कुमारी सरस्वती को 2 लाख रुपये का चेक वितरित किया गया।

कार्यक्रम में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह व सदर विधायक जयमंगल कन्नोजिया संयुक्त रूप से लाभार्थियों को टूलकिट एवं चेक प्रदान किए। इस अवसर पर सभागार में लखनऊ से मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उद्बोधन भी सुना।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, ब्लॉक प्रमुख परतावल आनंद सिंह वर्मा, उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, पीडी रामदरश चौधरी व जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार समेत बड़ी संख्या में महिला लाभार्थी मौजूद रहीं।

## कैल्शियम की कमी से कमजोर हो रहीं हड्डियां

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में हड्डी रोग से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मेडिकल कालेज में हड्डी रोग अनुभाग में अधिक भीड़ रहती है। डॉक्टर इसे कैल्शियनयुक्त पदार्थ के कम सेवन को वजह बता रहे हैं।

बुधवार को 200 से अधिक मरीज हड्डी रोग विभाग में दिखाने पहुंचे। इन मरीजों में कैल्शियम कम पाया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बदलते खानपान और कैल्शियम की कमी से हड्डियों से संबंधित रोग बढ़ रहे हैं। इन दिनों ओपीडी में 300 से अधिक मरीज आ रहे है। इनमें से 60 से 70 मरीज कैल्शियम की कमी वाले पहुंचते हैं। चिकित्सकों के अनुसार बदलते खानपान और कैल्शियम की कमी से हड्डियों से संबंधित रोग बढ़ रहे हैं। इन दिनों ओपीडी में 300 से अधिक मरीज आ रहे है। इनमें से 60 से 70 मरीज कैल्शियम की कमी वाले पहुंचते हैं।

# छात्र के परिजन बोले- बेनकाब हुआ पूर्व प्रधानाचार्य का झूठ

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

क्षेत्र के एक गांव के छात्र की कुशीनगर के हाटा में हत्या के बाद पूरा परिवार काफी सदमे में है। हत्या से एक दिन पहले छात्र ने फोन कर अपनी मां से बात की थी। कहा था कि जिवित्पुत्रिका पर्व पर दो दिन के लिए घर आएगा, मगर किसे पता था कि वह हमेशा के लिए घर नहीं लौटेगा। शुभचिंतकों और रिश्तेदारों का पीड़ित परिवार में घर पहुंचना जारी है।

महुआडीह थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित परिजनों के घर बुधवार को भी मातम छाया रहा। परिवार के सदस्य बेटे की जघन्य हत्या को याद कर रो रहे थे। घर पर सगे संबंधियों का आना-जाना जारी रहा। ढांढस बंधा रहे लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पा रहे थे। छात्र की मां के आंसू थम नहीं रहे। उन्होंने बताया कि हत्या से एक दिन पहले बेटे ने विद्यालय के मोबाइल से घर फोन कर सबका हाल चाल पूछा। मां ने कहा कि बेटा घर कब आओगे तो बताया कि शनिवार को जिऊतिया पर्व पर दो दिन के लिए घर आऊंगा।

फिर सोमवार की सुबह विद्यालय आ जाऊंगा। पर उसे नहीं पता कि अगले दिन इस तरह उसकी हत्या हो जायेगी। जिस बेटे की लंबी उम्र की जिस दिन मां व्रत रखेगी, उसके पहली रात इस तरह हत्या कर दी जाएगी।

दादा पोते को खोकर अपनी पीड़ा नहीं रोक पा रहे। उन्होंने बताया कि जिन हाथों से चलना सिखाया, इन्हीं हाथों से अंतिम संस्कार किया। रुंधे हुए गले से कहा कि वह अपने दोस्तों के साथ बृहस्पतिवार की रात को सोया था। रात नौ बजे के करीब बाहर पेशाब करने निकला। इसी बीच परिसर में ही रह रहे पूर्व प्रधानाचार्य प्रभुनाथ पांडेय ने उसे अपने पास बुलाया।

उसके साथ कुकर्म करने का प्रयास किया। नहीं मानने पर गला दबाकर हत्या कर फंदे से शव को लटकाकर बच्चों को दिखाया कि छात्र ने आत्महत्या कर लिया है। मगर, उसका झूठ बेनकाब हो गया है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मामले में मनमानी का आरोप लगाया है। कहना है कि हत्या के बाद प्रबंधक, उसके बेटे, बहू और प्रधानाचार्य पर हत्या का नामजद तहरीर दिया गया था, लेकिन पुलिस ने बहू पर केस दर्ज न करके प्रभुनाथ के दूसरे बेटे को केस में शामिल कर लिया। इस बात को लेकर पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को हाटा कोतवाली में आवाज भी उठाई, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

# रामजानकी मार्ग से होती है पशु तस्करी, पुलिस की सुस्ती से बढ़ती गई रफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

गोरखपुर में पशु तस्करों के उपद्रव मचाने के बाद पूरी रात सक्रिय रही जिले की पुलिस, बॉर्डर पर आने-जाने वाले वाहनों की हुई जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। गोवंशीय पशुओं की तस्करी देवरिया के रास्ते बिहार में करने का मामला सामने आया है। गोरखपुर रेंज में होने वाली पशुओं की तस्करी का रूट तत्कालीन आईजी अमिताभ यश ने वर्ष 2016 में चिह्नित कराया था, उसमें देवरिया के दो रूट भी शामिल थे। उन्होंने इस रूट से जुड़े थानेदारों को गश्त बढ़ाने और तस्करी रोकने के निर्देश दिए थे, मगर थानेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और तस्करी बदस्तूर जारी रही।

बिहार बॉर्डर से सटे लार थाना क्षेत्र के मेहरौना पुलिस चौकी से आसानी से पशु तस्करों की गाड़ियों की एंट्री बिहार में मिल जाती है। गोरखपुर में पशु तस्करों के उपद्रव मचाने और युवक की हत्या के बाद देवरिया की पुलिस की नींद खुली और पूरी रात बिहार बॉर्डर को जोड़ने वाले 46 स्थानों पर सलेमपुर व भाटपाररानी सीओ के नेतृत्व में अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों व लोगों की जांच की गई। इसके पूर्व बॉर्डर क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता न के बराबर रही। पुलिस अफसरों की सख्ती के बाद भी रामजानकी मार्ग से जुड़े जिले के थाने बरहज, मईल और लार की पुलिस की पोल कई बार खुल चुकी है। मईल में कुछ दिन पहले वाहन पलटने से पशु तस्करी का भंडाफोड़ हो गया था। इसके अलावा मेहरौना चौकी पर तैनात पुलिस की सक्रियता की तब पोल खुल गई, जब मेहरौना बॉर्डर पार कर सिवान जिले के गुठनी पुलिस ने बिहार में एंट्री होते ही श्रीकरपुर चेकपोस्ट पर पकड़ लिया था।

इसके बाद पुलिस की मिलीभगत से तस्करी का भंडाफोड़ हुआ था। इसमें तत्कालीन एसपी प्रभाकर चौधरी ने मेहरौना बॉर्डर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी की थी। पुलिस अफसरों की लाख कड़ाई के बाद भी पशु तस्करों से सांठगांठ रखने वाले पुलिसकर्मी तस्करी कराने से बाज नहीं आ रहे हैं। तस्करों के बरामद मोबाइल के जरिये इस खेल में शामिल सफेदपोशों को भी पुलिस ने कई बार ट्रेस किया, मगर इस नेटवर्क में शामिल मजबूत लोगों की वजह से मामला खुला नहीं और ठंडे बस्ते में चला गया।

## मेडल पहनाकर विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

सातवीं जनपदीय ताईक्कांडो चैंपियनशिप-2025 का आयोजन बुधवार को बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के बैडमिंटन हॉल में हुआ। इसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पीएन पाठक ने कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खेल से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, शारीरिक व सर्वांगीण विकास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल बढ़ावा व युवाओं के लिए पूर्ववर्ती सरकारों से बेहतरीन कार्य किए हैं। उनका कीर्तिमान आज विश्व में भारत का नाम रोशन कर रहा।

# 24 घंटे स्थिर रहने के बाद फिर बढ़ने लगी सरयू

- सरयू में उतार-चढ़ाव से तटवर्ती गांवों के लोग चिंतित, आठ घंटे में चार सेमी का बढ़ा पानी

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



सरयू नदी का जलस्तर ए दो दिन घटने के बाद फिर बढ़ने लगा है। इससे तटवर्तीय लोगों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। सरयू नदी में हो रहे अप्रत्याशित परिवर्तन से नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों की नींद उड़ गई है। जुलाई माह से सरयू नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है।तीन दिन तक बढ़ने के बाद रविवार की शाम से नदी के जलस्तर में घटाव शुरू हो गया था। नदी खतरे के निशान से 50 सेमी ऊपर पहुंचने के बाद घट कर खतरे के निशान से नीचे पहुंच गई थी। बुधवार की सुबह से नदी में एक बार फिर बढ़ाव शुरू हो गया और आठ घंटे में चार सेमी की बढ़ोत्तरी कर 64¬16 मीटर पर पहुंच गई। केंद्रीय जल आयोग तुर्तीपार के अनुसार बुधवार की शाम चार बजे नदी का जलस्तर हेड मीटर पर 64.16 मीटर रिकार्ड किया गया। मीटर पर अंकित खतरे के निशान 64¬10 मीटर से छह सेमी ऊपर है। जेई प्रकाश ओझा ने बताया कि पहाड़ों में हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के चलते जलस्तर में वृद्धि हो रही है। मीटर पर निगरानी रखी जा रही है।

# बस्ती में पुलिस-बदमाश मुठभेड़ कुख्यात गौ-तस्कर गिरफ्तार

### जनता का रिएक्शन

ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। उनका कहना है कि इलाके में लंबे समय से गौ-तस्करी का जाल फैला हुआ था। लोग डरे-सहमे रहते थे। लेकिन इस मुठभेड़ के बाद अपराधियों में खौफ और जनता में भरोसा दोनों बढ़ा है।



### बस्ती पुलिस का सख्त संदेश

पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि जिले में अपराध और खासकर गौ-तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसओजी और स्वाट की टीमें लगातार सक्रिय हैं। अपराधियों पर निगरानी रखी जा रही है और फरार साथियों की तलाश में दबिश जारी है।

जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिले के हरैया थाना क्षेत्र के एनएच-28 पर सोमवार देर रात ऐसा नज़ारा देखने को मिला जिसे देखकर लोग दंग रह गए। रात का सन्नाटा, सड़क पर भागती गाड़ियाँ और अचानक पुलिस-अपराधी आमने-सामने। एनएच पर जैसे ही एक संदिग्ध वाहन गुज़रा, पुलिस ने रोकने का इशारा किया। वाहन के भीतर से गौवंशीय पशुओं की हलचल साफ़ सुनाई दे रही थी। लेकिन वाहन चालक ने गाड़ी रोकने की बजाय रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस तुरंत अलर्ट हुई और पीछा शुरू किया। तभी गोलियों की आवाज़ गूँज उठी। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। अंधेरे और गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच ऐसा माहौल बन गया मानो किसी फिल्म का क्लाइमैक्स हो। कुछ ही पलों में सड़क पर जंग का मैदान सा दृश्य बन गया।

### संयुक्त पुलिस टीम की कार्रवाई

इस ऑपरेशन में थानाध्यक्ष परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह , स्व्हृ प्रभारी निरीक्षक विकास यादव, थाना हरैया स्.।ह्व तहसीलदार सिंह, स्ह्व छावनी जनार्दन प्रसाद, स्वाट प्रभारी संतोष कुमार की संयुक्त टीम शामिल रही। सभी ने मिलकर रणनीति बनाई और रातभर इलाके की घेराबंदी की।

### बरामदगी और गिरफ्तारी

मौके से पुलिस ने एक कट्टा और कारतूस बरामद किए। साथ ही गाड़ी में भरे छह गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित निकाल लिया गया। आरोपी की पहचान रामपुर जिले के रहने वाले सुभान अली उर्फ पापु के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि वह पेशेवर गौ-तस्कर है और पहले भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है।

### परशुरामपुर थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना अध्यक्ष परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह की सक्रियता निर्णायक साबित हुई। उन्होंने सूचना मिलते ही अन्य टीमों को अलर्ट किया और घेराबंदी करवाई। उनके नेतृत्व और त्वरित फैसले से ही पुलिस को यह सफलता मिली।

पुलिस ने बदमाशों को चारों ओर से घेर रखा था। तभी एक चीख सुनाई दी-शातिर गौ-तस्कर सुभान अली उर्फ पापु के पैर में गोली लग गई। जैसे ही आरोपी ज़मीन पर गिरा, पुलिस ने उसे दबोच लिया। तमंचा छीनकर उसे काबू में किया गया। आसपास मौजूद ग्रामीण इस पूरे घटनाक्रम को सांस रोककर देख रहे थे। किसी ने कहा-आज पुलिस ने दिखा दिया कि अपराध कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून से बचना नामुमकिन है। देर रात की यह मुठभेड़ बस्ती जिले की सबसे बड़ी घटना बन गई। पुलिस ने न सिर्फ एक कुख्यात तस्कर को पकड़ा बल्कि छह गौवंशीय पशुओं को भी बचा लिया। यह कार्रवाई इस बात का सबूत बनी कि अपराध कितना भी संगठित क्यों न हो, पुलिस के शिकंजे से बचना संभव नहीं।

## जमीनी रंजिश में हत्या करने वाले पिता और तीन पुत्रों को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अपर्णा देव की अदालत ने जलालपुर थाना क्षेत्र में 11 वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में पिता और उसके तीन पुत्रों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और ?22,000 अर्थदंड की सजा सुनाई। वादिनी पूनम निवासी ग्राम मरही थाना जलालपुर ने 1 जुलाई 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि रात करीब 8ः30 बजे पुरानी आबादी की जमीन को लेकर विवाद में विजय सरोज घर में घुसकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर उसने ईंट से हमला कर दिया। वादिनी के शोर मचाने पर पड़ोसी दुलारी देवी, राजेश, सुनील और काजू बचाव के लिए पहुंचे। तभी विजय के भाई अजय, संजय और पिता राम आसरे भी मौके पर आ गए और सभी ने मिलकर हमला कर दिया। चाकू, गुप्ती और ईंट से किए गए हमले में दुलारी देवी की मौत हो गई, जबकि राकेश गंभीर रूप से घायल हुआ और उसे वाराणसी रेफर करना पड़ा।

पुलिस विवेचना और शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप मौर्य द्वारा प्रस्तुत गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने राम आसरे सरोज और उसके तीनों पुत्र विजय, अजय व संजय सरोज को हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और ?22,000 अर्थदंड से दंडित किया।

## रोगियों को गोद लेकर पोषण सामग्री का वितरण एवं गोद लेने वाले निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिंसू' सदस्य विधान परिषद ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वन्दना सिंह के नेतृत्व में शिक्षा,शोध,नवाचार के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है। आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है। प्रधानमंत्री का सपना है कि 2025 तक भारत को पूर्ण रूप से टीबी मुक्त करना है। उनके जन्मदिन पर हमारा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर 100 क्षय रोगियों को गोद लेकर आज पोषण सामग्री वितरित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने क्षय रोगियों को विस्तार से क्षय रोग के बारे में बताया। पोषण सामग्री के समय पर उपयोग करने एवं दवाओं के नियमित सेवन की सलाह दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ विनोद सिंह ने कहा कि हमारा विश्वविद्यालय कुलाधिपति एवं शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करता है। आज जितने भी क्षय रोगी गोद लिए गए हैं। उनका समय-समय पर पोषण किया जाएगा और उन्हें स्वस्थ होने में मदद की जाएगी। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर राकेश यादव ने किया। उन्होंने विस्तार से बताया की वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक 3260 क्षय रोगियों को गोद लिया जा चुका है। उन्हें समय-समय पर पोषण सामग्री देकर स्वस्थ होने में मदद की गई। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए क्षय रोगियों की स्वस्थ होने की सफलता दर 95त्न से अधिक है। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम समन्वक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ राज बहादुर यादव ने दिया। प्रधानमन्त्री टी.बी.मुक्त भारत आभियान से अब टीबी रोगियों में भारी कमी आई है। इसके लिए सबको चेतना होगा तथा टीबी रोगियों के उपचार में सभी के सहयोग से ही 2025 तक भारत टीबी मुक्त हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुशील कुमार अग्रहरी एवं सुमित सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर प्रमोद कुमार यादव, आइक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर गिरिधर मिश्र, प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर, डॉ धीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ अवधेश कुमार, अनिल मौर्य,सलिल यादव, सर्वेश कुमार यादव,प्रमोद कुमार, राजू श्रीवास्तव, गुलाब कनौजिया, संदीप यादव ,प्रमोद, मुन्ना रावत, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी प्रदीप सोनी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना खुटहन पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी प्रदीप सोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदीप सोनी ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर करीब चार वर्षों तक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और पति-पत्नी की तरह साथ रहा। लेकिन जब पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर थाना खुटहन में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी प्रदीप सोनी पुत्र रामजियावन सोनी निवासी ग्राम इमामपुर थाना खुटहन को बस स्टैंड खुटहन से गिरफ्तार कर लिया।

## डीआईजी बस्ती ने अपराध समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस। बस्ती



परिक्षेत्रीय कार्यालय सभागार में गुरुवार को डीआईजी बस्ती श्री संजीव त्यागी ने परिक्षेत्र के जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति, लंबित मामलों के निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और विभिन्न अभियानों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीआईजी ने वर्तमान में चल रहे पाँच प्रमुख अभियानों-ऑपरेशन क्लीन, पटाखा दुकान तथा भंडारण स्थल का सत्यापन, लंबित अभियोग निस्तारण, गौ-तस्करी और शस्त्र-कारतूस सत्यापन-में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला संबंधी अपराधों, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अधिनियम से जुड़े मामलों और शासन की प्राथमिकताओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने वांछित और शीर्ष अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, धारा 107 बी.एन.एस.एस. तथा गिरोहबंद अधिनियम की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही तेजी से करने पर बल दिया। साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, जनशिकायत पोर्टल, अपराध एवं अपराधी पंजीकरण प्रणाली, सार्वजनिक शिकायत निस्तारण पोर्टल और अन्य शिकायत निस्तारण तंत्र की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। डीआईजी ने रात्रिकालीन पुलिसिंग, सामुदायिक पुलिसिंग और नियमित पैदल गश्त को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने 'सी-प्लान' तथा 'त्रिनेत्र 2.0' मोबाइल अनुप्रयोग पर आँकड़े अद्यावधिक कराने, पुलिस आपात सेवा 112 की प्रतिक्रिया समय में सुधार करने और लंबित विभागीय पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ.अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनन्दन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह, परिक्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रभारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिशा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अफसरों की ली क्लास, एनएचएआई रहा मुख्य निशाने पर



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद सदर बाबू सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता और सांसद मछलीशहर प्रिया सरोज व राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी की सह-अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

सबसे ज्यादा सवाल एनएचएआई विभाग को लेकर उठे। टोल प्लाजा पर अवैध वसूली, स्थानीय नागरिकों से बदसलूकी और 20 किमी के दायरे में आने वालों से भी टोल वसूलने पर सांसदों ने सख्त नाराजगी जताई। चेतावनी दी गई कि यदि तत्काल व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देशित किया कि टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों के चरित्र प्रमाण-पत्र समिति को उपलब्ध कराए जाएं।

### जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी

बैठक में विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय, शाहगंज रमेश सिंह, केराकत तूफानी सरोज, मल्हनी लकी यादव, मुगराबादशाहपुर पंकज पटेल, मड़ियाहूं डॉ. आरके पटेल, मछलीशहर डॉ. रागिनी सोनकर, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिन्सू, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्या सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह, परियोजना निदेशक के.के. पांडेय समेत तमाम अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने आश्वस्त किया कि सांसद अध्यक्ष द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा

### मनरेगा और लोकनिर्माण विभाग पर सख्ती

बैठक में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अन्नपूर्णा भवन निर्माण में जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव अनिवार्य रूप से लेने की बात कही गई। वहीं पीडब्ल्यूडी द्वारा शिलापट्ट संबंधी गलत सूचना देने पर नाराजगी जताई गई और भविष्य में सभी निर्माण कार्यों में संबंधित जनप्रतिनिधियों का नाम सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।

### स्वास्थ्य विभाग पर सवाल

जिला अस्पताल में ऑनलाइन पंजीकरण और डॉक्टरों की उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा हुई। ट्रॉमा सेंटर में खराब अल्ट्रासाउंड मशीन दुरुस्त कराने, मछलीशहर सीएचसी की बाउंड्री वॉल ठीक कराने और जनपद में एमआरआई मशीन की स्थापना के प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।

### कृषि और शिक्षा विभाग की समीक्षा

किसानों को समय से यूरिया, बीज और उर्वरक उपलब्ध कराने, काला बाजारी व ओवररेटिंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और सीएचसी-पीएचसी पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही गई।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत कोतवाली की महिला चौकी प्रभारी पुष्पा ने गुरुवार को शहर के प्रमुख स्थानों व कॉलेजों में पहुंचकर छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा व आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला चौकी प्रभारी पुष्पा ने राज कॉलेज, इंटर कॉलेज, सद्भावना पुल, किला रोड और रासमंडल क्षेत्र में छात्राओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090 (वूमेन हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड लाइन), 1930 (साइबर नंबर), 181, 108 व 102 की जानकारी देते हुए इनका प्रयोग करने की अपील की। पुष्पा ने छात्राओं से कहा कि यदि कोई व्यक्ति घूरता है, टिप्पणी करता है या रास्ते में बेड कमेंट करता है तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान उनके साथ हेड कांस्टेबल शिव प्रसाद, आरक्षी राशि मिश्रा और रीना सिंह भी मौजूद रहीं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### भूमि विवाद में प्रधान को मिल रही जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन भटपुरा गांव के प्रधान सत्यनारायण बिंद ने थाने में तहरीर देकर पड़ोसी व उसके कई अन्य साथियों के द्वारा भूमि विवाद को लेकर उसे जान से मारने व रास्ते में घेराबंदी करने का आरोप लगाया है। मामले में एक नामजद पांच अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया है। प्रधान का आरोप है कि पड़ोसी जबरन उसकी भूमि में निर्माण कर रहे थे। मना करने पर वे मारपीट पर अमादा हो रहे थे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण रोक दिया। इसी से खार खाए पड़ोसी सुरेश और पांच इनके साथी रास्ते में घेराव व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो बदमाश गिरफ्तार, दो तमंचा व कारतूस

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान बुधवार को चेकिंग के दौरान दो बदमाशों को दो तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय व उपनिरीक्षक राजेश कुमार हमराहियों के साथ गश्त के दौरान बड़सरा मोड़ के पास संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम ने सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव निवासी आकाश शुक्ल व स्वतंत्र शुक्ल को संदेह होने पर पकड़ लिया। तलाशी में दोनों के पास से 315 बोर का एक-एक तमंचा व कारतूस मिला

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन गोसाईपुर नहर पुलिया के पास बुधवार की रात ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष चन्दन कुमार राय ने घायल युवक को सीएससी भेजवाए। जहां देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेठुआपारा गांव निवासी 28 वर्षीय धर्मेन्द्र यादव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शाम को किसी काम से खुटहन बाजार आया था। जहां से वह रात लगभग साढ़े नौ बजे वापस घर लौट रहा था। उक्त नहर पुलिया के पास सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आ गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आने से तेज रक्त स्राव होने लगा। अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस दुर्घटना करने वाली ट्रक की तलाश कर रही है।

### महिला सभासद का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। गौराबादशाहपुर नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के वार्ड नंबर 9 बंजारेपुर उत्तरी की महिला सभासद शबीना अंसारी ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ईओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। सभासद का आरोप है कि वार्ड में हुए आरसीसी व इंटरलॉकिंग कार्य के बाद हाल ही में लगाए गए शिलापट्ट पर उनके नाम पर बुधवार को जानबूझकर कालिख पोत दी गई। जब उन्होंने इस संबंध में ईओ से पूछताछ की तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। सभासद शबीना अंसारी ने एडीएम वित्त एवं राजस्व राम अछैबर चौहान को पत्र सौंपकर प्रकरण की जांच कराने की मांग की। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत के अन्य वार्डों के सभासद और प्रतिनिधि अतीक अहमद, शीशवंश सिंह, अजीत विश्वकर्मा, सन्नी गुप्ता, सलामुद्दीन अंसारी और अमीक अंसारी भी मौजूद रहे। एडीएम ने मामले की जांच प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ठ को सौंप दी है। सीआरओ ने कहा कि महिला सभासद द्वारा की गई शिकायत की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

## नाबालिक द्वारा अपने साथ दुराचार होने का वीडियो किया था वायरल, पिता मुकरा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद स्थानीय नगर पंचायत के एक वार्ड के 12 वर्षीय किशोर का अपने साथ दूसरे समुदाय के युवक द्वारा अप्राकृतिक सम्बंध बनाने के स्वीकारोक्ति का विडिओ वायरल हुआ था।यह घटना लगभग 10 दिन पूर्व की थी।जब इस बात की जानकारी किशोर के परिवार को हुई तो उन लोगो ने पुलिस को जानकारी दिया था। उस समय कस्बे में यह मामला काफी चर्चा में रहा। आरोपित गैर समुदाय का था इस लिए काफी चर्चित मामला बन गया था।उक्त मामले में कस्बे में काफी राजनीति भी शुरू हुई थी। परंतु उस समय अचानक मामला दब गया था। उसको लेकर भी काफी चर्चा है।उसके बाद लोगों को लगा कि कोई कार्यवाही होगी। अचानक किशोर तथा उसके के पिता ने घटना के अस्वीकार करने का विडीओ अब वायरल होने लगा।इस बारे में थानाध्यक्ष रमेश कुमार से बताया कि यह मामला पुराना है। मामले में जांच पड़ताल की गई थी।मामला गलत समझ में आया था।जिसके ऊपर आरोप लगा था उसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया था। यह मामला गलत है। नाबालिक किशोर के नशा करने की बात सामने आयी थी। इस मामले में कुछ लोग पुरानी रंजिश निकालने के लिए राजनीतिक मुद्दा बनाकर मामले को तूल पकड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यह मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। धार्मिक उन्माद की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। वैसे किशोर और उसके पिता न इस तरह की घटना से साफ इंकार किया है।

## शिक्षकों के हक को लेकर सड़क से सदन तक बनूंगा आवाज: पकंज पटेल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिला मुख्यालय पर अटेवा पेंशन बचाओं मंच जौनपुर के पदाधिकारियों ने 2011से पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने ज्ञापन सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक मछलीशहर डॉ.रागिनी सोनकर तथा मुंगराबादशाहपुर विधायक पंकज पटेल को शिक्षकों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।डाक बंगले पर ज्ञापन के दौरान विधायक पंकज पटेल ने कहां कि शिक्षकों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक आवाज बनूंगा। विधायक ने यह भी कहा कि शिक्षकों के साथ यह अन्याय हो रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अटेवा पेंशन बताओं मंच के जिला पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक पदाधिकारी तथा सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। अटेवा ने कहां कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता थोपना न केवल अनुचित है बल्कि शिक्षकों के भविष्य और मान-सम्मान से भी जुड़ा हुआ है। संगठन ने मांग किया कि इस सम्बन्ध में राज्य एवं केन्द्र सरकार शीघ्र सकारात्मक कदम उठाए।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंदन सिंह, इन्दु प्रकाश यादव, नन्द लाल पुष्पक, राजेश उपाध्याय, आशीष लोहिया, अशोक यादव, दीपक कुमार मौर्या, प्रदीप उपाध्याय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## एआईएमआईएम ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, प्रदेश अध्यक्ष को मिली धमकियों पर जताई नाराज़गी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

एआईएमआईएम जिला इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ सोशल मीडिया पर की जा रही अभद्र टिप्पणी और गोली मारने जैसी धमकियों पर कड़ा विरोध जताया है। जिलाध्यक्ष इमरान बंटी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी सिटी को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर और अरुण राजभर मीडिया के जरिए शौकत अली के खिलाफ माहौल बना रहे हैं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें धमकियाँ मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि ÷प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ अशोभनीय भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संविधान और कानून के दायरे में ही जवाब दिया जाएगा। देश का कोई भी नागरिक कानून हाथ में नहीं ले सकता।

उन्होंने सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनके कई वीडियो वायरल हैं, जिनमें वे कार्यकर्ताओं को कानून हाथ में लेने के लिए उकसाते दिखाई देते हैं।

## पशु केंद्र का निर्माण कार्य ठप, आक्रोशित पशुपालकों ने किया प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जफराबाद सिरकोनी ब्लॉक के राजेपुर रामेश्वरम में नया पशु केंद्र बनने का काम शुरू न होने से गुरुवार को ग्रामीण पशुपालकों ने निर्माणाधीन स्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। पशुपालकों का कहना है कि पुराना पशु केंद्र काफी जर्जर हो चुका था, जिसे छह माह पहले ध्वस्त कर दिया गया था। इसके बाद ठेकेदार ने नींव भरने के बाद काम बंद कर दिया। इस वजह से न तो पशु चिकित्सक बैठ पा रहे हैं और न ही पशु मित्र, जिससे पशुपालकों को इलाज और दवा की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समय लंपी रोग फैलने से पशुपालकों की परेशानी और बढ़ गई है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो वे जिलाधिकारी से मिलकर पशु केंद्र निर्माण की मांग करेंगे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि निर्माण इकाई यूपीसीएलडीएफ के चीफ इंजीनियर से बात हो चुकी है। दो दिन पहले ठेकेदार को भुगतान किया गया है और काम जल्द शुरू होगा। अक्टूबर तक केंद्र तैयार हो जाएगा। प्रदर्शन में शामिल लोगः छोटेलाल सरोज, संजय सिंह, शैलेश सोनी, शैलेश हरिजन, भरत, राजकुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### साइबर फ्राड का रूपया आवेदक के खाते में वापस कराया

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह,थाना लाइन बाजार जौनपुर के दिशा-निर्देशन में थाना लाइन बाजार साइबर हेल्प डेस्क पुलिस द्वारा पीड़ित दीपक कुमार शुक्ला पुत्र श्री रामदुलार शुक्ला निवासी मोहल्ला खरका कालोनी थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर का फ्राड का रूपया 26000/- उनके खाते में वापस कराया गया। अगर किसी व्यक्ति के साथ आन लाइन फ्राड होता है तो उस व्यक्ति को 1930 पर 24 घण्टे के अंदर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गयी और अगर 24 घण्टे से ऊपर हो गये है तो www.cybercrime.gov.in पर कम्प्लेन दर्ज करा सकता है।

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने की अनूठी पहल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत कन्नौज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय अभियंत्रण कॉलेज कन्नौज द्वारा विकसित भारत युवा लीडर संवाद कार्यक्रम मे अधिक संख्या मे युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने और उनके विचारों को आगे लाने के उद्देश्य से क्विज़ पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम मे जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी, एन एस एस कार्यक्रम संयोजक अभिषेक बाजपेयी एवं आई टी आई कॉलेज प्रधानाचार्य अनुज सिंह द्वारा क्विज़ प्रतियोगिता मे सहभागिता के दिशा निर्देश छात्रों को दिए । मेरा युवा भारत ने युवाओं को सीधे राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में जोडने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस पहल के अन्तर्गत, 1 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि जिस प्रकार युवा ऊर्जा देश की प्रगति का आधार है, उसी प्रकार ज्ञान और विचारों के आदानप्रदान से भविष्य का भारत अपनी सशक्त दिशा तय करेगा।

यह प्रतियोगिता विशेष रूप से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए रखी गई है। प्रतिभागियों को 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर देने के लिए 10 मिनट का समय मिलेगा। पूरी तरह निःशुल्क यह क्विज देश की 12 प्रमुख भाषाओं में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि हर कोने का युवा इसमें सहज रूप से भाग ले सके। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह है, कि प्रत्येक प्रतिभागी को डिजिटल भागीदारी प्रमाण पत्र मिलेगा। साथ ही, शीर्ष 10000 विजेताओं को न केवल आकर्षक पुरस्कार और गुडीज दिए जाएंगे, बल्कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग मंच पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रत्यक्ष संवाद करने का ऐतिहासिक अवसर भी प्राप्त होगा। विजेताओं का चयन पूरी तरह कंप्यूटर आधारित पारदर्शी प्रणाली से होगा, जिससे प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रश्न न उठ सकें। जिला युवा अधिकारी मीनू बोहरा ने इस अवसर पर युवाओं से व्यापक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक क्विज नहीं, बल्कि युवाओं की सोच और ऊर्जा को सही दिशा देने का एक सुनहरा अवसर है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जो संकल्पना प्रधानमंत्री जी ने रखी है, उसकी पहली नींव आज के युवा ही मजबूत करेंगें। इस मंच के माध्यम से को सीधे देश की प्रगति से जोड़ पाएंगे। उन्होने आगे कहा कि जिले के प्रत्येक शिक्षण संस्थान, कॉलेज, युवा संगठन औरअभिभावक युवाओं को प्रोत्साहित करें ताकि अधिक से अधिक छात्र, छात्राएँ इसमें सम्मिलित हों और विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रतियोगिता में शामिल होने की प्रक्रिया बेहद सरल है। इच्छुक प्रतिभागी mybharat. gov.in पर जाकर Register Now विकल्प के जरिए स्वयं को पंजीकृत कर सकते है। पहले से पंजीकृत प्रतिभागी लॉगिन कर पर क्लिक कर प्रश्न उत्तर सत्र में भाग ले सकते है।

सरकार का यह प्रयास युवाओं को केवल ज्ञान प्रतियोगिता में जोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें भविष्य के भारत के निर्णायक नेतृत्व का हिस्सा बनाने की दिशा में भी एक सार्थक कदम है।

कार्यक्रम मे चक्रेश पांडे, आकाश तिवारी, कल्पना पांडे, विकाश गुप्ता, ओंकार यादव एवं अन्य कॉलेज के प्रोफेसर का सहयोग प्राप्त हुआ।

# जांच पड़ताल कर घटना स्थल का नक्शा बनानें पहुंची टीम

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




पूर्व में सात रोज पूर्व एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपाल ममता को पचास हजार रुपया घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने पर मौरावां थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसे जेल भेज दिया था। गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम तहसील पहुंची। जहां एसडीएम ने नायब तहसीलदार व नाजिर व राजस्व निरीक्षक व कोतवाली पुलिस को टीम के साथ लेखपाल के बंद कमरे में गयी ताले को तोड़कर कमरे के अंदर जाकर घटना का नक्शा बनाया। साथ में पीडित भी था। तहसील क्षेत्र के गांव मोहिनीखेड़ा निवासी श्रीराम की मौरावां - रायबरेली मार्ग पर अकोहरी को तीन बिसुआ भूमि गाटा संख्या 5875 खरीदी थी। जिसका दाखिल हो चुका है। उक्त भूमि को कामर्शियल करने के लिए धारा 80 के तहत लेखपाल की रिपोर्ट लगनी थी।बताया कि रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल ममता प्रजापति ने 75 हजार रुपए घूस की मांग की थी। जिसके बाद बेटे अवधेश कुमार जोकि वकालत की पढ़ाई कर रहा है। 12 सितम्बर को दो बजे दोपहर को पुरानी तहसील स्थित लेखपाल ममता प्रजापति के कमरे पर अवधेश पहुंचा। जहां लेखपाल ममता को पचास हजार रुपए दिए। तभी टीम ने पकडकर मौरांवा थाने में ले गयी थी और अभियोग लेखपाल ममता के विरुद्ध दर्ज कराया था। जहां 13 सितम्बर को मौरांवा पुलिस ने एंटी करप्शन कोर्ट पेश किया गया था जहां से जेल चली गयी। गुरुवार को एंटी करप्शन से अरुनेश गुप्ता टीम के साथ पीडित अवधेश को लेकर तहसील पहुंची। जिस पर एसडीएम ने नायाब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी व राजस्व निरीक्षक हरिश्याम व नाजिर रिषभ व कोतवाली के दरोगा बिनोद सिंह एंटी करप्शन टीम के साथ जेल में बंद लेखपाल ममता के पुरानी तहसील में स्थित कमरे में गये। कमरे में ताले को हथौड़े से तोडकर टीम कमरे के अंदर जाकर मौका मुआयना किया। करीब आधे घंटे जांच पडताल की। साथ में पीडित अवधेश भी रहा। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि एंटी करप्शन की टीम घटना स्थल का मौके का नक्शा बनाने के लिए आई थी। कमरे में लगे ताले को तोडवाया गया है जिस पर तहसील का नया ताला लगा दिया गया है।

# प्रधानमंत्री के कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का मंत्री और पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

सूचना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व व न्यू इण्डिया/2047 एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर कलेक्ट्रेट परिसर में लगायी गयी 15 दिवसीय प्रदर्शनी का मंत्री ने फीताकाटकर किया उद्घाटन। मंत्री ने कहा प्रदर्शनी देखकर लोग जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ेगे और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित होगें।केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी उन्होंने जन सामान्य से अपील की कि योजनाओं पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देख कर जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस उपलक्ष्य में दिनांक-17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत सूचना विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण असीम अरुण ने पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पार्टी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर का उद्घाटन किया। इस मौके पर माननीयों द्वारा लगायी गयी भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि प्रर्दशनी का उद्देश्य है योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना। जिन लोगों ने योजनाओं का लाभ नहीं लिया है उनके लिए प्रर्दशनी बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहा कि प्रर्दशनी में सफलता की कहानियां भी प्रदर्शित की जा रही है, जिन लोगों को लाभ मिलना चाहिए, जो उसके पात्र हैं, हम उनकों आमंत्रित कर रहें है, और हम उनके घर भी पहुंच रहें हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री का जो संकल्प है विकसित भारत बनाने का, सबको साथ लेकर के चलने का, कोई भी व्यक्ति, समुदाय पीछे न छूटनें पाए, यह विकसित भारत की असली तस्वीर है। कहा कि प्रर्दशनी के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की विस्तृत जानकारी रोचक पोस्टरों के माध्यम से दी गयी है। इससे जनपदवासी का ध्यान आकर्षित होगा और आम नागरिकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। जिलाधिकारी जनपदवासियों से अपील की है विकसित उत्तर प्रदेश/2047-समर्थ उत्तर प्रदेश-अभियान के तहत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देख कर जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाये और प्रदर्शनी चित्र पर दिये गए क्यूआर कोड को स्केन कर विकसित उत्तर प्रदेश2047 के लिए अपने सुझाव भी दे सकतें है। कहा कि प्रर्दशनी का आयोजन दिनांक-02 अक्टूबर तक किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी आलोक कुमार यादव, मोश शारिक खान सहित अन्य संबंधित अधिकारी व विवेक पाठक सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एमआईएम का सुभासपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आल इंडिया मजलिस-ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नेताओं ने सुभासपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। ये सभी लोग एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष पर की जा रही टिप्पणियों से खफा हैं और एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मो. इशरत खान की अगुवाई में गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं का हुजूम पुलिस कार्यालय पहुंचा। यहां एसपी बिनोद कुमार से मुलाकात कर पार्टी नेताओं ने ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के खिलाफ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अभद्र टिप्पणियां कर रहे। उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे। जिससे एआईएमआईएम पार्टी के कार्यकर्ता खुद असुरक्षित महसूस कर रहे। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

### सुभासपा नेताओं को बताया पीला मेढक

एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष इशरत खान ने सुभासपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पीला मेढक कह दिया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ओपी राजभर की पार्टी के लोग पीले मेढक हैं, जोकि बरसात के सीजन में ही नजर आते हैं। ऐसे लोगों की औकात नहीं कि मेरी पार्टी के नेता के लिए अभद्र टिप्पणी करें।

### बयान देते वक्त फिसलते बची जुबां

प्रदर्शन करने पुलिस ऑफिस पहुंचे एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष मीडिया से बात करते हुए जोश में आ गए। कैमरे के सामने बयान देते हुए उन्होंने कहा कि अगर हमारी पार्टी के लोग अपने पे उतर आए तो कानून व्यवस्था तार-तार। इतना कहने के बाद उन्होंने बात को सम्हाला और बोले कि पीले मेढक कानून व्यवस्था को तार-तार करना चाहते हैं। उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

# अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के 24 लम्बित मामलो की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989, संशोधित नियम-2016 के अंतर्गत पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु जिला स्तरीय सतर्कता/ मॉनिटरिंग समिति तथा रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार उत्पीड़न योजना के अंतर्गत लंबित 24 प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन से बजट प्राप्त होते ही सभी पात्र पीड़ितों को धनराशि तत्काल आवंटित की जाए। उन्होंने कहा कि जिओ-टैगिंग के अनुसार प्रत्येक प्रकरण की स्पष्ट व सटीक रिपोर्ट तैयार की जाए और उसे समय से शासन को उपलब्ध कराया जाए। यह भी कहा इस योजना का मुख्य लक्ष्य पीड़ितों को न्याय, आर्थिक सहयोग, सुरक्षा एवं पुनर्वास सुनिश्चित कराना है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी पात्र पीड़ित को आर्थिक सहायता से वंचित नहीं रखा जाएगा। प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि पीड़ितों को न केवल आर्थिक सहायता बल्कि सुरक्षा, पुनर्वास एवं न्याय की गारंटी भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना से जुड़े आर्थिक एवं प्रशासनिक प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा सभी लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महत्व एवं जनभावनाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलम्ब कदापि स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि कार्यवाही पूरी तरह पारदर्शी एवं समयबद्ध होनी चाहिए ताकि प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से निवारण करता है। किसी भी व्यक्ति पर झूठा मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। झूठा मुकदमा दर्ज करने वालों के विरुद्ध धारा 182 आईपीसी के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति झूठा मुकदमा दर्ज कराकर बाद में उसे वापस लेता है तो ऐसे व्यक्ति से वसूली भी की जाएगी।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कंपनी ने बांटे बैग व स्वच्छता किट



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

नवाबगंज। विकासखण्ड के गौरा कठेरवा गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार को अमेज़ॉन कंपनी के अधिकारियों ने विद्यालय की छात्राओं को स्कूल बैग और मेडिकल किट वितरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने कंपनी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के सामाजिक दायित्व वाले कार्य शिक्षा को बढ़ावा देने में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने छात्राओं को मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम में अमेज़ॉन कंपनी की पूरी टीम ने बच्चों को उपयोगी सामग्री सौंपी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की वार्डन रश्मि यादव ने अमेज़ॉन और बीएसए संगीता सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जया दुबे, संध्या साहू, भावना सिंह, रोली तिवारी और पूर्व एआरपी आशुतोष सिंह भी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया।

# परामर्श लेकर ही दवाई का सेवन करें: डॉ. इम्तियाज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

निःशुल्क मेडिकल कैम्प जैसे आयोजनों से समाज के गरीब और असहाय लोगों की मद्द होती है। उक्त बात गुरुवार को देवा रोड स्थित ग्राम चंदौली के औरंगाबाद मोड़ स्थित मैरीलैंड हॉस्टिपटल द्वारा आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प के दौरान डा. इम्तियाज अहमद ने व्यक्त की। मेडिकल कैम्प में 300 मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गयी। मैरीलैंड हॉस्पिटल के निदेषक डा. इम्तियाज अहमद ने मेडिकल कैम्प में आये मरीजों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी और स्वस्थ रहने के उपाय बताए। उन्होंने आगे कहा कि हल्का बुखार, नजला आदि होने पर स्वयं दवाई न लें, बल्कि चिकित्सक से परामर्श लेकर ही दवाई का सेवन करें। मेडिकल कैम्प में डा. फरहीन, डा. अदनान, अली किदवाई, आसिफ खान आदि शामिल रहे।

# आशा बहु को सम्मानित कर सम्मान समारोह मनाया गया

## मोहान विधायक ब्रजेश रावत और ग्राम प्रधान तारावती पाल व पुत्र पुत्तन लाल पाल ने संयुक्त रूप से केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया।

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**




बृहस्पतिवार को विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के मजरा भिखारी खेड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस और सिंघनापुर में नव चयनित आशा बहू रीना रावत का सम्मान समारोह ग्राम प्रधान तारावती पाल के पुत्र पुत्तन लाल पाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मोहान विधायक ब्रजेश रावत और ग्राम प्रधान तारावती पाल उनके पुत्र पुत्तन लाल पाल ने संयुक्त रूप से केक काटकर प्रधानमंत्री का जहाँ जन्म दिवस मनाया। वही ग्राम पंचायत सिंघनापुर में कई वर्षो से रिक्त चल रहे आशा बहू के पद पर रीना रावत के चयनित और आठ दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव आने पर मोहान विधायक ब्रजेश रावत द्वारा सम्मान पत्र देकर जहां रीना रावत को सम्मानित किया वही गांव की महिलाओं ने पुष्पमालाओ से सम्मानित किया और पुरुषों ने गुलदस्ता भेंटकर आशा बहू रीना रावत को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर रूपा राजरानी कामिनी कल्पना लाल बहादुर जगन्नाथ विशेश्वर यादव सजीवन चंद्रपाल अमरपाल हरिराम मौर्या सीमा कलावती छोटेलाल सहित ग्राम भिखारी खेड़ा करसेमऊ और सिंघनापुर के तीन सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# छिबरामऊ पुलिस ने 07 किलो गांजे के साथ एक अभियुक्त को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



छिबरामऊ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अकबरपुर से मदारपुर जाने वाले रास्ते पर दबिश देकर राजीव कुमार पुत्र बाँकेलाल गुप्ता निवासी ग्राम अकबरपुर सरायघाघ, थाना कोतवाली कन्नौज, उम्र लगभग 48 वर्ष को 07 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास में पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें मुकदमा संख्या 425/2019 धारा 306 भादवि, थाना कोतवाली कन्नौज मुकदमा संख्या 70/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना विशुनगढ़ मुकदमा संख्या 522/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना छिबरामऊ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसएचओ विष्णुकान्त तिवारी, उपनिरीक्षक गजेन्द्रपाल सिंह, हेड कांस्टेबल संदीप सिंह व हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह शामिल रहे। यह कार्रवाई ÷मादक पदार्थों से सम्बन्धित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान÷ के तहत की गई।

# भ्रष्टाचार को लेकर भाकियू ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




रामनगर। भारतीय किसान यूनियन भदौरिया संगठन ने गणेशपुर मोड़ निकट रेलवे स्टेशन चैकाघाट पर विशाल किसान महापंचायत आयोजित की। अपने विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार विजय विकास तिवारी को सोपा गया।ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि बुढ़वल चीनी मिल को तत्काल चलाया जाए, ताकि किसानों की गन्ना उपज बर्बाद न हो। तहसीलों में असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय कराने के लिए किसानों को बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे वे बेहद परेशान हैं। संजय सेतु के जर्जर होने से लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है, इसलिए दूसरा पुल तत्काल बनाया जाए। वहीं मरकामऊ-चैकाघाट मार्ग पर बना पुल महज छह महीने में ही जर्जर हो गया, जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई।शिक्षा व्यवस्था में फैली अनियमितताओं पर भी किसानों ने सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि रामनगर पीजी कॉलेज में तथ्यों को छुपाकर कार्यरत डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा को बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा जिले के अधिकांश स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में बिना नेट और पीएचडी के शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इसकी भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन में किसानों ने यह भी कहा कि धरना आंदोलनों में दर्ज किए गए सभी मुकदमों को वापस लिया जाए। बिजली विभाग की मनमानी पर भी गहरी नाराजगी जताते हुए कहा गया कि बकाया बिल होने पर उपभोक्ताओं के मीटर उखाड़ लिए जाते हैं या लाइन काट दी जाती है, जबकि बिल सही करने की जिम्मेदारी विभाग की है।

ऐसी कार्यवाही बंद होनी चाहिए। इसके साथ ही किसानों ने मांग रखी कि जनपद के सभी ब्लॉकों में मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कर भ्रष्ट अधिकारियों और प्रधानों पर कार्रवाई की जाए।महापंचायत में कृष्ण पाल शर्मा दीक्षित जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह, राम सिंह रावत, जहाजी काका, दीपू अवस्थी, अवधेश यादव, शीतल बख्श सिंह, प्रेम सिंह, रामानंद गौतम ,आनंद सिंह सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

# अतिक्रमण नियंत्रण एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता दें: शशांक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

गुरुवार को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित जिले के अन्य सम्बंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यो की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जनपद के सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए सभी निकाय गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से अपेक्षा की कि स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज हो तथा किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्ज़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई की जाए और जुर्माना वसूला जाए। साथ ही, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों में निर्माणाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन मंडपों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए ताकि जनता को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के विषय में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक निकाय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए तथा तालाबों को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर इन्हें आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाए।

# अस्पताल परिसर में गंदगी देखकर नाराज हुए डिप्टी सीएम



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

जिला अस्पताल में गुरुवार की दोपहर लगभग 2 बजे डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह गंदगी, जलभराव और लापरवाही सामने आई। दीवारों पर जाले, ब्लड बैंक की अलमारियों पर धूल और हर्बल गार्डेन में खरपतवार देख मंत्री भड़क उठे। उन्होंने सभी सफाई कर्मियों का एक दिन का मानदेय रोकने और तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएम ने ब्लड बैंक का स्टॉक रजिस्टर देखा और पर्याप्त ब्लड यूनिट मिलने पर संतोष जताया, लेकिन गंदगी देख नाराज हो गए। वाटर कूलर की संख्या बढ़ाने और जाले साफ कराने को कहा। एक्सरे कक्ष व डायलिसिस यूनिट के पास जलभराव और मच्छरों के लार्वा पाए जाने पर सफाई सुपरवाइजर को फटकार लगाई। मंत्री ने फर्जी सफाई कर्मियों पर भी जांच कराने के निर्देश दिए। सीएमएस कक्ष में लटकती वायरिंग पर तीखी टिप्पणी करते हुए इसे तत्काल दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने सीएमओ को सीएचसी, पीएचसी और आरोग्य मंदिरों का भी नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। वार्ड में भर्ती मरीजों ने मंत्री के सामने तकिया और बेडशीट न मिलने, नर्सों के खराब व्यवहार और अन्य कमियों की शिकायतें रखीं। जिस पर डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी।

### स्क्रैप बेचकर बढ़ाओं सुविधाएं

डिप्टी सीएम ने कहा कि अस्पताल की छतों पर पड़ा स्क्रैप और कबाड़ वाहनों को बेचकर उससे मिलने वाली रकम को मरीजों की सुविधाओं पर खर्च किया जाए। रोगी कल्याण समिति के बजट से अस्पताल का सौंदर्यीकरण और पार्कों की सफाई कराने का निर्देश दिया।

### शिकायतों की होगी जांच

निरीक्षण के दौरान भाजपा नेताओं ने डिप्टी सीएम के सामने चिकित्सकों पर बाहर से दवाएं-जांच लिखने और ऑपरेशन के नाम पर वसूली की शिकायत की। फार्मासिस्टों की मनमानी का भी मुद्दा उठा। मंत्री ने सीएमओ व सीएमएस को जांच कर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# अभी से हवा में बढ़ने लगा 'जहर'

## दिल्ली-एनसीआर में रहने वालों की घट रही उम्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि सर्दियां आते ही राजधानी दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण और धुंध से घिर जाता है। वायु प्रदूषण राजनीति के विषय से इतर सेहत के लिए गंभीर चिंता का कारण रहा है जिससे हर साल लोगों को दो-चार होना पड़ता है। इस बार का मामला थोड़ा और डराता दिख रहा है। सितंबर के मध्य से ही दिल्ली-एनसीआर में धुंध का असर दिखने लगा है। वायु प्रदूषण की हालिया खबरों के मुताबिक हवा की गुणवत्ता अभी से खराब होनी शुरू हो गई है। बुधवार (17 सितंबर) को सुप्रीम कोर्ट ने भी इसपर चिंता जाहिर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि वायु प्रदूषण चिंताजनक है। किसान देश के लिए महत्वपूर्ण हैं, पर इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें बिना रोक-टोक पराली जलाने दी जाए। शीर्ष कोर्ट ने सुझाव दिया कि किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए गिरफ्तारी समेत कठोर दंड लागू किए जा सकते हैं, ताकि इससे होने वाले वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। गौरतलब है कि कई रिपोट्र्स में विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि बढ़ता प्रदूषण सेहत के लिए न सिर्फ गंभीर समस्याओं का कारण बनता जा रहा है बल्कि इसके संपर्क में रहने वालों की उम्र भी कम होती जा रही है जोकि काफी डराने वाली बात है। एक हालिया अध्ययन में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर के निवासियों की जहरीली हवा के कारण 8 साल से तक आयु कम हो सकती है।



### वायु में बढ़ता प्रदूषण घटा रहा है उम्र

हाल ही में अमेरिका स्थित शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट की एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत के लिए सबसे गंभीर स्वास्थ्य खतरा बनकर उभरा है, जिससे देश की औसत जीवन प्रत्याशा 3.5 वर्ष कम हो रही है। अध्ययन में पाया गया है कि जहरीली हवा भारतीयों के लिए खतरनाक है। बचपन और मातृ कुपोषण के मुकाबले ये जीवन के लगभग दोगुने साल छीन लेती है वहीं अशुद्ध जल, स्वच्छता और हाथ धोने के प्रभाव की तुलना में पांच गुना अधिक प्रभावित होती है। भारत में अधिकतर लोग विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से अधिक प्रदूषण वाले इलाकों में रहते हैं। डब्ल्यूएचओ के स्टैंडर्ड के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली-एनसीआर के लोगों की उम्र करीब 8.2 साल कम होती जा रही है।

### शरीर के हर अंग पर प्रदूषण का होता है असर

वायु प्रदूषण का मतलब है हवा में हानिकारक गैसों, धूल के कण (पीएम2.5, पीएम10), धुआं, औद्योगिक रसायन और वाहन से निकलने वाला धुआं का मिल जाना। ये प्रदूषक हमारी सांसों के जरिए शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल करीब 70 लाख लोगों की समय से पहले मौत वायु प्रदूषण के कारण होती है। सबसे खतरनाक तत्व पीएम2.5 है, जो बाल की मोटाई से भी 30 गुना छोटा होता है। यह हमारे फेफड़ों में गहराई तक जाकर खून तक पहुंच सकता है और धीरे-धीरे शरीर के हर अंग को प्रभावित करता है। इसे 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि इसका असर तुरंत नहीं दिखता, बल्कि धीरे-धीरे बीमारियां पैदा करता है।

### हृदय और फेफड़ों पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वायु प्रदूषण का सीधा असर हमारे फेफड़ों पर पड़ता है। लगातार धूल और धुएं में सांस लेने से ब्रॉन्काइटिस, अस्थमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी बीमारियां हो सकती हैं। खासकर बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित होते हैं क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 20 लाख मौतें फेफड़ों की बीमारियों से होती हैं, जिनमें वायु प्रदूषण का बड़ा योगदान है। फेफड़ों के अलावा इससे हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। पीएम 2.5 खून में घुलकर इसे गाढ़ा बना देते हैं, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की एक स्टडी बताती है कि प्रदूषण से हृदय रोग का खतरा 20 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

### वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

बुधवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोड़ों को निर्देश दिया कि वे सर्दियों से पहले वायु प्रदूषण को रोकने के उपायों का ब्योरा तीन सप्ताह के भीतर तैयार करें। सर्दियों में प्रदूषण काफी बढ़ जाता है। पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोडों में खाली पदों को लेकर नाखुशी जाहिर की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब सरकारों को तीन माह के भीतर इन्हें भरने का आदेश दिया।

# गांधीनगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

## साबरमती नदी के किनारे 700 अवैध निर्माणों पर चले बुलडोजर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात के राजधानी गांधीनगर में गुरुवार तड़के एक बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू हुई, जिसमें प्रशासन ने साबरमती नदी के किनारे सरकारी जमीन पर बने सैकड़ों अवैध ढांचों को गिराना शुरू किया। इस मेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान में करीब 700 अवैध निर्माणों की पहचान की गई है। इनमें से 150 ढांचों को गुरुवार दोपहर तक तोड़ दिया गया, जबकि बाकी पर कार्रवाई जारी है।

### तड़के सुबह चार बजे शुरू हुआ अभियान

गांधीनगर के पेटापुर इलाके में यह अभियान सुबह 4 बजे शुरू हुआ। इसमें गांधीनगर नगर निगम (जीएमसी), राज्य के रोड्स एंड बिल्डिंग्स (आरएंडबी) विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए 700 पुलिसकर्मी, जिनमें कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं, तैनात किए गए।

### 20 टीमों की निगरानी में चलाया गया अभियान

मामले में जिले के पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने जानकारी दी कि यह पूरा अभियान 20 टीमों की निगरानी में चल रहा है। उन्होंने बताया, %करीब 1 लाख वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का लक्ष्य है। यह जमीन साबरमती नदी के किनारे स्थित है। अब तक 150 अवैध मकान और दुकानों को तोड़ा जा चुका है। हमें उम्मीद है कि अगले दो से तीन दिनों में यह पूरा अभियान खत्म हो जाएगा। पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि जिस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा रहा है, उसकी बाजार कीमत करीब 1,000 करोड़ रुपये है।

### प्रशासन के फैसले पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

प्रशासन के मुताबिक, यह कार्रवाई लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए की जा रही है। जैसे-जैसे तोड़फोड़ आगे बढ़ेगी, पूरे इलाके को खाली कर वहां नियोजित विकास कार्य किए जाएंगे।स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर हलचल बनी हुई है। कुछ लोग प्रशासन के फैसले का समर्थन कर रहे हैं, जबकि प्रभावित परिवारों में नाराजगी भी देखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई के पहले लोगों को नोटिस और पर्याप्त समय दिया गया था, ताकि वे अपने ढांचों को स्वयं हटा सकें।

### अभियान की खास बातें

- कुल 700 अवैध निर्माण चिह्नित, अब तक 150 ढांचे ध्वस्त।
- अभियान सुबह 4 बजे शुरू हुआ।
- 20 टीमें जीएमसी और आरझएंडबी विभाग की निगरानी में काम कर रहीं।
- 700 पुलिसकर्मियों की तैनाती सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए।
- लगभग 1 लाख वर्ग मीटर जमीन को कब्जामुक्त करने का लक्ष्य।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अदाणी समूह को सेबी ने दी क्लीन चिट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग मामले में अदाणी समूह को शेयर बाजार नियामक सेबी से बड़ी राहत मिली है। सेबी ने गुरुवार को अरबपति गौतम अदाणी और उनकी समूह कंपनियों, जिनमें अदाणी पोट्र्स और अदाणी पावर शामिल हैं, के खिलाफ अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से लगाए गए स्टॉक हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया। यह आदेश अदाणी पोट्र्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, अदाणी पावर लिमिटेड, एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, गौतम शांतिलाल अडानी और राजेश शांतिलाल अदाणी पर लागू होता है। मामले पर विचार करने के बाद, सेबी ने कहा कि उसने बिना किसी निर्देश के नोटिस प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्यवाही को समाप्त करने का निर्णय लिया है। अमेरिका स्थित वित्तीय अनुसंधान फर्म और शॉर्टसेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गयाथा कि एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड का उपयोग विभिन्न अदाणी समूह कंपनियों से सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध अदाणी पावर को वित्तपोषित करने के लिए धन भेजने के साधन के रूप में किया गया था।

### भारतीय वस्तुओं पर निर्यात शुल्क घटा सकता है अमेरिका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद अगले दो महीनों में सुलझ सकता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अमेरिका की ओर से भारत के खिलाफ लगाया गया दंडात्मक टैरिफ वापस लिए जाने की संभावना है। नागेश्वरन ने यह भी संकेत दिया कि पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर लगभग 15 प्रतिशत करने के लिए बातचीत चल रही है। इससे निर्यातकों में आशा की किरण जगी है। मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीईए ने यह बात कही।

### देश में 8.5 करोड़ से अधिक की संपत्ति वाले परिवारों की संख्या 90 प्रतिशत बढ़ी, मुंबई सबसे आगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत की समृद्धि में नाटकीय वृद्धि हुई है। देश में 8.5 करोड़ या उससे अधिक की नेट वर्थ वाले परिवारों संख्या 2021 के 4.58 लाख से 90 प्रतिशत बढ़कर 2025 में 8.71 लाख हो गई है। मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में यह दावा किया गया है। मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया इंडेक्स (एमबीएचएक्स) और लक्जरी उपभोक्ता सर्वेक्षण 2025 के साथ जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार मुंबई को 1.42 लाख अमीर परिवारों के साथ देश के करोड़पतियों की राजधानी कहा गया है। इसके बाद दिल्ली (68,200) और बेंगलुरु (31,600) का स्थान है। महाराष्ट्र 1.78 लाख करोड़पति परिवारों के साथ देश में सबसे आगे है। इसका जीएसडीपी के इजाफे में 55त्न योगदान है। रिपोर्ट के अनुसार मर्सिडीज-बेंज की बिक्री नए अरबपतियों, सेंसेक्स के प्रदर्शन और जीडीपी का एक संयुक्त संकेतक है। एमबीएचएक्स नाम का यह संकेतक लगभग 200 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश के करोड़पतियों की संपत्ति में मजबूत वृद्धि इजाफा हुआ है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि करोड़पति डिजिटल भुगतान (यूपीआई एप 35प्रतिशत), शेयर, रियल एस्टेट और सोने को अपने शीर्ष निवेश के रूप में पसंद करते हैं। दूसरी ओर, रोलेक्स, तनिष्क, एमिरेट्स और एचडीएफसी बैंक उनके सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले ब्रांड रहे। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा, भारत का धन सृजन वास्तविक और लचीला है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि यह सूचकांक भारत के संपन्न वर्ग की नब्ज और उसके विकसित होते विलासिता उपभोग पैटर्न को दर्शाता है।



# असम विदआउट भाजपा वाले वीडियो पर बवाल

## कांग्रेस बोली, बीजेपी आईटी सेल फैला रही नफरत, थाने में शिकायत दर्ज



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

गुवाहाटी असम कांग्रेस ने गुरुवार को राज्य भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी की सोशल मीडिया इकाई एआई-जनरेटेड वीडियो जारी कर समाज में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने दावा किया कि इन वीडियो के जरिए खासतौर पर मुस्लिम समुदाय और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को निशाना बनाया गया है। इस मामले में कांग्रेस ने दिसपुर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन बेदब्रत बोरा ने भाजपा की सोशल मीडिया सेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप है कि इन वीडियो का मकसद सांप्रदायिक विद्वेष फैलाना, धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और अपराधी साजिश रचना है। बोरा ने कहा कि यह कदम सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, जो इस समय बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) चुनावों के लिए लागू है।

### भाजपा नेताओं पर सीधे आरोप

कांग्रेस की शिकायत में कहा गया है कि जिम्मेदारी असम भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया, पार्टी की सोशल मीडिया इकाई के सह-संयोजक शेखरज्योति बैश्य और अन्य अज्ञात पदाधिकारियों पर है। बोरा ने मीडिया को बताया कि यह वीडियो असम विदआउट भाजपा शीर्षक से 15 सितंबर को जारी किया गया, जिसमें राज्य को मुस्लिम बहुल दिखाने की कोशिश की गई।

### वीडियो की सामग्री पर आपत्ति

बोरा ने कहा कि वीडियो में सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस बिक्री की वैधता, इस्लामी प्रतीकों से सजाए गए स्थलों, 90 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बढ़े-चढ़े दावों और शरीया जैसे कानून लागू करने की तस्वीरें दिखाई गईं। वीडियो के अंत में संदेश था कि अपने वोट सोच-समझकर डालें। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह सामग्री नफरत और डर फैलाने के लिए बनाई गई है।

### कांग्रेस नेताओं पर निशाना

कांग्रेस का आरोप है कि वीडियो में राहुल गांधी और गौरव गोगोई की छवि को भी खराब करने की कोशिश की गई। बोरा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी 12 सितंबर को इसी तरह का वीडियो जारी किया गया था। उन्होंने इसे असम की नाजुक सांप्रदायिक स्थिति के लिए खतरनाक बताया और पुलिस से फॉरेंसिक जांच कराकर भाजपा सोशल मीडिया इकाई के उपकरण जब्त करने की मांग की।

### पोस्ट हटाने की मांग

बोरा ने पुलिस से कहा कि आईटी एक्ट, 2000 के तहत संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो तुरंत हटाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि यह और ज्यादा न फैल सके। साथ ही, इस मामले की जानकारी असम राज्य चुनाव आयोग को भी दी जानी चाहिए। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और कहा है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा का पलटवार

इस बीच भाजपा लगातार अपने एक्स हैंडल पर वीडियो साझा कर रही है। पहला वीडियो असम विदआउट भाजपा शीर्षक से जारी हुआ था, जिसमें दावा किया गया कि अवैध प्रवासी गुवाहाटी, हवाई अड्डे, स्टेडियम, चाय बागान और रंगघर जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर कब्जा कर लेंगे। वीडियो में लिखा गया कि हम इस 'पाइजान' के सपने को सच नहीं होने देंगे। भाजपा गौरव गोगोई को 'पाइजान' कहकर संबोधित करती रही है।

### कांग्रेस का विजन

गोगोई ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य एक ऐसा समाज बनाना है जहां युवा पायलट, इंजीनियर, डॉक्टर, उद्यमी, बैंकर और बिजनेस मालिक बनें। उन्होंने कहा कि हम एक बड़े असम का निर्माण करना चाहते हैं, जहां मेहनत नफरत से बड़ी हो, शालीनता अहंकार पर भारी पड़े और लोकतंत्र तानाशाही को हराए।

### भाजपा की प्रतिक्रिया

भाजपा ने गोगोई के बयान पर तंज कसा और कहा कि विजनरी पाइजान ऐसा असम बनाना चाहते हैं जहां उनकी अपनी पीढ़ी कदम रखने की हिम्मत न करे। भाजपा ने लिखा कि गोगोई का बोर असम केवल कांग्रेस और उसके समर्थकों के लिए सुरक्षित होगा।

### सरकार का रुख

असम के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पियूष हजारिका ने कहा कि भाजपा के वीडियो केवल अवैध प्रवासियों से बदलती जनसांख्यिकी की चेतावनी देते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अगर मुद्दा अवैध प्रवासियों का है तो उन्हें 'इस्लामोफोबिया' क्यों दिख रहा है? वहीं, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस और गोगोई पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों का भी मजाक बना रहे हैं। उन्होंने गोगोई को अमूल बेबी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को केवल पीआर से आगे बढ़ने की आदत है।

### गोगोई का पलटवार

गोगोई ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उसकी आईटी सेल के बनाए शब्द, तस्वीरें और वीडियो असम समाज को जरा भी प्रभावित नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि असम का गौरव संत श्रीमंत शंकरदेव, आजन पीर, स्वर्गदेव सिउकाफा, लाचित बरफुकन और भूपेन हजारिका जैसे विभूतियों से बना है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वे गाय, कोयला, पान और नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े लोगों के इशारों पर राजनीति कर रहे हैं।

# एएनएससीबीएल ऋण घोटाले में गिरफ्तार पूर्व सांसद को ईडी कोलकाता लेकर गई, 500 करोड़ के घोटाले में होगी पूछताछ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को एएनएससीबीएल ऋण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व कांग्रेस सांसद कुलदीप राय शर्मा को कोलकाता लेकर गई। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी, कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने बुधवार शाम को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत एएनएससीबीएल (अंडमान और निकोबार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड) के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप राय शर्मा, एएनएससीबीएल के पूर्व प्रबंध निदेशक के मुरुगन और पूर्व ऋण अधिकारी के कलैवानन को गिरफ्तार किया था। पीएमएलए की विशेष अदालत (पीएमएलए) ने उन्हें आठ दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। कुलदीप राय शर्मा, मुरुगन और कलैवानन को गुरुवार को ईडी के अधिकारी पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता ले गए।

### मई में दर्ज हुई थी शिकायत

अंडमान और निकोबार पुलिस के अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने बैंक अधिकारियों और अन्य के खिलाफ 15 मई 2025 को एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। जुलाई, 2025 को अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने ऋण अनियमितताओं के मामले में पूर्व सांसद और एएनएससीबीएल के पूर्व अध्यक्ष को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सहकारी समितियों के उप-पंजीयक (मुख्यालय) की एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई थी।

# मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं, 75 साल की उम्र वाले सवाल पर बोले शरद पवार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि वे 85 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और इसलिए उनके पास यह नैतिक अधिकार नहीं है कि वे यह तय करें कि 75 साल से अधिक उम्र के नेताओं को सार्वजनिक जीवन से पीछे हटना चाहिए या नहीं। पवार ने यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में 75 वर्ष के होने के बाद उठे राजनीतिक विमर्श के बीच दिया। पत्रकारों ने जब पवार से सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद सार्वजनिक जीवन से पीछे हट जाना चाहिए, जैसे कभी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ने किया था, तब उन्होंने साफ कहा कि भाजपा में अब लोग कहते हैं कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि 75 से ज्यादा उम्र वाले नेताओं को पीछे हटना चाहिए। मैं खुद 85 का हूं, तो मेरे पास कोई नैतिक अधिकार नहीं कि इस पर टिप्पणी करूं।

# गाजियाबाद की नीलाया ग्रीन्स सोसाइटी के बाहर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**



मेरठ रोड स्थित नीलाया ग्रीन्स सोसाइटी के रेजिडेंट्स के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना सामने आई है। रेजिडेंट्स की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, भावना चौहान नीलाया ग्रीन्ह में किराए पर रहती है। बुद्धवार देरशाम करीब साढे दस बजे वे उनके पति नमन चौहान और बेटे अरीश चौहान के साथ सब्जी लेने निकले थे। तभी सोसाइटी के सामने वीर जी चाप की दुकान से कुछ लोग बाहर आए और उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही सोसाइटी से बडी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि सोसाइटी के बाहर की दुकानों पर अक्सर अवांछनीय लोगों का जमावडा लगा रहता है। ये गुंडे मवाली टाइप के लोग राह चलती महिलाओं को फब्तियां कसते हैं। शाम होते ही सोसाइटी से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। पीडिता भावना चौहान ने कहा कि उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# भारत में बांग्लादेश-नेपाल जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल: अनुराग ठाकुर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पलटवार किया। अनुराग ठाकुर ने केंद्र और चुनाव आयोग के खिलाफ राहुल गांधी के वोट चोरी आरोप की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत में बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा, भारत का चुनाव आयोग बिना किसी पूर्वाग्रह के काम कर रहा है। राहुल गांधी लोकतंत्र को कमजोर करने, नागरिकों को गुमराह करने और बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश में व्यस्त हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि घुसपैठिए की राजनीति पहले ही राहुल गांधी का एकमात्र एजेंडा है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस के अवैध मतदाताओं को संरक्षण देने के कथित एजेंडे को अनुमति दी गई तो अनुसूचित जातियों, जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के हितों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बार-बार आलोचना किए जाने के बाद चुनाव आयोग का बचाव करते हुए भाजपा नेता ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों एमएस गिल, जो यूपीए सरकार में मंत्री बने थे और टीएन शेषन, जिन्होंने कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों के संबंधों का हवाला देते हुए पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 2023 में अलंद विधानसभा क्षेत्र से नाम हटाने की असफल कोशिश की गई थी। चुनाव आयोग ने खुद इस संबंध में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। चुनाव आयोग पहले ही मोबाइल नंबर और आईपी एड्रेस उपलब्ध करा चुका है। इतना सब होने के बाद कांग्रेस शासित कर्नाटक की सीआईडी ने अब तक क्या किया है?

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)